e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 104

# प्रभात मंत्र

बुधवार
16.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
इस दुनिया में मतलब होने से ही जिक्र है, बिना मतलब के कौन करता किसकी फ़िक्र है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## जेएमएम का खेलगांव में चल रहे दो दिवसीय महाधिवेशन में हेमंत सोरेन के सर पर सजा ताज

# झामुमो सुप्रीमो बने सीएम हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं. राजधानी के खेलगांव में चल रहे पार्टी के दो दिवसीय महाधिवेशन में इसकी घोषणा पार्टी के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन ने की. अपने पुत्र और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथ में पार्टी का कमान सौंपते हुए गुरुजी (शिबू सोरेन) ने इसकी औपचारिक घोषणा की. इससे पहले महाधिवेशन के दूसरे दिन केन्द्रीय सदस्य के साथ संस्थापक संरक्षक की भी घोषणा की गई. केंद्रीय सदस्यों के जिलावार नामों की घोषणा के बाद संस्थापक संरक्षक के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता नलिन सोरेन ने शिबू सोरेन के नाम का प्रस्ताव रखा. जिसका समर्थन मथुरा महतो ने किया. संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन के बनते ही अधिवेशन स्थल जय झारखंड के नारों से गूंज उठा. इसके बाद शिबू सोरेन ने अपने संक्षिप्त भाषण में हेमंत सोरेन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की घोषणा की. जिसका समर्थन उपस्थित सभी सदस्यों ने की. लम्बे समय से पार्टी की कमान संभाल रहे गुरुजी शिबू सोरेन के बाद हेमंत सोरेन के हाथ में झारखंड मुक्ति मोर्चा का कमान दिया गया है. हेमंत सोरेन वर्तमान में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष थे. गुरुजी शिबू सोरेन की खराब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र को देखते हुए हेमंत सोरेन को इससे पहले कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी. कुशल नेतृत्व के साथ पार्टी को पिछले लोकसभा-विधानसभा चुनाव में भारी सफलता दिलाकर हेमंत सोरेन ने अपनी पहचान बनाने में सफल रहे. हालांकि इस दौरान कई बाधाएं भी आई, मगर इसके बाबजूद वे इससे उबरने में सफल हुए.

### हेमंत के नेतृत्व में झारखंड में मजबूत हुआ झामुमो

हेमंत सोरेन ने झामुमो को न केवल झारखंड में मजबूत किया, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाने की दिशा में कदम उठाए. 2019 के विधानसभा चुनाव में हेमंत के नेतृत्व में झामुमो ने 30 सीटें जीतकर भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर किया. इंडिया गठबंधन ने 47 सीटें हासिल कीं. इसके बाद उन्होंने 2024 के चुनाव में झामुमो ने 34 सीटों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, और गठबंधन ने 56 सीटें जीतीं. हेमंत ने बरहेट सीट से भाजपा के गमलियल हेम्ब्रम को 39,791 मतों से हराया.हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार के तहत कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की.अबुआ आवास योजना, जिसे झामुमो नेता प्रधानमंत्री आवास योजना से बेहतर मानते हैं. महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता राशि बढ़ाने और सरकारी नौकरियों में आरक्षण जैसे निर्णयों ने उनकी लोकप्रियता बढ़ाई.हेमंत सोरेन का अध्यक्ष बनना झामुमो के लिए एक पीढ़ीगत बदलाव का संकेत है. उनके नेतृत्व में पार्टी ने न केवल स्थानीय स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत की, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी अपनी प्रासंगिकता साबित की. यह बदलाव झारखंड की राजनीति में स्थिरता और निरंतरता का प्रतीक है.




### नए अध्यक्ष हेमंत सोरेन का हुआ फूल मालाओं से भव्य स्वागत

हेमंत सोरेन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर महाधिवेशन में उपस्थित नेताओं ने अपने नए अध्यक्ष का स्वागत फूलों के माला से की. मंच पर उपस्थित नेताओं में बधाई देने वालों में सबसे आगे बसंत सोरेन थे. इसके बाद कल्पना सोरेन, नलिन सोरेन, मथुरा महतो, मंत्री हफिजुल हसन, सुप्रीयो भट्टाचार्य, विनोद पांडे आदि नेता शामिल थे.

**13 सदस्यों को केंद्रीय समिति का सदस्य बनाया गया:** महाधिवेशन में जेएमएम के द्वारा केंद्रीय समिति सदस्य की घोषणा विनोद पांडे ने की. जिसमें कुल 284 सदस्य होंगे. केन्द्रीय समिति में साहिबगंज जिला से पंकज मिश्रा सहित 13 सदस्यों को केंद्रीय समिति का सदस्य बनाया गया. इसी तरह दुमका में शिबू सोरेन, नलिन सोरेन, बसंत सोरेन, आलोक कुमार सोरेन, अब्दुल सलाम अंसारी, लुईस मरांडी सहित 13 सदस्य केंद्रीय समिति के सदस्य होंगे. रांची में सुनील श्रीवास्तव, मधु मंसूरी, मनोज पांडे,अभिषेक कुमार पिंटू, महुआ माजी सहित 14 लोगों को केंद्रीय समिति का सदस्य बनाया गया है.

## क्विक न्यूज

### उत्तर प्रदेश के बहराइच में बस ने ऑटो में मारी टक्कर, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

**बहराइच** : उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच में मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई है और कई घायल हुए हैं। घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इनमें कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और अधिकारियों को मौके पर राहत कार्य में तेज करने के निर्देश दिए हैं।प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यह दुर्घटना गोंडा-बहराइच मार्ग पर खूंटेहना चौकी के कातिलिया के पास हुई है। सभी मृतक और घायल हुजूरपुर थाना क्षेत्र के हीरापुर गांव के रहने वाले हैं। यह लोग एक ऑटो बुक करके पयागपुर थाना क्षेत्र के कोलुहवा गांव में एक रिश्तेदार के घर वलीमा में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बस ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिसमें एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई है। हादसे के बाद गोंडा-बहराइच मार्ग पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज के लिए भेजकर शवों की शिनाख्त में जुट गई। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### आरपीएफ ने पकड़े रेलवे के स्लीपर चोरी करने वाले गैंग के चार सदस्य

**बाराबंकी** : लखनऊ अपराध शाखा की टीम और आरपीएफ की सयुंक्त टीम ने रेलवे का स्लीपर चोरी कर दूसरे शहर में बचने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। टीम ने कानपुर से दो ट्रकों को बरामद किया, जिसमें चोरी गये 255 नग रेलवे के स्लीपर बरामद किया है।बुढ़वल जंक्शन आरपीएफ प्रभारी अजमेर सिंह यादव व लखनऊ अपराध शाखा के निरीक्षक मुकेश कुमार ने मंगलवार को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीमों ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए कानपुर नगर के चंदारी एफसीआई डिपो से दो ट्रकों में चोरी हुए 255 नग रेलवे के स्लीपर बरामद हुए है।आरपीएफ प्रभारी अजमेर सिंह यादव ने बताया कि चार लोग पकड़े गये हैं। यह बड़ा गैंग है, अभी इसमें और बड़े खुलासे होने हैं इसलिए पकड़े गए चोरों के नाम गुप्त रखे गए हैं। बरामद माल की कीमत करीब आठ लाख रुपये हैं। इस गैंग के कई सदस्यों को आरपीएफ तलाश कर रही है, जल्द बड़ा खुलासा किया जाएगा।

### ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा से की पूछताछ

**नई दिल्ली** : प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से हरियाणा के गुरुग्राम स्थित भूमि सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की। हालांकि, वाड्रा ने एजेंसी के समन को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने हरियाणा के गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव की जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को समन भेजकर आज पूछताछ के लिए बुलाया था। यह मामला रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी के गुरुग्राम में जमीन की खरीद से जुड़ा है। जांच के सिलसिले में नया समन मिलने के बाद रॉबर्ट वाड्रा आज सुबह केंद्रीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए ईडी कार्यालय दो किलोमीटर पैदल गए।केंद्रीय जांच एजेंसी से पूछताछ के पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत में ईडी के समन को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। उन्होंने कहा कि पूछताछ में पहले भी ईडी के साथ घंटों बिताए हैं, हजारों पेज के जवाब साझा किए हैं, लेकिन फिर भी केंद्रीय जांच एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है। उन्होंने कहा,अगर मैं देश के मुद्दों पर बोलूं, सरकार की नीतियों की आलोचना करूं या राजनीति में आने की बात करूं, तो मुझे रोकने के लिए पुरानी फाइलें निकाल ली जाती हैं। मैं डरने वाला नहीं हूं।

### अंतर मंडलीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम चयनित

**मुरादाबाद** : जिला फुटबॉल एसोसिएशन महासचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने मंगलवार को बताया कि कानपुर में आयोजित अंडर- 20 पुरुष अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता-2025 (मुहम्मद शमसुद्दीन बाबू भाई ट्रॉफी) का आयोजन 16 से 21 अप्रैल तक किया जाएगा। इसमें प्रदेश की समस्त 18 मण्डलों की टीमें प्रीतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु मुरादाबाद मण्डल की टीम का चयन आज एमपीएस के मैदान पर किया गया। चयनकर्ताओं सहायक सचिव आमिर मिर्जा, सुरेंद्र पाल सिंह व यूपी पुलिस के सीनियर फुटबॉल खिलाड़ी नासिर हुसैन ने टीम का चयन किया।नासिर कमाल ने बताया कि चयनित टीम में जाने आलम, मुहम्मद अमन, मुहम्मद हसन, अभय कुमार, मुहम्मद राजा, गणेश, मुहम्मद एहसान, निखिल कुमार, सरताज मुमताज, हर्षुल चाहल, अनस हुसैन, मुहम्मद शाहनूर, जुबैर खान, तनिष्क प्रतियाल, आमिर अब्बास, प्रियांशु जैन के अलावा टीम कोच नासिर हुसैन रहेंगे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्यूनतम | 13° |

## सभी वेश्यालय बंद हों, तस्करी में शामिल लोगों की संपत्ति जब्त हो : सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : मानव तस्करी को दास प्रथा का आधुनिक रूप बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए कहा है. कोर्ट ने हर राज्य में मानव तस्करी निरोधक ब्यूरो बनाने से लेकर ऐसे मामलों की जांच के लिए नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी जैसी राष्ट्रीय संस्था बनाने की सिफारिश की है. कोर्ट ने इस फैसले में वेश्यालय बंद करने, बच्चों से खतरनाक काम करवाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने और मानव तस्करों की संपत्ति जब्त करने जैसी बातें भी कही हैं. नवजात बच्चों की चोरी कर बेचने वाले एक गिरोह के सदस्यों की जमानत रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारडीवालल और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने 95 पन्नों का विस्तृत फैसला लिखा. कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से सहायता मांगी थी. एनएचआरसी ने रिपोर्ट तैयार करने के लिए भारतीय इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट को चुना था. सुप्रीम कोर्ट ने बर्ड की सिफारिशों को अपने फैसले में जगह दी है.कोर्ट ने सभी राज्यों से कहा है कि वह फैसले के पैराग्राफ 34 में दर्ज की गई सिफारिशों को पढ़ें और उन पर अमल शुरू करें. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चों को तस्करी और खतरनाक कामों से बचाने के लिए ज्युवेनाइल जस्टिस एक्ट और बाल श्रम निषेध कानून के प्रावधानों पर सख्ती से अमल हो. इन कानूनों का उल्लंघन करने वालों को सजा मिले.जो लोग पीड़ित हैं, पुलिस उनका विश्वास जीतने की कोशिश करे. उन्हें ऐसा न महसूस कराए जैसे उनके खिलाफ ही जांच हो रही है.सभी वेश्यालय बंद होने चाहिए. इसके लिए एक्शन प्लान बनाया जाए. वेश्यालय चलाने वाले और पुलिस का गठजोड़ ध्वस्त करने की जरूरत है. यह मानव तस्करी की बड़ी वजह है.वेश्यालय से छुड़ाई गई महिलाओं के लिए सम्मानजनक रोजगार की व्यवस्था बनाई जाए.

> कोर्ट ने सभी राज्यों से कहा है कि वह फैसले के पैराग्राफ 34 में दर्ज की गई सिफारिशों को पढ़ें और उन पर अमल शुरू करें. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चों को तस्करी और खतरनाक कामों से बचाने के लिए ज्युवेनाइल जस्टिस एक्ट और बाल श्रम निषेध कानून के प्रावधानों पर सख्ती से अमल हो.

## तालाब में डूबने से चार बच्चों की मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा** : पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले में मंगलवार को एक फिर बड़ी दुर्घटना हो गयी। सदर थाना क्षेत्र के उड़सुगी में तालाब में नहाने गए आठ बच्चों में से चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर की है। पुलिस ने सभी बच्चों के शव को तालाब से बाहर निकलवाकर सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार उड़सुगी में चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए गांव के आठ बच्चे पास के एक गड्ढानुमा तालाब में नहाने गए थे। किसी अज्ञात व्यक्ति की ओर से खोदे गए गहरे गड्ढे में पानी भरा हुआ था। उसी में नहाने के दौरान चारों बच्चे डूब गए। मृतकों में तीसरी कक्षा का छात्र लक्की कुमार (8), पांचवीं कक्षा का छात्र अक्षय कुमार (12), छठी कक्षा का छात्र हरिओम चंद्रवंशी (13) और नौवीं क्लास का छात्र नारायण चंद्रवंशी (16) शामिल है।

हरिओम और नारायण चंद्रवंशी दोनों सगे भाई थे। वो बाबूलाल चंद्रवंशी के बेटे थे। बाबूलाल की शादी के 15 साल बाद काफी मन्नत के बाद दोनों बच्चों का जन्म हुआ था। वहीं, लक्की कुमार और अक्षय कुमार, बाबूलाल के भाई के नाती थे। घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। माता-पिता ग्रामीण सभी बदहवास होकर दौड़ पड़े। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से चारों शवों को बाहर निकाला और सदर अस्पताल भेजा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिजनों ने कहा कि गांव में किसी के जरिये वन विभाग की जमीन पर दो से तीन सौ फीट गड्ढा खोद कर ऐसे ही छोड़ दिया है, जिसमें जमा पानी में बच्चे नहाने गए थे और मौत हो गई।

## लातेहार में 2 सक्रिय माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

> एसपी कुमार गौरव ने कहा कि लातेहार क्षेत्र में माओवादी संगठनों की ताकत काफी हद तक टूट चुकी है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से कई शीर्षस्थ माओवादी या तो गिरफ्तार हो चुके हैं या मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं।




**संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र**

**लातेहार** : जिले में भाकपा (माओवादी) के दो सक्रिय सदस्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया।आत्मसमर्पण करने वालों में अमरजीत उर्फ काली उर्फ सनी बिरजिया पिता बलराम बिरजिया, निवासी पुनदाग, बलरामपुर (छत्तीसगढ़) व मिथिलेश उर्फ अखिलेश कोरवा पिता जितन कोरवा, निवासी चुनचुना पंचफेड़ी, थाना सामरीपाठ, जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ शामिल है। इन दोनों ने 15 अप्रैल को एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट यादराम बुनकर के समक्ष झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति की नई दिशा से प्रेरित होकर आत्मसमर्पण किया। इस दौरान एसडीपीओ भरत राम बरवाडीह, थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। वहीं मंगलवार को पुलिस सभागार में आयोजित एक समारोह में एसपी श्री गौरव व कमांडेंट श्री बुनकर ने दोनों माओवादियों को बुके और शॉल भेंट कर मुख्यधारा में लौटने पर बधाई दी। मौके पर एसपी कुमार गौरव ने कहा कि लातेहार क्षेत्र में माओवादी संगठनों की ताकत काफी हद तक टूट चुकी है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से कई शीर्षस्थ माओवादी या तो गिरफ्तार हो चुके हैं या मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। जो बचे हुए हैं उनसे हमारी अपील है कि वे मुख्य धारा में लौट कर आत्मसमर्पण करें वरना उनका भी यही हश्र होगा।

## 10 लाख लोगों पर केवल 15 जज



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : देश में 10 लाख की आबादी पर केवल 15 जज हैं, जो लॉ कमीशन की सिफारिश से काफी कम हैं. कमीशन के मुताबिक, 10 लाख की आबादी पर 50 जज होने चाहिए. मंगलवार को जारी 'इंडिया जस्टिस सिस्टम रिपोर्ट' 2025 में यह जानकारी सामने आई है. इस रिपोर्ट के मुताबिक,140 करोड़ लोगों के लिए भारत में 21 हजार 285 न्यायाधीश हैं या प्रति दस लाख की आबादी पर लगभग 15 न्यायाधीश हैं. यह 1987 के विधि आयोग की प्रति दस लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश से काफी कम है. इसके मुताबिक, अलग-अलग हाई कोर्ट में रिक्तियां कुल स्वीकृत पदों का 33 प्रतिशत थीं. रिपोर्ट में 2025 में 21 प्रतिशत रिक्तियों का दावा किया गया, जो मौजूदा न्यायाधीशों के लिए अधिक कार्यभार को दर्शाता है.इसमें ये भी सामने आया है कि राष्ट्रीय स्तर पर जिला अदालतों में प्रति न्यायाधीश औसत कार्यभार 2,200 मामले हैं. इलाहाबाद और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालयों में प्रति न्यायाधीश मुकदमों का बोझ 15,000 है. जिला न्यायपालिका में महिला न्यायाधीशों की कुल हिस्सेदारी 2017 में 30 प्रतिशत से बढ़कर 38.3 प्रतिशत हो गई है और 2025 में उच्च न्यायालयों में यह 11.4 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत हो गई है.यह भी पता चला है कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट (छह प्रतिशत) की तुलना में जिला न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों की हिस्सेदारी अधिक है. वर्तमान में, 25 हाई कोर्ट में केवल एक महिला चीफ जस्टिस है. दिल्ली की जिला अदालतें देश में सबसे कम रिक्तियों वाली न्यायिक शाखाओं में से हैं, जहां 11 प्रतिशत रिक्तियां और 45 प्रतिशत महिलाएं न्यायाधीश हैं.

## बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर हुई कांग्रेस-राजद की बैठक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष के राजनीतिक दल रणनीति बनाने में जुट गए हैं।इसी संदर्भ में मंगलवार को दिल्ली में राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस की बैठक हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाग लिया। आगे की चुनावी रणनीति को लेकर अब 17 अप्रैल को पटना में बैठक बुलाई गई है जिसमें विपक्ष के अन्य दलों के प्रतिनिधियों के भी भाग लेने की संभावना है।कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के आवास पर हुई बैठक में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार शामिल हुए। वहीं, राजद सांसद मनोज झा भी बैठक में शामिल हुए।बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आज की बैठक में महागठबंधन की मजबूत बनाए जाने पर विचार किया गया।
बिहार में इस बार निश्चित तौर पर बदलाव होगा।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ran...
PR NO. 349815 (IPRD) 25-26


# कलम चलना सभी लोग सीखें, यही तकदीर व तस्वीर बदलेगा : संजय रंजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार के दो दर्जनों से अधिक गाँवों में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी 134 वीं जयंती धूमधाम के मनाई गई। जिसमें बाबा साहेब के मानने वाले अनुवाइयों ने सभी व हजारों की मे बाइक व पैदल चलकर ग्राम बारा के खेल मैदान में पहुचें। इसके बाद खेल के ग्राउंड मे बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य व विशिष्ट अतिथि के रूप सेवा निवृत डीआइजी श्री संजय रंजन सिंह व पूर्व जीप सदस्यसीता राम पासवान, थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, राजद जिला अध्यक्ष श्री धनंजय पासवान, क्षत्रिय समाज के प्रखंड अध्यक्ष नंदन कुमार सिंह उर्फ़ चिंटू सिंह, जीप सदस्य सह बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष सुदामा पासवान, उपाध्यक्ष रामगोविंद राम शिक्षक, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, मनीष कुमार, अशोक विश्वकर्मा, विनय कुमार, मुखिया जितेंद्र कुमार भारती ,जितेंद्र कुमार पासवान, रविदास विकास समिति के मुख्य संरक्षक श्री जुदागिर राम शिक्षक,जगदीप कुमार शिक्षक, धनंजय प्रसाद,पूर्व मुखिया विजय प्रसाद गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव, समाज सेवी अजय कुमार, बसपा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार, बीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, शिक्षक अवधेश कुमार राम, रौशन कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष लल्लू राम समेत अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा उनकी चित्रों पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित का कार्यक्रम किया गया। दीप प्रज्वलित कार्यक्रम के बाद बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष व पदाधिकारियों के द्वारा मुख्य व विशिष्ट अतिथि एवं सभी मंचासीन अतिथियों व पत्रकार साथी को अंग वस्त्र व माला देकर सम्मानित किया गया। ग्राम बारा खेल के मैदान से हजारों की संख्या मे बाइक जुलुस भव्य तरीके से शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर विचार मंच के बैनर तले आयोजित की गई थी । कार्यक्रम के नेतृत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती कर रहे थे। शोभा यात्रा ग्राम बारा, नौड़ीहा बाजार, रबदा, सरईडीह, लकड़ाही, खैरादोहर, जवाड़, बलरा, झरहा सहित प्रखंड के भ्रमण करते हुए डुमरी अम्बेडकर चौक के पास बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा के पास पहुंची और उनकी प्रतिमा पर मालायार्पण कर कार्यक्रम सभा में तब्दील कर गई। कार्यक्रम के सम्बोधित करते हुए सेवा निवृत डीआइजी श्री संजय रंजन सिंह ने कहा कि 15 अगस्त 1947 ई को हमारा मुल्क आजाद हुआ और लाल किले पर झंडा को लहराया गया और एक मुल्क हिंदुस्तान ने आजादी के हवा में सांस लिया ।आजादी की पहली लड़ाई मुश्किल से लड़े। दूसरी लड़ाई अभी शुरु हुआ 26 जनवरी 1950 को हमारा देश का पवित्र ग्रंथ, पुराना,रामायण,गीता न कुरान है सबसे पवित्र ग्रंथ भारतीय संविधान है। दलित व सभी वर्ग के समाज के हित में कार्य किया है जिसका दूसरा रूपांतर भारतीय संविधान को माना गया है जिसका नायक व महा नायक बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी थे। वही राजद के जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर हम सभी दलिस समाज के लिए देवतुल्य हैं अगर बाबा साहेब नहीं होते तो दलित समाज व सभी वर्गों के लोगों की आजादी आजादी नहीं मिल पाता। कार्यक्रम में जगह जगह पर जल पान व भोजन की उत्तम व्यव्यस्था समिति के द्वारा किया गया था। जिसमें भव्य रूप से झांकी भी निकाली गई थी जिसमें बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के रूप राम कुमार भारती के अहम भूमिका निभाया गया। मौके पर उपाध्यक्ष गोपाल राम, सलाऊदीन अंसारी, पूर्व मुखिया प्रत्याशी गिरजा राम, डीलर संघ के अध्यक्ष रामचंद्र राम, भोला राम, कृष्णा कुमार, समाज सेवी पंकज राम, पूर्व पंपस लक्ष्मण राम, अम्बिका कुमार, सतेंद्र राम, राम लखन राम शिक्षक, मिथलेश कुमार यादव, राजू यादव, मुन्ना कुमार सिंह,लल्लू राम के अलावा काफी संख्या लोग मौजूद थे। इस कार्यक्रम मे पुलिस प्रशासन एवं नव नियुक्त दंडाधिकारी के रूप में मिथलेश कुमार मुस्तैद थे।

## चौकीदार रामदेव दुसाध का निधन



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सुकमा डेरा निवासी चौकीदार राजदेव दुसाध का निधन हो गया। यह 57 वर्ष के थे। मृत रामदेव दुसाध चौकीदार हुसैनाबाद थाना में पदस्थापित थे। मौके पर अनुमंडलीय चौकीदार संघ के अध्यक्ष सैयद मोहमद हुसैन ने संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि बीते कुछ दिनों पहले उनको हार्ड अटैक आया था जिसका इलाज लाखो रुपये खर्च कर रांची में कराया गया, लेकिन पैसों के आभाव में उनको कुछ दिनों बाद घर वापस ले आया गया, उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद चौकीदार के साथ राजदेव दुसाध का भी वेतन दो महीना का आया था जो बैंक से लिए लोन के कारण पैसा कट गया, हुसैनाबाद के चौकीदार का कई महीनों का वेतन बकाया है जिससे संबंधित ज्ञापन चौकीदार संघ के द्वारा पूर्व में एसडीओ हुसैनाबाद को सौंपा गया था, उन्होंने कहा कि थाना के चौकीदार 24 घंटे अपना ड्यूटी करते है लेकिन समय पर वेतन नही मिलने के कारण चौकीदार इलाज के साथ सही से अपना घर-परिवार नही चला पा रहे है, राजदेव दुसाध का भी निधन कही न कही पैसों के आभाव में इलाज सही से नही होना ही संभावित है, क्योकि रांची में इलाज के दौरान लाखो रुपये खर्च हो गए थे कर्ज भी हो गया था।इनके निधन पर शोक व्यक्त थाना प्रभारी सोनू चौधरी पुर्व मुखिया अनिता देवी समाज सेवी रविन्द्र पासवान बृजदेव राम भूत पूर्व मुखिया संतोष कुमार चौधरी ललन पासवान ददन पासवान शिक्षक विनोद पासवान शिवनाथ पासवान रोजगार सेवक अजय पासवान अखिलेश पासवान प्रदीप पासवान रंजन पासवान चनर्धन राम श्री बैठा ननक पासवान राजेश कुमार रवी सुदेश्वर पासवान अरविंद पासवान असरेश पासवान सहित अन्य ग्रामीण ने किया।

## बजरंग बली की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरी गांव में श्री शिव एवम बजरंगबली मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में सैकड़ो कुंवारी कन्याएं एवं सुहागवती महिलाओं ने भाग लिया। यह शोभा यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर देवरी सोननदी नदी घाट पहुंची। जहां पंडितों के द्वारा वेद मंत्रोच्चारण किया गया और महिलाओं ने कलश में जल संग्रह किया। यात्रा के दौरान कलश यात्री एवं गांव के सभी ग्रामीण जय-राम, जय-जय हनुमान का जय घोष करते चल रहे थे। जिससे कि उस क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के यजमान संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कलश यात्रा से 14 अप्रैल से शुरू हुआ यह धार्मिक कार्यक्रम 18 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा, पुर्णाहुति एवम महा भण्डारा के साथ संपन्न होगा। गांव में इस कार्यक्रम को लेकर हर्ष का माहौल है। कलश यात्रा में शामिल स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में सुख समृद्धि का संचार होता है। जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा कि यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में भक्ति, एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी विनोद कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, अरुण सिंह, दिनेश सिंह, अखिलेश्वर सिंह, अरबिंद सिंह, बद्री नारायण सिंह, महेंद्र सिंह, सत्यनारायण सिंह, बीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह समेत महुअरी शिव व बजरंग बली मंदिर कमिटी के सदस्य मौजूद थे।

# अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अंचल अधिकारी पंकज कुमार का अवैध उत्खनन के खिलाफ अभियान जारी है। अंचल अधिकारी बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ हुसैनाबाद थाना को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार अंचल अधिकारी अपने सहयोगियों के साथ सोमवार की सुबह हुसैनाबाद के सोन नदी किनारे बड़ेपुर, बुधुआ, बराही बालू घाटो पर छापेमारी की जिसमे एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। वही मौके से दो ट्रैक्टर बालू गिराते हुए भागने में सफल रहे। बालू गिराने और भागने के क्रम में एक ट्रैक्टर का सीओ ने फ़ोटो खिंच लिया जिसमे वाहन का नम्बर आ गया है। सीओ ने कहा कि जब्त ट्रैक्टर के अलावे दूसरा ट्रैक्टर जो भागने में सफल हो गया, उसके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा किसी भी हाल में अवैध उत्खनन बर्दाश्त नही किया जाएगा। सीओ ने बताया कि इस मामले को अग्रेतर कारवाई के लिये विभाग को सूचना दी गई है। विदित हो कि हुसैनाबाद क्षेत्र के सोन नदी में बालू की भरमार होने के बाद भी लोग सरकार के गलत नीतियों के कारण इसका लाभ नही ले पा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में जिस नदी का नाम बालू उठाव के लिए नामित है उस नदी में बालू ही उपलब्ध नही है। जिसके कारण क्षेत्र की जनता अधिक मूल्य पर बालू खरीदने को बिवस है। सरकार अगर यथाशीघ्र बालू को लेकर निर्णय नही लेती है तो फिर एनजीटी का रोक लग जायेगा जिससे हुसैनाबाद क्षेत्र का विकास कार्य पूरी तरह अवरुद्ध हो जाएगा।

## नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ने बंशीधर मंदिर, राजा पहाड़ी में पार्क तथा बभनी खांड डैम का सुंदरीकरण कराने की किया है मांग



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को आवेदन प्रेषित कर नगर पंचायत क्षेत्र में बस स्टैंड का निर्माण, श्री बंशीधर मंदिर का सुंदरीकरण, राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर परिसर में पार्क तथा बभनी खांड डैम का सुंदरीकरण कराने की मांग किया है। आवेदन में कहा गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत उक्त सभी योजनाओं को बोर्ड की बैठक में पारित कर सरकार को भेजा जा चुका है। उक्त योजनाओं का निविदा भी प्रकाशित किया जा चुका था। इसके बावजूद लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी यह योजना अधर में लटकी हुई है। नगर पंचायत क्षेत्र चार राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों से सटा हुआ है। यह उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार से जुड़ा है। पर्यटन के दृष्टिकोण से यह काफी महत्वपूर्ण है। यहां भगवान श्रीबंशीधर की प्रतिमा है। महाशया का आगमन भी हाल में ही हुआ था। बंशीधर जी की महिमा से आप भी अवगत हुई है। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ने विनम्र आग्रह करते हुये उक्त सभी योजनाओं को तत्काल कराने का अनुरोध किया है।

## गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल महाविद्यालय सडमा छतरपुर में बहु विषयक शिक्षा और करियर के अवसर एक साथ कई विषय विषय पर ऑनलाइन नेशनल वेबिनार का आयोजन किया गया इस वेबिनार के मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिनव मिश्रा शामिल हुए। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बहु विषयक अध्ययन की अवधारणा को विस्तार से समझाया और बताया कि किस प्रकार विद्यार्थी अब एक साथ विज्ञान, कला, वाणिज्य आदि विषयों का अध्ययन कर विभिन्न क्षेत्रों में करियर की संभावनाएं तलाश सकते हैं।कॉलेज के सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान समय की शिक्षा प्रणाली को लचीला बनाते हुए विद्यार्थियों को बहुविषयक शिक्षा प्रदान करना समय की मांग है। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के अकादमिक और व्यावसायिक विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने वेबिनार के मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बहु विषयक शिक्षा भविष्य की नींव है, और कॉलेज इसके क्रियान्वयन को लेकर प्रतिबद्ध है।इस कार्यक्रम में देश भर से अन्य विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए।

# नये स्कूल में बच्चों को तिलक लगा कर शिक्षिकाओ ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सीरिया टोंगर स्थित बिरला ओपेन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को नये सत्र के लिये नामांकित छात्र छात्राओं का बड़े उत्साह व समर्पण के साथ स्वागत कर प्रवेश कराया गया।स्कूल के निदेशक मनीष सिंह, प्राचार्य रवीश प्रजापति, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने सभी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया।सबसे पहले नर्सरी कक्षा की छात्रा को शाला प्रवेश कराया गया। इसके बाद प्रातः सभा का संचालन शिक्षिकाओं द्वारा किया गया।माँ सरस्वती की तस्वीर के समक्ष छात्रों ने दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर माँ सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर निदेशक मनीष सिंह ने कहा कि बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल एक आधुनिक व उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों की टीम छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये समर्पित है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को न केवल शैक्षिक रूप से सशक्त बनाना है बल्कि उन्हें व्यक्तिगत और सामाजिक रूप से भी विकसित करना है।

## पलामू संसदीय क्षेत्र के लिये खुशखबरी, पलामू एक्सप्रेस का डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर समय सारिणी में हुआ परिवर्तन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम जी के अथक प्रयासों के फलस्वरुप पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 का बरकाकाना से पटना वाया डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रात्रि 10:05 में आगमन एवं 10:10 में होगी प्रस्थान। विदित है कि उक्त ट्रेन का डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर पूर्व में रात्रि 12:30 बजे आगमन एवं 12:35 में प्रस्थान होने से विशेषकर पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को पटना के लिए आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उक्त मामले को लगातार मंडल संसदीय बैठकों एवं माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर पलामू एक्सप्रेस ट्रेन का समय सारणी में परिवर्तन करने का अनुरोध किया था। आज उक्त ट्रेन के समय सारणी में परिवर्तन करने हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। उक्त ट्रेन के समय सारणी में परिवर्तन करने की मांग यहां की जनता के द्वारा लगातार की जा रही थी। अब पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को डालटनगंज से पटना की आवागमन सुगम होगी। इसके लिए माननीय सांसद ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रति पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है।

## डोर टू डोर किये गये सर्वे कार्य की जांच के लिये बीडीओ ने दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने नगर निकाय में पिछड़े वर्ग को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण के लिये डोर टू डोर किये गये सर्वे जांच के लिये प्रतिनियुक्त कर्मियों व पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैठक में उपस्थित कर्मियों को बीडीओ ने नगर निकाय में पिछड़े वर्ग को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण के लिये डोर टू डोर किये गये सर्वे कार्य की जांच के लिये निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य को शीघ्र पूरा करना है। उन्होंने कहा कि प्रतिनियुक्त सभी कर्मी नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डो में डोर टू डोर जाकर इस कार्य को पूरा करें ताकि निर्धारित समय तक जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य मे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही किया जायेगा। बैठक में प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी बिरेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक व कर्मी उपस्थित थे।

# ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के द्वारा पनशाला का किया गया उद्घाटन

## प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का कार्य : अविनाश वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के पहल पर चैनपुर नेउरा स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल द्वारा पंशाला का उद्घाटन किया गया। पंशाला का उद्घाटन संयुक्त रूप से प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव सचिव सतीश अग्रवाल कोषाध्यक्ष आनंद कुमार तथा विद्यालय की निदेशक गजाला अहसन रूबी द्वारा राहगीरो को अल्प आहार एवं पानी पिलाकर किया गया। मौके पर मौजूद प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की तरह मान्यता प्राप्त विद्यालयों को भी पंशाला खोलकर इस तपिश गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया जाना चाहिए। वहीं एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि कोई नहीं रहेगा प्यासा अगर हर जगह खुलती है पंशाला साथ ही प्राचार्य पूनम राज ने कहा कि पानी का मटका लगाया गया है। इससे ग्रामवासियों के साथ राहगीरों की भी प्यास बुझाने में मदद मिल सकती है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्या पूनम राज, इम्तेयाज सर,सुशील कुमार, अखिलेश कुमार, रितेश कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# भंडार अंग्रेज जमाने का बना हुआ स्कूल आज भी शिक्षा के क्षेत्र में रखा है अलग पहचान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** पलामू जिले के बिश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जो आज भी अपना अलग पहचान बनाई बैठी है। अगर बात करें विद्यालय की तो इसकी स्थापना 1850 में अंग्रेज के जमाने में हुई थी, पहले यह विद्यालय मध्य विद्यालय के रूप में क्षेत्रीय विद्यालय इकलौता होने के कारण इस विश्वविद्यालय में काफी दूर से शिक्षा प्राप्त करने के लिए बच्चे आते थे, पर उच्च शिक्षा को लेकर सरकार के द्वारा यह विद्यालय को उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बनाया गया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चो को उच्चतम शिक्षा दिलाई जा सके कुछ ग्रामीण बच्चे ऐसे हैं जो पैसा के अभाव में मैट्रिक पास होने के बाद पूर्ण रूप से पढ़ाई छोड़ दिया करते ऐसे बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। यह विद्यालय मे योग्य शिक्षकों के द्वारा साइंस, कंप्यूटर,मैथ समेत सभी विषयों की तैयारी जोर शोर से कराई जाती है ताकि बच्चे आगे चलकर अपने विद्यालय तथा समाज का नाम रोशन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बना सके। विद्यालय प्रधानाचार्य भीम दुबे ने बताया इस विद्यालय में हमें पदस्थापित होने के बाद कुछ छोटी मोटी समस्याएं थी जिसे मैं तत्काल पूर्ण करने का कार्य किया, ताकि कहीं से भी बच्चो का पाठन, पठन का कार्य बाधित न हो सके दिन प्रतिदिन शिक्षा के क्षेत्र बच्चों के लिए हमारा सदैव प्रयास कुछ बेहतर करने को रहेगा, हमारे विद्यालय में लगभग 400 की संख्या में बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, प्रखंड अस्तर पर देखा जाए तो स्कूल का जमीन भी काफी है गुणवत्ता के रूप में पीएम श्री विद्यालय का अर्हता यह विद्यालय पूर्ण करती है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली बिल जमा करना हो तो इस नंबर पर संपर्क करें

रांची। कोकर स्थित विद्युत कार्यालय का नंबर है 6 20 13 82 4 426 इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। अगर आपको अपने घर में नए मीटर लगानी हो, या फिर नया मीटर लग गया हो और बिजली का बिल समय पर नहीं आ रहा है , बिजली का बिल में किसी तरह की समस्याएं आ रही हो, बिजली बिल आ चुका है और इसका पेमेंट करना हो तो ऑनलाइन पेमेंट कैसे करें, इसकी जानकारी अगर लेनी हो तो आप विद्युत कार्यालय कोकर रांची द्वारा नंबर जारी किया गया है। उक्त व्हाट्सएप नंबर को सेव कर लीजिए और इसी नंबर पर आप अपनी समस्याओं को शेयर कीजिए आपको त्वरित आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा।

### चंद्रलोक पवन रथ बस रांची से गोपालगंज का किया गया शुभारंभ

रांची। धुर्वा बस स्टैंड से गोपालगंज के लिए न्यू चंद्रलोक पवन रथ बस 2/1 एसी स्लीपर का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार सह दे रांची प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी के द्वारा किया गया । इस अवसर पर मुख्य रूप से बस के मालिक पवन कुमार सिंह, भोला झा, सुशील बाजपेई, रंजन सिंह, बेदी सिंह, बीरेंद्र सिंह, गजेशर सिंह, भोला सिंह, गोपाल और कई सारे लोग उपस्थित थे।



# राजभवन में हिमाचल प्रदेश स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में मंगलवार को रांची स्थित राजभवन में हिमाचल प्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड में निवासरत हिमाचल प्रदेश के नागरिक उपस्थित थे। राज्यपाल ने सभी को हिमाचल प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हिमाचल न केवल अपनी नैसर्गिक सुंदरता और आध्यात्मिक विरासत के लिए जाना जाता है, बल्कि यह राज्य वीरता, सेवा और राष्ट्रनिष्ठा की भावना से भी ओतप्रोत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश केवल 'देवभूमि' ही नहीं, बल्कि ऐसी भूमि है जहां की सरल, कर्मठ और राष्ट्रनिष्ठ जनता ने भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में अनुकरणीय भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, हरित ऊर्जा और जैविक खेती जैसे क्षेत्रों में हिमाचल ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। पर्यटन की दृष्टि से भी हिमाचल प्रदेश अब वैश्विक मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश को 'हरित राज्य' और 'जैविक कृषि केंद्र' के रूप में विकसित करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं, जो सतत विकास और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल के अंतर्गत इस प्रकार के आयोजन आपसी समरसता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को और सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने कहा कि राज भवन की ओर से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत विभिन्न राज्यों का स्थापना दिवस मनाया जाता है, जिससे राष्ट्रीय एकता, सौहार्द और साझा सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को प्राकृतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध बताते हुए उसे पर्यटकों के लिए एक अनुपम स्थल कहा।

# द्वितीय जेपीएससी नियुक्ति घोटाला : 40 से अधिक आरोपितों ने वकील के माध्यम से हाजिरी लगाई




प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : द्वितीय जेपीएससी नियुक्ति घोटाला मामले में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद सहित कई चार्जशीटेड आरोपितों ने मंगलवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में सशरीर हाजिरी लगायी। दिलीप प्रसाद के अलावा तत्कालीन सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, शांति देवी, राधा गोविंद नागेश, तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक एलिस ऊषा रानी, इंटरव्यू बोर्ड पैनल एक्सपर्ट सोहनराम तथा बटेश्वर पंडित ने उपस्थिति दर्ज करायी। सभी प्रथम जेपीएससी नियुक्ति घोटाला में भी आरोपित हैं और इन सभी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली हुई है।

द्वितीय जेपीएससी नियुक्ति घोटाला में आरोपितों को समन जारी किया जा चुका है। द्वितीय जेपीएससी नियुक्ति घोटाला में 64 आरोपित हैं। इनमें से 40 से अधिक आरोपितों ने अग्रिम जमानत याचिका (एबीपी) दाखिल की है। मंगलवार को अदालत ने आरोपितों को सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया था। इसके बाद अधिकतर आरोपितों ने अपने वकील के माध्यम से हाजिरी लगायी। हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने 12 साल में जांच पूरी करते हुए 26 नवंबर 2024 को सीबीआई की विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले में सीबीआई ने सात जुलाई 2012 को प्राथमिकी दर्ज की थी। जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद समेत 64 आरोपितों को सीबीआई ने आरोपित बनाया है। मौजूदा समय में नियुक्ति पाने वाले लोग प्रमोशन पाकर बड़े अधिकारी के तौर पर सेवा दे रहे हैं। साथ ही कई आरोपित डीएसपी से प्रमोशन पाकर एसपी बन गये हैं और जिला संभाल रहे हैं। सीबीआई की जांच में कई खुलासे हुए हैं। तत्कालीन जेपीएससी के सदस्य और को-ऑर्डिनेटर के कहने पर 12 अभ्यर्थियों के नंबर बढ़ाये गये थे। कई अभ्यर्थियों की कॉपियों में काट-छांट कर नंबर बढ़ाये गये थे। सफल अभ्यर्थियों के इंटरव्यू में मिले वास्तविक नंबर को भी बढ़ा दिया गया था। कॉपियों की जांच गुजरात स्थित फोरेंसिक लैब में करायी गयी थी।

## दिनदहाड़े फ्लावर डेकोरेशन वाले के साथ हुई लुटपाट, जांच में जुटी पुलिस




प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। मंगलवार को सबसे व्यस्तम मार्ग गोंदा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। अपराधियों ने हथियार के बल पर एक फ्लावर डेकोरेशन की 'फेश पेटल्स' नाम की दुकान में इस वारदात को अंजाम दिया गया। घटना में अपराधियों ने 1 लाख 67 हजार रुपये लूट लिये। दो अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर दुकानदार के साथ मारपीट करते हुए नगद राशि सहित अन्य सामान लूट लिया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें अपराधियों की पहचान की जा सकती है।घटना की जानकारी मिलते ही गोंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस का मानना है कि अपराधियों ने पहले इलाके की रेकी की थी, फिर इस घटना को अंजाम दिया। दुकानदार राकेश कुमार सिंह के अनुसार, लूट की राशि करीब एक लाख 67 हजार रुपये थी। घटना उस वक्त हुई जब शहर के सभी बड़े अधिकारी खेलगांव स्थित झामुमो का महाधिवेशन कार्यक्रम की सुरक्षा में लगे थे।

# डीसी के निर्देश पर 19 अंचलों में दाखिल खारिज से संबंधित 591 को मिली स्वीकृति



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर 15.04.2025 को फिर से रांची जिला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज से संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। विगत कुछ माह में चौथी बार जिला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज से संबंधित शिविर का आयोजन कर 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करते हुए आवेदकों को वरीय पदाधिकारियों द्वारा करेक्शन स्लिप (शुद्धि पत्र) निर्गत किया गया। अनगड़ा, अरगोड़ा, बड़गाई, बेड़ो, बुंडू, बुढ़मू, चान्हो, हेहल, इटकी, नामकुम, कांके, रातू, खलारी, नगड़ी, ओरमांझी, राहे, शहर, सिल्ली एवं मांडर में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 10 डिसिमल तक के 30 दिनों से अधिक आपत्ति रहित/सहित भूमि के लंबित दाखिल-खारिज वादों का भौतिक सत्यापन के पश्चात शुद्धि पत्र का वितरण अंचल के वरीय पदाधिकारी द्वारा किया गया।

जिला के 19 अंचलों में आज आयोजित राजस्व शिविर में 2173 में से 591 शुद्धि पत्र का वितरण किया गया, 670 मामले अस्वीकृत किए गए, शेष लंबित हैं। सबसे ज्यादा नामकुम में 157 शुद्धि पत्र वितरित किए गए। अनगड़ा में 127 में से 54, अरगोड़ा में 8 में से 5, बड़गाई में 85 में से 2, बेड़ो में 39 में से 26, बुढ़मू में 05 में से 3, चान्हो में 53 में से 25, हेहल में 85 में से 19, इटकी में 29 में से 7, कांके में 561 में 47, खलारी में 2 में से 2, मांडर में 66 में से 18, नगड़ी में 193 में से 81, ओरमांझी में 57 में से 24, रातू में 300 में से 82, शहर अंचल में 54 में से 18 और सिल्ली में 04 में से 02 मामले स्वीकृत किए गए। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, द्वारा सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को बिना ठोस कारण के दाखिल-खारिज के आवेदन को अस्वीकृत न करने का निर्देश पूर्व में ही दिया गया है। उन्होंने सभी अंचल में वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है, जो कैम्प में अस्वीकृत मामलों की समीक्षा करेंगे कि रिजेक्शन का कारण सही है या नहीं। एक बार फिर से जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा है कि अगर अंचल कार्यालय में बिचौलिये दिखे तो फौरन स्थानीय थाना या पीसीआर को सूचित करें। व्हाट्सएप नंबर 9430328080 (अबुआ साथी) पर इसकी जानकारी देने की बात कही।

## स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री इरफान ने कहा सुविधाएं बढ़ेगी



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने की दिशा में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने पहल शुरू कर दिया है। डा इरफान अंसारी ने बताया कि इंडिया गठबंधन सरकार द्वारा राज्य के चार प्रमुख मेडिकल कॉलेजों जिसमें पलामू, हजारीबाग, दुमका और धनबाद शामिल है, बेड की संख्या 1560 से बढ़ाकर 3560 की जा रही है। पलामू मेडिकल कॉलेज में अब 860 बेड होंगे, हजारीबाग में 900, दुमका में 800 और धनबाद में 1000। इसके अतिरिक्त राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स, रांची में भी 2050 बेड और जोड़े जा रहे हैं, जिससे कुल संख्या 4450 हो जाएगी। एमजीएम मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर में पहले से 751 बेड की सुविधा शुरू हो चुकी है, जिसे बढ़ाकर अब 1251 किया गया है।

मरीजों की बेहतर जांच सुविधा के लिए, सभी मेडिकल कॉलेजों में सेंट्रलाइज्ड मॉडर्न लैब स्थापित की जाएगी, जहां एक ही छत के नीचे सभी पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जांच उपलब्ध होंगी।

**ऑपरेशन थिएटर मॉड्यूलर बनाए जाएंगे:** इसके अलावा सभी कॉलेजों में एमआरआई, सीटी स्कैन और डिजिटल एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी ऑपरेशन थिएटर मॉड्यूलर बनाए जाएंगे, जिससे इलाज की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली सरकारी स्वास्थ्य सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कांग्रेस करेगी जिलों में मीडिया के अध्यक्ष की नियुक्ति



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर सभी जिलों में मीडिया और सोशल मीडिया अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने मंगलवार को बताया कि मीडिया, सोशल मीडिया के लिए, जिला स्तर पर नियुक्त अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमिटी के साथ मिलकर काम करेंगे और विभिन्न संचार माध्यमों से कांग्रेस के नैरेटिव को आगे बढ़ाने का उत्तरदायित्व संभालेंगे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े आम लोग, सामाजिक व्यक्तित्व, नागरिक समितियों के सदस्य कांग्रेस नेता पदाधिकारी जिन्हें मीडिया या सोशल मीडिया में विशेषज्ञता हासिल हो वें जिला अध्यक्ष पद के लिए 15 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो भी अध्यक्ष पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं उसके लिए गूगल फॉर्म एक्सेस करना होगा। गूगल फॉर्म एक्सेस करने के लिए 9063234488 पर व्हाट्सएप मैसेज भेजना होगा। इसके बाद आए लिंक को खोलने पर फॉर्म मिलेगा जिसमें 18 बिंदुओं का व्यक्तिगत, सामाजिक और राजनीतिक विवरण देना है। 22 अप्रैल के बाद हर जिले के लिए तीन-तीन नामों का पैनल तैयार होगा। इसके बाद केंद्रीय नेतृत्व की ओर से इंटरव्यू और अन्य स्तरों पर जांच के पश्चात नियुक्ति करेगा।

## अबूआ अधिकार मंच आम ने रांची विवि का नाम डॉ रामदयाल मुंडा के नाम करने की रखी मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। अबुआ अधिकार मंच के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय का नाम डॉ रामदयाल मुंडा के नाम पर करने , विश्वविद्यालय प्रशासन की मनमानी एवं छात्र-छात्राओं की परेशानियों को लेकर रांची विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में धरना प्रदर्शन किया। लगभग 3 घंटे चले इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से संपर्क करने पर पता चला कि कुलपति मेडिकल काउंसिल की मीटिंग में व्यस्त हैं, अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं कुलपति महोदय से वार्ता को लेकर डेट हुए थे। जिसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति ने अबुआ अधिकार मंच के सदस्य से वार्ता के लिए 6 सदस्यों का टीम को भेजा जिसमें मुख्य जिसमें मुख्य रूप से विश्वविद्यालय के फाइनेंस अफसर डॉ प्रीतम कुमार, कुलसचिव डॉक्टर गुरुचरण साहू, परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर विकास कुमार, सीसीडीसी प्रकाश झा, ओएसडी एग्जाम डॉ अरुण कुमार सामिल थे।धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से- अभिषेक शुक्ला, विपिन कुमार यादव, विशाल कुमार यादव, सुमित कुमार, गौरव कुमार, मनजीत कुमार, आकाश नयन, प्रभात महतो, नीरज यादव, सैफी, रोशन कुमार, प्रतीक चौधरी,वशिष्ठ राज गुप्ता, गौतम राणा,विक्रम ,संतोष, गुंचा कमर, रूपी प्रवीण, ईशा गुप्ता, मनस्वी जयसवाल, मनु कुमारी, दिवाकर कुमार, अर्जुन महतो, आकाश टेटे, सैलेश इक्का,अजीत उरांव, अनुज मुंडा अप्पणा,अंतरा आकृति बर्मन, नीति सिंह के अलावा सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# वायुसेना का पहला एयर शो 19 और 20 अप्रैल को रांची को



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भारतीय वायुसेना का पहला एयर शो 19 और 20 अप्रैल 2025 को रांची के खोजा टोली आर्मी मैदान, नामकुम में होने जा रहा है, जो झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक और रोमांचक क्षण रहेगा। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी रांची, मंजूनाथ भजन्त्री निर्देश पर कार्यक्रम से सम्बंधित सभी इंतजाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तैयारी में लगा है। जिसको लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा आर्मी ग्राउंड खोजा टोली नामकुम रांची में जिला के सभी वरीय पदाधिकारियों एवं कार्यक्रम से जुड़े सभी कर्मी के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया गया।

**जिला प्रशासन द्वारा सारे इंतजाम व्यापक रूप से किए गए है:** एयर शो 19 और 20 अप्रैल 2025 को होने वाले कार्यक्रम को लेकर सारी आवश्यक इंतजाम को लेकर लगातार जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर कई दिशा-निर्देश दिया जा रहें है। जिसमें गणमान्य एवं अन्य सभी पब्लिक की बैठने की व्यवस्था,तथा उन के लिए पार्किंग व्यवस्था, शौचालय, पेय जल, बैरिकेट, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड, बम निरोधक दस्ता,सिस्टम, साइनेज एवं अन्य व्यवस्था।जिला प्रशासन द्वारा 19 एवं 20 अप्रैल 2025 को होने वाले एयर शो को लेकर एयर शो को लेकर दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। भारतीय वायुसेना का पहला एयर शो 19 और 20 अप्रैल 2025 को रांची के खोजा टोली आर्मी मैदान, नामकुम में होने जा रहा है, जिसमें दिनांक- 19 अप्रैल 2025 को बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें भी इस भव्य एयर शो के लिए आमंत्रित किया गया। ताकि वे हमारे देश की एयरफोर्स द्वारा दिखाए जा रहें करतब को देखें ताकि वे आने वाले भविष्य में एयर फोर्स में जा कर देश की सेवा में अपना योगदान देकर अपने प्रदेश और देश का नाम रौशन करेंगे। सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम अपने शानदार हवाई करतबों से आसमान में जादू बिखेरेगी। यह शो सुबह 9-45 से 10-45 बजे तक दोनों दिन एक-एक घंटे के लिए आयोजित होगा। इस आयोजन को देखने के लिए कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व सुबह- 08-30 तक अपना- अपना निर्धारित स्थान ग्रहण कर लेना है। इस दौरान जिला के सभी वरीय पदाधिकारी, नगर निगम, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम, स्थानीय थाना प्रभारी एवं कार्यक्रम से सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रशासन ने निगम की टीम के साथ हरमू बाजार का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रांची नगर निगम प्रशासक संदीप सिंह ने टीम के साथ निरक्षण किया। उन्होंने बताया कि वेंडर्स को व्यवस्थित करने हेतु विभिन्न स्थलों पर वेंडिंग जोन विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में निगम के पदाधिकारियों के साथ वार्ड नंबर 26, हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं श्री पंच मंदिर के समक्ष क्षेत्र का जायजा लिया गया। निरीक्षण क्रम में पाया गया कि मुख्य मार्ग अतिक्रमण मुक्त है एवं मीट-मछली की दुकानें अन्य कनेक्टिंग पथों पर लगाए जा रहे है। जिसपर प्रशासक द्वारा निगम के पदाधिकारियों को आवास बोर्ड के द्वारा उपलब्ध की गई भूमि पर उक्त विक्रेताओं को यथाशीघ्र व्यवस्थित करने हेतु निर्देश दिया गया ताकि इससे क्षेत्र की सुंदरता बढ़ने के साथ-साथ आम नागरिकों का आवागमन भी ठीक प्रकार से हो सके एवं सभी मार्ग जाम मुक्त रहेंगे। इसके अलावा प्रशासक द्वारा पंच मंदिर के समक्ष दुकान लगा रहे फल-सब्जी विक्रेताओं को क्षेत्र मंदिर के पीछे चिन्हित स्थल पर व्यवस्थित करने हेतु कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।इस क्रम में उनके द्वारा निगम की टीम के साथ बिरसा चौक, हिनू चौक के अलावा आस-पास के अन्य क्षेत्रों की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। साथ ही उनके द्वारा बरसात को देखते हुए सभी छोटे-बड़े नालियों की सफाई सुचारू रूप से करवाने का निर्देश संबंधित टीम को दिया गया।निरीक्षण क्रम में उप प्रशासक रविंद्र कुमार, सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की, जोनल सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।बता दें कि पूर्व में रांची नगर निगम के द्वारा वार्ड 26, हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं श्री पंच मंदिर के समक्ष मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया था, जिसके तहत् सड़क पर अवैध रूप से लगाए गए दुकानों, ठेला/खोमचा, अस्थाई संरचनाओं तथा विभिन्न मास-मछली के दुकानों को हटाया गया था।

## झारखंड में काल बैसाखी के चलते वज्रपात और चल रही हवाएं, 18 तक यही स्थिति रहेगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में पिछले 10 दिनों से गर्जन, वज्रपात और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम में यह बदलाव काल बैसाखी के चलते हुआ है। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि काल बैसाखी अप्रैल-मई में पूर्वी भारत में आने वाला एक मौसमी तूफान है, जिसमें तेज हवा, बारिश और वज्रपात एक साथ होते हैं। इसके चलते बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। इसके कारण मौसम में परिवर्तन देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि झारखंड में यह स्थिति 18 अप्रैल तक देखने को मिलेगी। राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की बारिश, गर्जन और वज्रपात होने की आशंका है। साथ ही 30-50 कि रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। वहीं मंगलवार रांची और आसपास के इलाकों में आंशिक बादल छाए रहे और मध्यम गति की हवाएं चली। इससे गर्मी का एहसास कम हुआ। रांची में तापमान 33.8,



जमशेदपुर में डाल्टेनगंज में 35.8, बोकारो में 33.2 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## आजसू द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम व उत्साह के साथ मनाई गई।सिलवे डोल बगीचा स्थित आंबेडकर चौक पर बाबा साहब के प्रतिमा पर आगत अतिथियों द्वारा माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।इस शुभ अवसर पर आजसू नेता पारसनाथ उरांव,उपप्रमुख नामकुम वीणा कुमारी,राजू नायक, बिरेंद्र सिंह भोक्ता,रोशनलाल मुंडा,धीरज राम,संजय महतो, पद्म श्री महावीर नायक इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में ग्रामीणों के बिच ज्ञान वर्धक पुस्तकें बांटी गई। ग्रामीणों के लिए खिचड़ी की व्यवस्था की गई थी।इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर राज्य सभा सांसद से मिला एक प्रतिनिधिमण्डल



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखंड के खिजरी सिरखाटोली, सदाबहार चौक, बरगँवा चाय बागान, कालीनगर से एक प्रतिनिधि मण्डल राज्य सभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा जी से मुलाक़ात किया द्य प्रतिनिधिमण्डल ने सांसद महोदय को बरगँवा,चाय बागान, कालीनगर क्षेत्र के सड़क निर्माण से सम्बंधित मांग पत्र सौपा द्य प्रतिनिधिमण्डल ने नामकुम सदाबहार चौक दुर्गा मंदिर के सामने से शिशु विहार स्कूल होते कालीनगर फुटबॉल मैदान (उमराव साधो कुजूर स्मृति स्थल ) तक लगभग 2 कि मी तक सड़क निर्माण की मांग की द्य लोगों ने सांसद महोदय को बताया कि दुर्गा मंदिर से फुटबॉल मैदान को जोड़ने वाली सड़क इस क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जो बरगँवा और खिजरी की सीमा को जोड़ती है, यही सड़क झारखण्ड राज्य कर्मचारी चयन आयोग, सहकारिता भवन और तकनीकी विश्वविद्यालय को जोड़ती है साथ ही आम जनता के साथ साथ स्कूल कॉलेज जाने वालों के लिए सुगम रास्ता है द्य किन्तु यह सड़क अत्यंत जर्ज़र अवस्था में है थोड़ा पानी पड़ने से सड़क तालाब में तब्दील हो जाता है जिससे आम जनता के साथ साथ छात्र छात्राओ को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और यह स्थिति विगत पांच छह साल से अत्यंत भयावह हो गयी द्य सड़क की जर्ज़र स्थिति के कारण कई दुर्घटनाये भी घट रही है द्य प्रतिनिधि मण्डल में श्रीमती आरती कुजूर, पुष्पा चौधरी, संतोष चौरसिया, रमाकांत सिंह, प्रवीण कुमार, अरुण सिंह,साधो उराव, पुष्पा टोप्पो,रवि सिंह, चंद्र किशोर मिश्र इत्यादि शामिल थे।

## ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**शिकारीपाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुमका-रामपुरहाट मार्ग में सिमानीजोड़ के समीप ट्रेलर ट्रक के चपेट में आने से 66 वर्षीय महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कर्माचुआं की मैहर मुर्मू उम्र करीब 66 वर्ष आज सुबह ससुराल में रह रहे अपने बेटे चुंडा से मिलने के लिए सिमानीजोर जा रही थी की दुमका की ओर से सरसडंगाल गिट्टी लेने तेज रफ्तार में जा रही ट्रेलर ट्रक के चपेट में आने से महिला का पैर पूरी तरह कुचला गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर शिकारीपाड़ा पुलिस घटनास्थल पहुंचकर घायल महिला को इलाज कराने के लिए शिकारीपाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां चिकित्सक डॉक्टर मुकेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दुमकाफूलो झानों मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया जहां रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। बता दे विगत 1 वर्ष से दुमका रामपुरहाट मार्ग में सड़क दुर्घटना लगातार बढ़ती जा रही है सड़क सुरक्षा नियमों का मापदंड को पूरा नहीं की जा रही है घनी आबादी वाले क्षेत्र,विद्यालय,मंदिर, तीखा मोड़,ब्लैक स्पॉट सहित कई महत्वपूर्ण जगहों पर रबड़ ब्रेकर, सूचना पट टी लाइट इंडिकेटर रोड इंडिकेटर आदि नहीं लगाया गया है जिससे आए दिन लगातार स्थानीय ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं बावजूद इसके संबंधित विभाग की नजर इस पर नहीं पड़ रही है।

## धर्म के नाम पर झांसा देकर महिला से तीन लाख रुपए की ठगी, मामला दर्ज

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के सिदो कान्हू चौक में सोमवार को दो ठगों ने एक महिला को धर्म के नाम पर झांसा देकर तीन लाख रुपए ठगी कर ली। पीड़िता रामगढ़ थाना क्षेत्र की रहनेवाली है। महिला अपने मायके से वापस ससुराल लौट रही थी। इसलिए बस पकड़ने के लिए सिदो कान्हू चौक यानी पोखरा चौक में खड़ी थी। दो लोगों ने अपने को मथुरा निवासी बताते हुए अगरबत्ती खरीद देने की बात कही। धार्मिक बातों में उलझाकर राधे राधे जाप करने को कहा। ठगों ने कहा आपकी परेशानी का हम लोग समाधान कर देंगे। ठगों ने महिला का हाथों से हैंड बैग अपने हाथों में लेकर सोने की चेन, अंगूठी, नगद दस हजार रूपये और मोबाइल रखने को कहा। ठगों ने महिला को 108 कदम चलने को कहा। चलकर लौटी तो दोनों ठग गायब थे। काफी खोजबीन के बाद नहीं मिलने पर पीड़िता ने मामले की लिखित शिकायत नगर थाना में दी। मामला दर्ज करते हुए पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## अज्ञात युवक का सड़ागला शव बरामद

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ थाना क्षेत्र के घाघरी नदी स्थित कुएं से पुलिस ने युवक का सड़ागला शव बरामद किया। मृतक की पहचान अबतक नही हो पायी है। मंगलवार की शाम कुएं से दुर्गंध निकलने पर लोगों को इसकी जानकारी हुई। ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है।

## नेता जी संस्थान मेगा स्कील सेंटर बुड़मु में मेगा ड्राइव का आयोजन



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र नेता जी संस्थान बुड़मु रोड मांडर मे मेगा स्कील सेंटर मे प्लसमेंट मेगा ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमे 150 प्रशिक्षुओं ने लिया प्लेसमेंट मेगा ड्राइव में हिस्सा प्लेसमेंट मेगा ड्राइव में 140 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया. जिसमें 61 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया और 60 प्रशिक्षुओं को कौशल पाठ्यक्रम पूरा करने का प्रमाण पत्र दिया गया. मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत झारखंड के 18-35 वर्ष के युवाओं के लिए नि-शुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया गया. इसके बाद रोजगार से जोड़े जाने का अभियान चलाया जा रहा है. रोजगार मेला में ये लोग रहे उपस्थित जेएसडीएमएस के प्लेसमेंट इंचार्ज चंद्रशेखर सिंह, रांची जिला के यूएनडीपी से कृष्णकांत, नेताजी संस्थान के केंद्र परियोजना प्रमुख अरविन्द कुमार सिंह , प्रोजेक्ट हेड गुलाम मुस्तफा, सेंटर मैनेजर अरविन्द गायकवाड़, प्लेसमेंट मैनेजर युवराज सिंह , प्रशिक्षण प्रबंधक, एनएसएस समेत और लोग उपस्थित थे.

# बेड़ो अंचल में दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन हेतु लगा विशेष कैंप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** सरकारी तंत्र जब संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं के समाधान में जुटे, तो व्यवस्था पर से उठता हुआ विश्वास फिर से लौट आता है। ठीक यही तस्वीर मंगलवार को बेड़ो अंचल कार्यालय परिसर में देखने को मिली, जब दाखिल-खारिज मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप जिला उपायुक्त के आदेशानुसार अंचलाधिकारी प्रताप मिंज की देखरेख में आयोजित किया गया, जिसमें विशेष रूप से उन भूखंडों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनके दाखिल-खारिज से जुड़े आवेदन 30 दिनों से अधिक समय से लंबित पड़े थे। भूमि स्वामित्व से जुड़े मामलों में अक्सर देरी से न केवल लोगों की उम्मीदें टूटती हैं बल्कि कई सामाजिक व कानूनी पेचिदगियाँ भी जन्म लेती हैं। ऐसे में इस कैंप ने आवेदकों के लिए उम्मीद की नई किरण साबित की।

कुल 39 मामलों की गहन जांच व सुनवाई के पश्चात 26 मामलों में वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए शुद्धि पत्रों का वितरण किया गया। वर्षों से अपने अधिकारिक दस्तावेजों की प्रतीक्षा में बैठे परिवारों ने जब अपने नाम से जारी वैध कागजात अपने हाथों में थामे, तो उनके चेहरों पर संतोष और सुकून की मुस्कान बिखर उठी। वहीं 4 मामलों को नियमावली के अनुसार खामियों के चलते अस्वीकृत कर दिया गया, जबकि शेष 9 मामलों में आवश्यक दस्तावेजों की जांच-पड़ताल के उपरांत शीघ्र ही कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया। प्रशासनिक व्यवस्था का मूल उद्देश्य है – जनता तक समय पर न्याय पहुंचाना। भूमि से जुड़े मामलों में देरी लोगों के जीवन पर सीधा प्रभाव डालती है, इसलिए अंचल प्रशासन निरंतर प्रयासरत है कि दाखिल-खारिज से संबंधित सभी मामलों का निपटारा पारदर्शिता व संवेदनशीलता के साथ शीघ्र किया जाए। हमारा प्रयास रहेगा कि भविष्य में किसी आवेदक को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। मौके पर मौजूद लोगों ने अंचल प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तत्परता और पारदर्शिता के साथ भूमि विवादों के समाधान की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

## 50 वर्षीय युवक का शव अपने ही घर पर फंदे से लटकता हुआ बरामद

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी क्षेत्र के कोकोराना ग्राम निवासी प्रदीप बनवार उम्र 50 वर्ष द्वारा मंगलवार को अपने ही घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। इस संबंध मे मृतक के परिवार वालों द्वारा बताया गया की मृतक काफी समय से परेशान चल रहा था एवं मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था। जिस कारण इनके द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया है। इस संबंध मे मृतक की पत्नी द्वारा आवेदन दिया गया है, मुरी ओपी के पदाधिकारी द्वारा आवेदिका के बयान एवं गवाहों के बयान के आधार पर आवेदन लेते हुए मृतक का सिंगपुर नर्सिंग होम मे पंचनामा करते हुए पोस्टमॉर्टम हेतु रिम्स रांची भेजा दिया गया है। एवं आगे जांच की जा रही है। ज्ञात हो की मृतक अस्थाई रूप से हिंडाल्को के कर्मचारी थे।

## भैरो महतो के खो जाने से परिजन परेशान



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिलौंग पंचायत के निवासी भैरो महतो चार दिनों से लापता है।उनके परिजन का कहना है कि भैरो महतो 11/04/25 को दोपहर 12 बजे बाजार के लिए कहकर निकले जो अभी तक वापस नहीं लौटे है।इस कारण उनके परिजन ने इधर उधर,संबंधी से काफी पूछताछ की पर कही पता नहीं चला,जिसके कारण परिजन काफी परेशान तथा रो रो कर बुरा हाल है।उनके परिजन टाटीसिलवे थाना में 12/04/25 को सनहा भी दर्ज कराया है।लापता व्यक्ति का नाम भैरो महतो, उम्र 51 वर्ष,रंग गोल,चेहरा सावला,आंखे भूरी,बाल काला,कद 5;2 फिट सफेद पैंट शर्ट सफारी पहने हुए हैं। परिजन का कहना है कि जो भी व्यक्ति को उनके बारे में पता चले फोन कर ढूंढने में मदद करे।संपर्क मोबाइल नंबर 8271103820 है।

## ठाकुर गांव इतेहादुल अंजुमन कमेटी के मोहनपुर के नेतृत्व में वक्फ अधिनियम 2025 के विरोध किया




**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू प्रखंड के ठाकुरगांव इतेहादुल अंजुमन कमेटी के मोहनपुर के नेतृत्व में वक्फ अधिनियम 2025 के विरोध में मंगलवार को बरौदी से मोहनपुर तक मानव श्रृंखला बनाकर विरोध किया गया। मानव श्रृंखला में बरौदी, खखरा, मोहनपुर, ठाकुरगांव, पतराटोली सहित आसपास के गांव से हजारों की संख्या में महिला पुरूष शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में वक्फ अधिनियम 2025 का विरोध किया। सभी के हाथ में %% वक्फ हमारा संवैधानिक अधिकार है, वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 रद्द करों, हमारा संवैधानिक अधिकार मत छिनो, वक्फ अधिनियम 2025 हमें मंजूर नहीं की तख्ती लेकर मानव श्रृंखला में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मजलिसे ओलमा झारखंड के मजाहिरी सदर मौलाना साबिर हुसैन ने कहा कि वक्फ हमारा धार्मिक मामला है इसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश की गई है।वक्फ की संपत्ति का उपयोग गरीब और यतिम परिवार के मुस्लिमों के लिए होता है और इसमें सरकार गैर मुस्लिम अधिकारी का दखल मुस्लिम हित में बर्दाश्तनहीं होगा। कार्यक्रम का नेतृत्व इतेहादुल अंजना कमेटी के सदर एजाज अंसारी और संचालन सेकेट्री अनिसुल रहमान ने किया। मौके पर मंजूर अंसारी, जहरुद्दीन अंसारी, मजलूम अंसारी,मजिद जाकिर अंसारी, सनाउल्लाह अंसारी, सरवर आलम, जावेद अख्तर,कयूम अंसारी, मोबिन अंसारी सहित हजारों की संख्या में महिला पुरूष शामिल थे।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

72वीं औपबंधिक सूची जिला–गुमला (पार्ट–4)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अजीत कु0 विष्वकर्मा एवं बसंत गोप के द्वारा आयोग के माननीय अध्यक्ष के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।** | |
| 181. | 1. आवेदन क्र0–**316/25** 2. आवेदक–**मोहन लाल गोप,** पिता–**स्व0 देवव्रतराम गोप**<br>3. ग्राम– **फोरीसुगी टोली,** पोस्ट–**फोरी,** थाना– **गुमला,** प्रखण्ड– **गुमला**<br>4. लिंग–**पुरूष,** आयु–**53 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**दाहिना हाथ में तील का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 182. | 1. आवेदन क्र0–**317/25** 2. आवेदक–**गोयन्दा भगत,** पिता–**सुख भगत**<br>3. ग्राम–**नगर नदी टोली ,** पोस्ट–**नगर,** थाना–**सिसई,** प्रखण्ड–**सिसई**<br>4. लिंग– **पुरूष,** आयु–**54 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**अंकित नहीं है।** | कंडिका–2(ix) |
| 183. | 1. आवेदन क्र0–**318/25** 2. आवेदक–**कार्तिष्वर मिश्रा,** पिता–**स्व0 सोनामाली मिश्रा**<br>3. ग्राम–**जलका,** पोस्ट–**सिसई,** थाना–**सिसई,** प्रखण्ड–**सिसई**<br>4. लिंग–**पुरूष,** आयु–**80 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 184. | 1. आवेदन क्र0–**319/25** 2. आवेदक–**गोबिन्द साहु,** पिता–**आन्नद साहु**<br>3. ग्राम– **छारदा,** पोस्ट– **छारदा,** थाना– **सिसई,** प्रखण्ड– **सिसई**<br>4. लिंग–**पुरूष,** आयु–**55 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**कपार में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 185. | 1. आवेदन क्र0–**320/25** 2. आवेदक–**बिरसू उराँव,** पिता–**स्व0 विपता उराँव**<br>3. ग्राम– **छारदा,** पोस्ट– **छारदा,** थाना– **सिसई,** प्रखण्ड– **सिसई**<br>4. लिंग–**पुरूष,** आयु–**44 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 186. | 1. आवेदन क्र0–**321/25** 2. आवेदक–**अजय कुमार वर्मा,** पिता–**स्व0 गजेन्द्रनाथ राम**<br>3. ग्राम–**सुपा,** पोस्ट–**अमेरा,** थाना–**भरनो,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग– **पुरूष,** आयु–**62 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 187. | 1. आवेदन क्र0–**322/25** 2. आवेदक–**मनोज कुमार वर्मा,** पिता–**स्व0 लक्ष्मी नारायण वर्मा**<br>3. ग्राम–**सुपा,** पोस्ट–**अमेरा,** थाना–**भरनो,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग– **पुरूष,** आयु–**56 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**मुह में घाव का निषान।** | कंडिका–2(ix) |
| 188. | 1. आवेदन क्र0–**323/25** 2. आवेदक–**देव पाल महतो,** पिता–**स्व0 महेष महतो**<br>3. ग्राम–**डुड़िया,** पोस्ट–**दतिया,** थाना–**भरनो,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**पुरूष,** आयु–**37 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**बगल में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 189. | 1. आवेदन क्र0–**324/25** 2. आवेदक–**आन्नद महली,** पिता–**स्व0 मतलुराम महली**<br>3. ग्राम–**जिदा टोली,** पोस्ट–**बरगाँव,** थाना–**सिसई,** प्रखण्ड–**सिसई**<br>4. लिंग– **पुरूष,** आयु–**55 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 190. | 1. आवेदन क्र0–**325/25** 2. आवेदक–**गिरिधर उराँव,** पिता–**बुधवा उराँव**<br>3. ग्राम–**बेडो,** पोस्ट–**फुसो,** थाना–**सिसई,** प्रखण्ड–**सिसई**<br>4. लिंग–**पुरूष,** आयु–**42 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**माथा में तील का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 191. | 1. आवेदन क्र0–**326/25** 2. आवेदक–**ईसाक तिर्की,** पिता–**स्व0 सुकरा तिर्की**<br>3. ग्राम–**बेडो,** पोस्ट–**बेडो,** थाना–**सिसई,** प्रखण्ड–**सिसई**<br>4. लिंग–**पुरूष,** आयु–**59 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**हाथ में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सिकन्दर उराँव के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।** | |
| 192. | 1. आवेदन क्र0–**213/25** 2. आवेदक–**रोजलिन तिर्की ,** पति–**स्व0 अजीत तिग्गा**<br>3. ग्राम–**बनारी, लाईन टोली ,** पोस्ट–**बनारी ,** थाना–**बिषुनपुर,** प्रखण्ड–**बिषुनपुर**<br>4. लिंग–**महिला ,** आयु–**54 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**दाहिना पैर में तिल का दाग।** | कंडिका–2(ix) |
| 193. | 1. आवेदन क्र0–**214/25** 2. आवेदक–**सुमन उराँव ,** पिता–**मरियानुस उराँव**<br>3. ग्राम–**तुसगाँव ,** पोस्ट–**घाघरा ,** थाना–**घाघरा,** प्रखण्ड–**घाघरा**<br>4. लिंग– **पुरूष ,** आयु–**45 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**बायें हाथ में तिल का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 194. | 1. आवेदन क्र0–**215/25** 2. आवेदक–**दोमनिक असुर ,** पिता–**मतियस असुर**<br>3. ग्राम–**डीपा डुम्बरपाठ ,** पोस्ट–**डुम्बरपाठ ,** थाना–**गुरदरी,** प्रखण्ड–**विशुनपुर**<br>4. लिंग– **पुरूष ,** आयु–**53 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**दाहिना पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 195. | 1. आवेदन क्र0–**216/25** 2. आवेदक–**धनिराम उराँव ,** पिता–**स्व0 एतवा उराँव**<br>3. ग्राम–**गड़हा कुजाम ,** पोस्ट–**डुम्बरपाठ ,** थाना–**गुरदरी,** प्रखण्ड–**विशुनपुर**<br>4. लिंग– **पुरूष ,** आयु–**58 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**दायें पैर में घाव का निषान।** | कंडिका–2(ix) |
| 196. | 1. आवेदन क्र0–**217/25** 2. आवेदक–**जोसेफ मुण्डा,** पिता–**स्व0 कल्लु मुण्डा**<br>3. ग्राम–**कातुपानी ,** पोस्ट–**डुम्बरपाठ ,** थाना–**गुरदरी,** प्रखण्ड–**विषुनपुर**<br>4. लिंग– **पुरूष ,** आयु–**55 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**दाहिना पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुनील कुमार भगत , राजेन्द्र तिर्की एवं महेश कुमार धान द्वारा नोडल पदाधिकारी के जाँच के क्रम में पहचान एवं आयोग के माननीय पूर्व सदस्य श्री सुनील फकीरा कच्छप द्वारा जाँच में आन्दोलनकारी की अनुशंसा के आधार पर।** | |
| 197. | 1. आवेदन क्र0–**116/25** 2. आवेदक–**तिरथु देवी ,** पति–**चरकु साहु**<br>3. ग्राम–**अम्बोआ ,** पोस्ट–**सकरौली ,** थाना–**भरनो,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**महिला ,** आयु–**70 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**बायें हाथ में तिलक का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 198. | 1. आवेदन क्र0–**117/25** 2. आवेदक–**इदरीश खान ,** पिता–**स्व0 सुभान खान**<br>3. ग्राम–**परसा ,** पोस्ट–**भरनो ,** थाना–**भरनो,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**65 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**दोनो पैर में घाव का दाग।** | कंडिका–2(ix) |
| 199. | 1. आवेदन क्र0–**118/25** 2. आवेदक–**लुदेश्वर उराँव ,** पिता–**फेकु उराँव**<br>3. ग्राम–**चेटो ,** पोस्ट–**भरनो ,** थाना–**भरनो,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**65 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**दोनो पैर में घाव का दाग।** | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :–चिन्हित आन्दोलनकारी पुनीत उराँव एवं नीलू देवी के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।** | |
| 200. | 1. आवेदन क्र0–**218/25** 2. आवेदक–**मैसा उराँव,** पिता–**स्व0 बहुरा उराँव**<br>3. ग्राम–**मसिया ,** पोस्ट–**भरनो,** थाना–**भरनो,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**50 वर्ष,** पहचान चिन्ह– **बायें पैर में घाव का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 201. | 1. आवेदन क्र0–**219/25** 2. आवेदक–**आषा उराँव,** पिता–**स्व0 लखना उराँव**<br>3. ग्राम–**तुरिबम्बा ,** पोस्ट–**भरनो,** थाना–**भरनो,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**47 वर्ष,** पहचान चिन्ह– **दायें पैर में घाव का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 202. | 1. आवेदन क्र0–**220/25** 2. आवेदक–**लुदेष्वर लोहरा,** पिता–**स्व0 अहलाद लोहरा**<br>3. ग्राम–**भरनो बोडने टोली ,** पोस्ट–**भरनो,** थाना–**भरनो,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**47 वर्ष,** पहचान चिन्ह– **बायें कान में मासा का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 203. | 1. आवेदन क्र0–**221/25** 2. आवेदक–**नीली तिर्की,** पति–**बिरेन्द्र तिर्की**<br>3. ग्राम–**तुरिअम्बा ,** पोस्ट–**भरनो,** थाना–**भरनो,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**महिला,** आयु–**58 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**गोदना का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 204. | 1. आवेदन क्र0–**222/25** 2. आवेदक–**सुरेन्द्र कुमार दास ,** पिता–**स्व0 बलराम दास**<br>3. ग्राम–**तुरिअम्बा ,** पोस्ट–**भरनो,** थाना–**भरनो,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**43 वर्ष,** पहचान चिन्ह– **बायें हाथ में घाव का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सीता देवी एवं नीमी बाड़ा के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।** | |
| 205. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–**कुरा उराँव ,** पिता–**स्व0 बिरसा उराँव**<br>3. ग्राम–**करौन्दा जोर ,** पोस्ट–**करौन्दाजोर ,** थाना–**करंज ,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**49 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**बायें पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 206. | 1. आवेदन क्र0–**223/25** 2. आवेदक–**जोहन बागे ,** पिता–**स्व0 डहरू मुण्डा**<br>3. ग्राम–**चिता गुटू ,** पोस्ट–**करंज ,** थाना–**करंज ,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**47 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**बायें पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 207. | 1. आवेदन क्र0–**224/25** 2. आवेदक–**सुखेदव उरांव ,** पिता–**स्व0 मंगरा उरांव**<br>3. ग्राम–**महुगांव ,** पोस्ट–**भरनो ,** थाना–**भरनो ,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**41 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 208. | 1. आवेदन क्र0–**225/25** 2. आवेदक–**मांगो उराँव ,** पति–**स्व0 मंगरा उरांव**<br>3. ग्राम–**महुगांव ,** पोस्ट–**भरनो ,** थाना–**भरनो ,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**महिला ,** आयु–**64 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**पैर में खोदा।** | कंडिका–2(ix) |
| 209. | 1. आवेदन क्र0–**226/25**<br>2. आवेदक–**मैना देवी (आश्रित पत्नी) ,** पति–**स्व0 ऊगा लोहरा (आंदोलनकारी)**<br>3. ग्राम–**भरनो नवा टोली ,** पोस्ट–**भरनो ,** थाना–**करंज ,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**महिला ,** आयु–**57 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**नाक के पास मासा।** | कंडिका–2(ix)<br>(आश्रित पत्नी) |
| 210. | 1. आवेदन क्र0–**227/25**<br>2. आवेदक–**सुनिता देवी (आश्रित पत्नी) ,** पति–**स्व0 मोहन लोहरा (आंदोलनकारी)**<br>3. ग्राम–**मठ तुरिअम्बा ,** पोस्ट–**भरनो ,** थाना–**करंज ,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**महिला ,** आयु–**40 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**कपाल में खोदा।** | कंडिका–2(ix)<br>(आश्रित पत्नी) |
| 211. | 1. आवेदन क्र0–**228/25**<br>2. आवेदक–**राचो उराईन (आश्रित पत्नी) ,** पति–**स्व0 सुकरा उराँव (आंदोलनकारी)**<br>3. ग्राम–**अमलिया डहु टोली ,** पोस्ट–**भरनो ,** थाना–**भरनो ,** प्रखण्ड–**भरनो**<br>4. लिंग–**महिला ,** आयु–**44 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**कपाल में खोदा।** | कंडिका–2(ix)<br>(आश्रित पत्नी) |
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विजय कच्छप के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।** | |
| 212. | 1. आवेदन क्र0–**229/25** 2. आवेदक–**किषोर तोपनो ,** पिता–**स्व0 खैरा तोपनो**<br>3. ग्राम–**रायबा, बड़का टोली ,** पोस्ट–**कामडारा ,** थाना–**कामडारा,** प्रखण्ड–**कामडरा**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**63 वर्ष ,** पहचान चिन्ह–**बायें हाथ में तिल का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 213. | 1. आवेदन क्र0–**230/25** 2. आवेदक–**ओम प्रकाष सिंह ,** पिता–**स्व0 मुकुटधारी सिंह**<br>3. ग्राम–**रायबा,** पोस्ट–**कामडारा ,** थाना–**कामडारा,** प्रखण्ड–**कामडरा**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**55 वर्ष ,** पहचान चिन्ह–**बायें पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 214. | 1. आवेदन क्र0–**231/25** 2. आवेदक–**चमरा सुरिन ,** पिता–**गलू सुरिन**<br>3. ग्राम–**रैंरवा ,** पोस्ट–**कामडारा ,** थाना–**कामडारा,** प्रखण्ड–**कामडरा**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**63 वर्ष ,** पहचान चिन्ह–**बायें पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 215. | 1. आवेदन क्र0–**232/25** 2. आवेदक–**फ्रांसिस बरला ,** पिता–**मिखाएल बरला**<br>3. ग्राम–**रायबा ,** पोस्ट–**कामडारा ,** थाना–**कामडारा,** प्रखण्ड–**कामडरा**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**62 वर्ष ,** पहचान चिन्ह–**बायें हाथ में तिल का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 216. | 1. आवेदन क्र0–**233/25** 2. आवेदक–**जुसाफ बरला ,** पिता–**स्व0 मसीदास बरला**<br>3. ग्राम–**रायबा ,** पोस्ट–**कामडारा ,** थाना–**कामडारा,** प्रखण्ड–**कामडरा**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**71 वर्ष ,** पहचान चिन्ह–**बायें पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 217. | 1. आवेदन क्र0–**234/25** 2. आवेदक–**अर्जुन तिर्की ,** पिता–**स्व0 सुखु तिर्की**<br>3. ग्राम–**रायबा ,** पोस्ट–**कामडारा ,** थाना–**कामडारा,** प्रखण्ड–**कामडरा**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**67 वर्ष ,** पहचान चिन्ह–**बायें पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 218. | 1. आवेदन क्र0–**235/25** 2. आवेदक–**निकोलस बरला ,** पिता–**स्व0 मार्टिन बरला**<br>3. ग्राम–**रायबा ,** पोस्ट–**कामडारा ,** थाना–**कामडारा,** प्रखण्ड–**कामडरा**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**70 वर्ष ,** पहचान चिन्ह–**दाहिना पैर में तिल का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 219. | 1. आवेदन क्र0–**236/25** 2. आवेदक–**सेबेस्तियन बरला ,** पिता–**स्व0 जोवाकिम बरला**<br>3. ग्राम–**रायबा ,** पोस्ट–**कामडारा ,** थाना–**कामडारा,** प्रखण्ड–**कामडरा**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**72 वर्ष ,** पहचान चिन्ह–**बायें पैर के घुटने में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 220. | 1. आवेदन क्र0–**237/25** 2. आवेदक–**बेनेदिक बरला ,** पिता–**स्व0 मुंडला बरला**<br>3. ग्राम–**रायबा ,** पोस्ट–**कामडारा ,** थाना–**कामडारा,** प्रखण्ड–**कामडरा**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**48 वर्ष ,** पहचान चिन्ह–**बायें पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 221. | 1. आवेदन क्र0–**238/25** 2. आवेदक–**अनिल कुमार बरला ,** पिता–**स्व0 फ्रांसिस बरला**<br>3. ग्राम–**रायबा ,** पोस्ट–**कामडारा ,** थाना–**कामडारा,** प्रखण्ड–**कामडरा**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**46 वर्ष ,** पहचान चिन्ह–**बायें पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 222. | 1. आवेदन क्र0–**239/25** 2. आवेदक–**जेम्स बरला ,** पिता–**स्व0 बेनेदिक बरला**<br>3. ग्राम–**रायबा ,** पोस्ट–**कामडारा ,** थाना–**कामडारा,** प्रखण्ड–**कामडरा**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**61 वर्ष ,** पहचान चिन्ह–**बायें पैर में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| 223. | 1. आवेदन क्र0–**240/25** 2. आवेदक–**दानिएल बरला ,** पिता–**स्व0 आमुस बरला**<br>3. ग्राम–**रायबा ,** पोस्ट–**कामडारा ,** थाना–**कामडारा,** प्रखण्ड–**कामडरा**<br>4. लिंग–**पुरूष ,** आयु–**60 वर्ष ,** पहचान चिन्ह–**पेट में घाव का निशान।** | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सीताराम उराँव एंव विनय उराँव एंव सुजीत टोप्पो एंव सुर्यदेव भगत के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।** | |
| 224. | 1. आवेदन क्र0–**241/25** 2. नाम–**जौनी उराँव ,** पति–**रोपना उराँव**<br>3. ग्राम–**करौन्दी ,** पोस्ट–**करौन्दी ,** थाना–**गुमला ,** प्रखण्ड–**गुमला**<br>4. लिंग–**महिला, आयु–67 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**बायें हाथ पर कुहनी के पास मासा का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 225. | 1. आवेदन क्र0–**242/25** 2. नाम–**आरसीनियुस किस्पोटा ,** पिता–**सिलवेस्तर किस्पोटा**<br>3. ग्राम–**केमटेरैसा ,** पोस्ट–**कंमटे ,** थाना–**रायडीह ,** प्रखण्ड–**रायडीह**<br>4. लिंग–**पुरूष, आयु–64 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**बायें हाथ में तिल का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 226. | 1. आवेदन क्र0–**243/25** 2. नाम–**फासिस खेस ,** पिता–**पतरस खेस**<br>3. ग्राम–**रैसा ,** पोस्ट–**केमटे ,** थाना–**रायडीह ,** प्रखण्ड–**रायडीह**<br>4. लिंग–**पुरूष, आयु–83 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**बायें हाथ में तिल का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 227. | 1. आवेदन क्र0–**244/25** 2. नाम–**सुखराम मुंडा ,** पिता–**स्व0 मंगरा मुंडा**<br>3. ग्राम–**लूरू केना ,** पोस्ट–**लूरू ,** थाना–**रायडीह ,** प्रखण्ड–**रायडीह**<br>4. लिंग–**पुरूष, आयु–61 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**बायें हाथ में तिल का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 228. | 1. आवेदन क्र0–**54/25** 2. नाम–**बुधेष्वर भगत ,** पिता–**प्रीती उरांव**<br>3. ग्राम–**सोस ,** पोस्ट–**सोस ,** थाना–**चन्दवा ,** प्रखण्ड–**चन्दवा**<br>4. लिंग–**पुरूष, आयु–49 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**माथा में तिल का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 229. | 1. आवेदन क्र0–**55/25** 2. नाम–**मंजू देवी ,** पति–**बुधेष्वर भगत**<br>3. ग्राम–**सोस ,** पोस्ट–**सोस ,** थाना–**चन्दवा ,** प्रखण्ड–**चन्दवा**<br>4. लिंग–**महिला, आयु–43 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**गर्दन में तिल का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 230. | 1. आवेदन क्र0–**245/25** 2. नाम–**रंजीत तिर्की ,** पिता–**बलासियुस तिर्की**<br>3. ग्राम–**बकसपुर सिलम ,** पोस्ट–**रायडीह ,** थाना–**रायडीह ,** प्रखण्ड–**रायडीह**<br>4. लिंग–**पुरूष, आयु–49 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**पूरे चेहरे में घाव का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 231. | 1. आवेदन क्र0–**246/25** 2. नाम–**ज्योति बेक ,** पति–**स्व0 दोमनिक लकड़ा**<br>3. ग्राम–**कुलमुण्डा बकसपुर ,** पोस्ट–**सिलम ,** थाना–**रायडीह ,** प्रखण्ड–**रायडीह**<br>4. लिंग–**महिला , आयु–61 वर्ष,** पहचान चिन्ह– **चेहरे के बायें ओर तिल का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 232. | 1. आवेदन क्र0–**247/25** 2. नाम–**षांति तिर्की ,** पति–**रंजीत तिर्की**<br>3. ग्राम–**कुलमुण्डा बकसपुर ,** पोस्ट–**सिलम ,** थाना–**रायडीह ,** प्रखण्ड–**रायडीह**<br>4. लिंग–**महिला , आयु–50 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**गले में तिल का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 233. | 1. आवेदन क्र0–**248/25** 2. नाम–**चुन्दा उराँव ,** पिता–**चुनवा उराँव**<br>3. ग्राम–**मकुन्दा ,** पोस्ट–**बरगाँव ,** थाना–**सिसई ,** प्रखण्ड–**सिसई**<br>4. लिंग–**पुरूष, आयु–41 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**दाहिना पैर के घुटने में घाव का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 234. | 1. आवेदन क्र0–**249/25** 2. नाम–**कमनी उराँव ,** पति–**ढाड़हू उराँव**<br>3. ग्राम–**करौन्दी ,** पोस्ट–**करौन्दी ,** थाना–**गुमला ,** प्रखण्ड–**गुमला**<br>4. लिंग–**महिला, आयु–60 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**दाहिना आँख के सामने तिल का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 235. | 1. आवेदन क्र0–**250/25** 2. नाम–**बिरिया उराँव ,** पिता–**गुजू उराँव**<br>3. ग्राम–**रेड़वा कुचाई टोली ,** पोस्ट–**रेड़वा ,** थाना–**सिसई ,** प्रखण्ड–**सिसई**<br>4. लिंग–**पुरूष, आयु–69 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**दाहिना कान में घाव का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 236. | 1. आवेदन क्र0–**251/25** 2. नाम–**कारियाओ उराँव ,** पति–**मंगरू उराँव**<br>3. ग्राम–**तिल सिरी गेरेटोली ,** पोस्ट–**घाघरा ,** थाना–**घाघरा ,** प्रखण्ड–**घाघरा**<br>4. लिंग–**महिला, आयु–45 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**दाहिना कान के नीचे मासा का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 237. | 1. आवेदन क्र0–**252/25** 2. नाम–**बेरेनिका लकड़ा ,** पति–**बेनेदिक लकड़ा**<br>3. ग्राम–**खटखोर ,** पोस्ट–**सिलम ,** थाना–**रायडीह ,** प्रखण्ड–**रायडीह**<br>4. लिंग–**महिला , आयु–83 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**बायें पैर के घुटना में घाव का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |
| 238. | 1. आवेदन क्र0–**253/25** 2. नाम–**रूतमनी मिंज ,** पति–**स्व0 रावेल मिंज**<br>3. ग्राम–**लालगंज ,** पोस्ट–**हर्रा ,** थाना–**चैनपुर ,** प्रखण्ड–**चैनपुर**<br>4. लिंग–**महिला , आयु–62 वर्ष,** पहचान चिन्ह–**अंगुठे में मासा का निशान ।** | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.350379 Home(25-26):D

## दगड़ीगोड़ा में श्री जगन्नाथ मंदिर हेतु भूमि पूजन सम्पन्न



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के हरि साधना आश्रम, दगड़ीगोड़ा में श्री श्री जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर एवं गोपालपुर में मौसी बाड़ी निर्माण हेतु मंगलवार को बांग्ला नववर्ष (पहला बैशाख) के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पुरोहित काजल षाड़ंगी और बासुदेव मिश्र ने पूजा संपन्न कराई, जबकि यजमान के रूप में भोलानाथ त्रिपाठी, मिथिलेश कुमार तिवारी, गिरजा प्रसाद मिश्रा और इंद्रजीत मिश्रा उपस्थित रहे। पटमदा, बोड़ाम, जमशेदपुर तथा पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समिति द्वारा सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग वितरित किया गया। सांसद प्रतिनिधि सानंद प्रधान ने मंदिर के शीर्ष पर स्थापित होने वाले चक्र व त्रिशूल दान करने की घोषणा की। कार्यक्रम में गिरिजा प्रसाद मिश्रा, शंभू दास, श्रीमंत मिश्रा, भीष्मनाथ महतो, शरत सिंह सरदार, कृपासिंधु महतो, प्रदीप महतो, ईशान चंद्र गोप, नवीन सिंह सहित कई गणमान्यजन मौजूद थे।

## सोनारी राम मंदिर पार्क में शौचालय और ओपन जिम की सुविधा की मांग



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता दल यूनाइटेड झारखंड प्रदेश के वरिष्ठ नेता शैलेंद्र महतो ने सोनारी राम मंदिर पार्क में ओपन जिम और शौचालय के निर्माण की मांग को लेकर जुस्को के जीएम आरके सिंह को ज्ञापन सौंपा। महतो ने कहा कि इस पार्क में सैकड़ों लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं, जिनमें महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल होते हैं। लेकिन शौचालय की कमी के कारण विशेषकर मधुमेह के मरीजों सहित सामान्य लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जुस्को से मांग की कि अन्य पार्कों की तरह सोनारी राम मंदिर पार्क में भी शौचालय और ओपन जिम की व्यवस्था की जाए। महतो ने आशा व्यक्त की कि इस पर शीघ्र विचार किया जाएगा।

## बाघरा में महिला की संदिग्ध मौत, पति पर हत्या का आरोप



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के बाघरा गांव में सोमवार रात 35 वर्षीय विनीता सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति सदानंद सिंह के अनुसार, दोनों मजदूरी कर घर लौटे थे, जहां विनीता शराब के नशे में भूखे पेट सो गई। रात 10 बजे जब उन्होंने पत्नी को जगाया, तो वह मृत अवस्था में मिली। मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना दी गई और शव का पोस्टमार्टम एमजीएम मेडिकल कॉलेज में कराया गया।बोड़ाम थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार ने बताया कि शव पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं। मृत्यु के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही की जा सकेगी।दूसरी ओर, मृतका के चाचा सर्वेश्वर सिंह ने पति पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शादी के बाद से ही विनीता और सदानंद के बीच विवाद चलता रहा था। सोमवार को भी दोनों में झगड़ा हुआ था और सदानंद ने विनीता की पीट-पीट कर हत्या कर दी। सूचना न देकर साजिश रची गई।मृतका अपने पीछे चार छोटे बच्चों को छोड़ गई है। परिजनों द्वारा बोड़ाम थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराने का आवेदन दिया जाएगा।

## बेलटांड़ में दुर्गा पूजा समिति ने किया गुड़, चना और पंचांग का वितरण



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा (बेलटांड़) ने मंगलवार को बांग्ला नववर्ष मनाया। समिति के सदस्य विश्वनाथ मल्लिक, नगेंद्र नाथ महतो और जगन्नाथ कर्मकार के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों के बीच गुड़, चना और शरबत का वितरण किया गया।समिति अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप ने बांग्ला प्रेमियों को 1432 का पंचांग वितरित किया।समारोह में पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मंडल, शिशुपाल सिंह सरदार, मिहिर कुमार प्रमाणिक, उज्ज्वल कांति दास, प्रदीप पैड़ा, राजू मंडल, महावीर महतो, बाबलू दत्त, विभूति भूषण रजक, रथू मोदक और बीरेंद्र नाथ महतो उपस्थित थे।

### *हेमंत सोरेन के अध्यक्ष बनने पर विधायक संजीव सरदार ने दी बधाई, बोले*

# झामुमो के लिए एक नए युग की शुरुआत

### आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर व युवाओं को नई दिशा मिलेगी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष पद पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सर्वसम्मति से चयन पर पोटका विधायक संजीव सरदार ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह झामुमो के लिए एक नए युग की शुरुआत है। हेमंत जी के नेतृत्व में पार्टी और अधिक सशक्त होगी तथा राज्य के आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर और युवाओं के हितों को नई दिशा मिलेगी।झामुमो के 13वें महाधिवेशन में यह निर्णय लिया गया, जहाँ पूर्व अध्यक्ष शिबू सोरेन %गुरुजी% को संस्थापक संरक्षक घोषित किया गया। गुरुजी के नेतृत्व में पार्टी ने झारखंड निर्माण और सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए हैं।विधायक सरदार ने कहा कि हेमंत सोरेन का नेतृत्व झारखंड के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। पूरा संगठन उनके साथ मजबूती से खड़ा है।

## करीम सिटी कॉलेज में डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि, विद्यार्थियों ने ली संविधान की रक्षा की शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रियाज, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आले अली, कार्यक्रम समन्वयक सैयद साजिद परवेज, परीक्षा विभाग के प्रमुख डॉ. बी. एन. त्रिपाठी सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंबेडकर की जीवनी और उनके सामाजिक योगदान पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के मूल्यों को स्थापित करने की प्रेरणा दी।समारोह का समापन विद्यार्थियों द्वारा शपथ ग्रहण के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने संविधानिक मूल्यों का पालन करने का संकल्प लिया।

## छात्राओं के बीच मायुमं सुरभि शाखा ने बांटी सैनिटरी पैड



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा मंगलवार को नारी चेतना के अंतर्गत सीतारामडेरा स्थित राजकीयकृत आदिवासी उच्च विद्यालय में छात्राओं के बीच सैनिटरी पैड का वितरण वितरण किया गया और मशीन लगाया गया। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए जन सेवा के अंतर्गत साकची रामलीला मैदान में गाय के लिए पानी, चारा और हरी सब्जी की व्यवस्था की गयी। महिलाओं ने अपने हाथों से गाय को गुड़ के साथ हरी सब्जी भी खिलायी। दोनों कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, सचिव पायल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, डॉक्टर रुचिता, बिंदिया नरेड़ी, खुशबू अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## रजक समाज ने मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** रजक समाज जमशेदपुर की ओर से सोमवार को केंद्रीय अध्यक्ष अजय रजक के नेतृत्व में साकची गोलचक्कर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जन्म जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। मौके पर अजय रजक ने कहा कि बाबा साहेब नेतृत्व में लिखा गया संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। उन्होंने हर घर में संविधान की एक पुस्तक रखने की अपील की ताकि अपने हक और अधिकारों के बारे में जान सकें। इस दौरान सैकड़ों लोगों के बीच चना और शरबत वितरण किया गया। मौके पर डॉ. अवतार सिंह, विनोद डे, अशोक चौधरी, शिव रजक, रामलाल रजक, भोला रजक, संजय रजक, जितेंद्र रजक, अनुराधा चौधरी व सीमा देवी समेत काफी संख्या में रजक समाज के सदस्यगण उपस्थित थे।

## मलेरिया विभाग ने सिंहपुरा और कासियाबेड़ा में चलाया जांच अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुड़ाबांदा :** मंगलवार को गुड़ाबांदा प्रखंड के सिंहपुरा और कासियाबेड़ा गांवों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में एमपीडब्ल्यू भवेश कुमार प्रधान और प्रवीर कुमार मंडल के नेतृत्व में सहिया सुमित्रा मुर्मू, ललिता मुर्मू, लक्ष्मी मुर्मू, ममता हांसदा, और गीता मुर्मू ने सक्रिय भागीदारी निभाई।टीम ने संभावित मरीजों की जांच मलेरिया किट की मदद से की। एमपीडब्ल्यू भवेश कुमार प्रधान ने बताया कि विभाग द्वारा नियमित रूप से संभावित मलेरिया मरीजों की पहचान, जांच और उपचार हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही, ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के उपायों को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है। मलेरिया संक्रमित पाए जाने पर संबंधित मरीजों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भेजा जा रहा है।अभियान के दौरान ग्रामीणों ने भी स्वास्थ्य टीम का सहयोग किया और मलेरिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने में रुचि दिखाई।

## कला में झलकी प्रतिभा : एनएचईएस में विश्व कला दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** नरभेरम हंसराज इंग्लिश स्कूल में विश्व कला दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने पारंपरिक कला रूपों जैसे मधुबनी, मंडला और वर्ली के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में कला के प्रति रुचि जागृत करना तथा मानसिक व भावनात्मक संतुलन को प्रोत्साहित करना था।प्रधानाचार्या परमिता रॉय चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल छात्रों की प्रतिभा को मंच देते हैं, बल्कि उनमें सौंदर्यबोध, सांस्कृतिक समझ और सामाजिक एकता की भावना भी उत्पन्न करते हैं।अभिभावकों ने छात्रों की कलाकृतियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और स्कूल के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक महेश और भास्कर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया मूल्यांकन, टीजीटी-पीजीटी संवर्ग की पुनर्बहाली की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** झारखंड +2 शिक्षक संघ के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिले के इंटरमीडिएट मूल्यांकन केंद्रों पर मंगलवार को शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज किया। यह विरोध हाल ही में राज्य सरकार द्वारा टीजीटी-पीजीटी संवर्ग को मरणशील घोषित कर उसकी जगह माध्यमिक आचार्य संवर्ग सृजित किए जाने के निर्णय के विरोध में किया गया।गुरु नानक उच्च विद्यालय (साकची), साकची उच्च विद्यालय एवं भारत सेवाश्रम उच्च विद्यालय (सोनारी) में मूल्यांकन कार्य कर रहे शिक्षकों ने अनुशासनपूर्वक कार्य करते हुए सरकार से निर्णय पर पुनर्विचार करने की अपील की। शिक्षकों का मानना है कि यह निर्णय शैक्षिक गुणवत्ता और इंटरमीडिएट स्तर की शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करेगा। उन्होंने उच्च माध्यमिक आचार्य का पद सृजित किए जाने की मांग की, जिससे +2 विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रह सके।इस आंदोलन में डॉ. मिथिलेश कुमार, बृजभूषण झा, उदित नारायण, पंकज कुमार गिरी, विभीषण गोराई, नीतू शर्मा, प्रमोद कुमार अग्रवाल, सुनीता शर्मा, संदीप कर सहित कई शिक्षक सम्मिलित हुए।

## बोड़ाम के दामोदरपुर में हर्षोल्लास से मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के दामोदरपुर गांव में सोमवार को प्रकृति पर्व सरहुल का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर गांव के लाया रथु सिंह ने विधिवत पूजा संपन्न कराई। पूजा के दौरान गांववासियों ने जाहेरथान में प्रार्थना की और प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया।कार्यक्रम में पोटका प्रखंड से आई सरहुल नृत्य की टीम ने नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुखिया मंगल सिंह, भक्तरंजन भूमिज, वार्ड सदस्य धनंजय सिंह, रामपद सिंह, तरनी सिंह, भोलानाथ सिंह, रंजित सिंह, सुनिल सिंह, गोलक सिंह, श्रीकांत सिंह, संजय सिंह, विजय सिंह, नगेश सिंह, भक्तु सिंह, अर्जुन सिंह, प्रभाकर सिंह, तिलक सिंह, परेश सिंह, देवेन सिंह, अजय सिंह, श्रवण सिंह, अजीत सिंह, मनोज सिंह, नरेश सिंह, बाबूलाल सिंह, धनंजय सिंह, लबघन सिंह, कालूराम सिंह, रुपलाल सिंह, और बीरबल सिंह का योगदान अहम रहा।

## आस्था का अद्भुत प्रदर्शनः लहलहाती आग पर चले, पीठ पर लोहे का हुक लगाकर आसमान में झूले

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां के ईचागढ़ प्रखंड के लाबा गांव में मंगलवार को आयोजित चड़क पूजा में आस्था और साहस का अद्वितीय प्रदर्शन देखने को मिला। बुटन ग्वालिन नामक श्रद्धालु ने लहलहाती आग पर नंगे पांव चलकर भगवान शिव को समर्पित अपनी श्रद्धा का परिचय दिया। यह परंपरा बीते 10 वर्षों से निभाई जा रही है, जिसमें वे हर वर्ष सात बार जलती आग पर चलती हैं। उनका यह कठोर व्रत ग्रामीणों के लिए आस्था और विस्मय का विषय बन गया है।पूजा के दौरान दर्जनों श्रद्धालुओं ने एक सप्ताह का कठिन उपवास कर %भक्ता टांगान% अनुष्ठान में भाग लिया। इस रस्म में भक्त पीठ पर लोहे का हुक लगाकर लकड़ी की चरखी से करीब 40 फीट ऊंचाई तक झूलते हैं और आकाश में घुमाए जाते हैं। बताया गया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, और आश्चर्यजनक रूप से लोहे के हुक से लगे घाव बिना दवा के एक सप्ताह में स्वतः भर जाते हैं।ग्रामीणों का मानना है कि यह सब भगवान शिव की कृपा और चमत्कार का परिणाम है। आधुनिक युग में भी इस तरह की भक्ति और समर्पण युवा वर्ग को हैरान कर देती है। कुछ इसे चमत्कार मानते हैं, कुछ अंधभक्ति या हठधर्मिता, पर एक बात स्पष्ट है–यह परंपरा आज भी लोगों की गहरी आस्था का प्रतीक बनी हुई है।

## टाटा स्टील ने राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज राष्ट्रीय अग्नि सेवा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर अपने कर्तव्य का निर्वाह करने के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।टाटा स्टील 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक सभी इकाइयों में राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह भी मनाएगी। इस दौरान कर्मचारियों, वेंडर पार्टनर्स, ठेकेदारों, स्कूली छात्रों एवं समुदाय के बीच अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।आज आयोजित उद्घाटन समारोह में श्री चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील मुख्य अतिथि के रूप में फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज, जमशेदपुर में उपस्थित रहे।डॉ विनिता सिंह, जनरल मैनेजर, मेडिकल सर्विसेज, टाटा स्टील, अरविंद कुमार सिन्हा, चीफ सिक्योरिटी एंड ब्रांड प्रोटेक्शन तथा शहनवाज़ खान, यूनियन कमेटी के सदस्य (फायर ब्रिगेड) ने जांबाज अग्निशामकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।चाणक्य चौधरी ने समुदाय को जानलेवा स्थितियों से बचाने के लिए अग्निवीरों की साहस और निस्वार्थता की सराहना की।

## छऊ नृत्य में बसी परंपरा और पहचान, विधायक ने कहा युवाओं को निभानी होगी भूमिका

प्रभात मंत्र संवाददाता



**खरसावां :** खरसावां प्रखंड के जोजो कुड़मा गांव में चैत्र पर्व पर पारंपरिक छऊ नृत्य महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक दशरथ गागराई ने किया। छऊ नृत्य कला मंदिर के कलाकारों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ उनका स्वागत किया। विधायक गागराई ने कहा कि छऊ नृत्य झारखंड की सांस्कृतिक पहचान है, जिसे सहेजने में युवाओं की भूमिका अहम है।उन्होंने कहा कि यह नृत्य झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। राज्य सरकार पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।कार्यक्रम में छऊ नृत्य कला मंदिर जोजो कुड़मा और पिताकलंग मंडली द्वारा गणेश वंदना, कालिया दमन, सुभद्रा हरण जैसे प्रसंगों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर सुकरा महतो, पंकज महतो, बुधराम जामुदा, सुशील गागराई, यशवंत प्रधान, केदार प्रधान, लखींद्र बेसरा, विश्वामित्र महली समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# बंगाल की हिंसा

**हमारा** संदेह है कि पश्चिम बंगाल में इतना हिंसक, दंगानुमा, आगजनी, रेलवे ट्रैक को बाधित करने और खून-खराबे वाला माहौल क्यों है? देश के अन्य राज्यों में ऐसी हिंसा क्यों नहीं है? क्या बंगाल में दंगाइयों और उपद्रवियों को सत्ता का संरक्षण रहा है? क्या वोट बैंक की खातिर इन दंगाइयों को खुली छूट मिली हुई है? हिंदू पिता-पुत्र की चाकू से गोद कर हत्या कैसे कर दी गई? उपद्रवियों और एक खास जमात के दंगाइयों ने घरों, दुकानों, मंदिरों पर हमले करने का दुस्साहस कहां से हासिल किया? रेलगाड़ियां रोक दी गईं, क्योंकि पटरियों पर हजारों की भीड़ बैठी थी। ऐसे हालात के मद्देनजर कलकत्ता उच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि अदालत आंखें मूंद कर नहीं बैठ सकती। उच्च न्यायालय को मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती का आदेश देना पड़ा। बीएसएफ के 300 जवानों के अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 5 कंपनियां भी तैनात की गई हैं। यह नौबत ही क्यों आई? राज्यपाल सीवी आनंद बोस को कठोर बयान देने पड़े कि सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने और किसी की जिंदगी को खतरे में डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल ऐसे उग्र, नफरती, हिंसक हालात और माहौल का बुनियादी सबब क्या है? वक्फ संशोधन कानून एक मुखौटा कारण हो सकता है, लेकिन जो मुस्लिम नेता, सांसद, मौलाना आदि सरेआम औसत मुसलमानों को भडक़ा-सुलगा रहे हैं, क्या उनके 'कुत्ते', 'हरामखोर', 'गद्दार' वाले बयान किसी कानून के दायरे में नहीं आते? क्या ये गालियां भी 'अभिव्यक्ति की आजादी' हैं? कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है, लिहाजा अमन-चैन बरकरार रखना मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस का संवैधानिक दायित्व है। संविधान में केंद्र और राज्य की भूमिकाओं की स्पष्ट व्याख्या है। समवर्ती सूची का कानून केंद्र और राज्य दोनों ही बना सकते हैं। यदि ऐसे किसी कानून पर केंद्र बनाम राज्य की टकरावपूर्ण स्थिति पैदा होती है, तो संविधान के अनुच्छेद 254 के तहत केंद्र का बनाया कानून ही मान्य होगा। राज्य सरकार उसे खारिज नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री ने बंगाल में केंद्र की 'आयुष्मान भारत' योजना भी लागू नहीं होने दी है। संविधान का अनुच्छेद 245 बताता है कि संसद पूरे भारत अथवा उसके किसी भाग के लिए कानून बना सकती है। राज्य विधानमंडल राज्य अथवा उसके किसी भाग के लिए कानून बना सकता है। अनुच्छेद 246 अधिकार-क्षेत्र संबंधी विवादों को दूर करने के लिए विधायी विषयों को सौंपता है। वक्फ बिल इन्हीं अनुच्छेदों की परिधि में पारित कराया गया है। वह समवर्ती सूची का भी कानून है, लिहाजा संसद द्वारा पारित किए गए बिल को बंगाल कैसे नकार सकता है? यदि इस संबंध में भारत सरकार कोई कार्रवाई करती है, तो संघीय ढांचे के उल्लंघन का रोना रोया जाएगा। यह विवाद फिलहाल सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। इसी 16 अप्रैल को 20 याचिकाओं की सुनवाई होगी। वक्फ कानून की आड़ में उपद्रव मचाने वालों को याद रखना चाहिए कि आखिर फैसला शीर्ष अदालत को ही करना है। तोड़-फोड़ करने या गली-गली आंदोलन सुलगा कर कुछ भी हासिल नहीं होगा। मौलाना किसान आंदोलन की तुलना करना छोड़ दें। सवाल यह भी है कि वक्फ का मामला प्रशासनिक है, इसे मजहबी किसने और क्यों बनाया है? आखिर प्रदर्शनकारियों को कानून के किस प्रावधान पर आपत्ति है? यह पक्ष भी अदालत में रखा जाना चाहिए। ममता सरकार के मंत्री सिद्दिकुल्ला चौधरी ने यहां तक बयान दिया है कि राज्य की 50 जगहों पर दस-दस हजार लोगों की भीड़ जमा की जाए। क्या यह बयान संवैधानिक है? बंगाल में 2026 में चुनाव हैं, लिहाजा मुख्यमंत्री 'तुष्टिकरण' के खेल में जुटी हैं, तो भाजपा हिंदू-मुस्लिम को हवा दे रही है। आम आदमी बीच में पिस रहा है। उसे तो 'वक्फ' के मायने भी नहीं पता हैं।


उच्च न्यायालय को मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती का आदेश देना पड़ा। बीएसएफ के 300 जवानों के अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 5 कंपनियां भी तैनात की गई हैं। यह नौबत ही क्यों आई? राज्यपाल सीवी आनंद बोस को कठोर बयान देने पड़े कि सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने और किसी की जिंदगी को खतरे में डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल ऐसे उग्र, नफरती, हिंसक हालात और माहौल का बुनियादी सबब क्या है? वक्फ संशोधन कानून एक मुखौटा कारण हो सकता है, लेकिन जो मुस्लिम नेता, सांसद, मौलाना आदि सरेआम औसत मुसलमानों को भडक़ा-सुलगा रहे हैं, क्या उनके 'कुत्ते', 'हरामखोर', 'गद्दार' वाले बयान किसी कानून के दायरे में नहीं आते? क्या ये गालियां भी 'अभिव्यक्ति की आजादी' हैं? कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है, लिहाजा अमन-चैन बरकरार रखना मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस का संवैधानिक दायित्व है।


अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा विभिन्न देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लागू किए जाने के बाद नई व्यापार दुनिया ने जन्म ले लिया

# भारत की टैरिफ कूटनीति के लाभ

**डा. जयंती लाल भंडारी**


अप्रैल को अमेरिका के ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी बातचीत करते हुए दिखाई दे रहा है। वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी की टैरिफ कूटनीति के लाभ उभरकर दिखाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जहां अमेरिका के द्वारा चीन पर 145 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं अमेरिका पर जवाबी टैरिफ नहीं लगाने वाले भारत सहित सभी देशों के लिए 90 दिनों तक टैरिफ के अमल को स्थगित कर दिया है। ट्रंप के इस निर्णय के बाद चीन ने अमेरिका पर 125 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। इससे अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। ट्रंप के इस ऐलान के बाद भारतीय निर्यात पर मंडरा रही अनिश्चितता फिलहाल रुक गई है।


**यकीनन** इस समय टैरिफ वॉर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति और अमेरिका के लिए शुल्कों में कमी की रणनीति रंग लाते हुए दिखाई दे रही है। 9 अप्रैल को अमेरिका के ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी बातचीत करते हुए दिखाई दे रहा है। वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी की टैरिफ कूटनीति के लाभ उभरकर दिखाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जहां अमेरिका के द्वारा चीन पर 145 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं अमेरिका पर जवाबी टैरिफ नहीं लगाने वाले भारत सहित सभी देशों के लिए 90 दिनों तक टैरिफ के अमल को स्थगित कर दिया है। ट्रंप के इस निर्णय के बाद चीन ने अमेरिका पर 125 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। इससे अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। ट्रंप के इस ऐलान के बाद भारतीय निर्यात पर मंडरा रही अनिश्चितता फिलहाल रुक गई है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा विभिन्न देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लागू किए जाने के बाद नई व्यापार दुनिया ने जन्म ले लिया है। यह नई व्यापार दुनिया राष्ट्रपति ट्रंप की उस हठ पर आधारित है जिसमें वे विश्व अर्थव्यवस्था के पुनर्गठन और अमेरिका के साथ कथित आर्थिक दुर्व्यवहार को रोकने के लिए अमेरिकी अर्थव्यवस्था और उपभोक्ताओं को होने वाले किसी भी तरह के कष्ट की अनदेखी करने को भी तैयार हैं। नई व्यापार दुनिया पहले की व्यापार दुनिया से पूरी तरह से अलग है। कल तक दुनिया में मजबूत आर्थिक विश्व व्यवस्था और बहुपक्षीय व्यापार समझौतों के आधार पर विकास की कहानी आगे बढ़ती रही है, वहीं अब संरक्षणवाद तथा द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों का नया सितारा उदित हो रहा है। ऐसे में भारत को अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों और दुनिया की बदलती आर्थिक सूरत की नई हकीकत के मद्देनजर नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। गौरतलब है कि ट्रंप के द्वारा भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लागू किया गया है। ट्रंप का टैरिफ वियतनाम पर 46 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत तथा थाइलैंड पर 36 प्रतिशत सुनिश्चित किया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 फीसदी रही,




जो करीब 77.5 अरब डॉलर थी, निर्यात की ऐसी ऊंचाई अमेरिका को भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार बनाती है। ट्रंप के टैरिफ से भारत के कई प्रमुख निर्यात क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं। इनमें आईटी, टेक्सटाइल और परिधान, ऑटोमोबाइल पाट्र्स, रत्न और आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि उत्पाद शामिल हैं। भारत के दवा और सेमीकंडक्टर उद्योग पर भी टैरिफ की तलवार लटक रही है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पर 26 फीसदी पारस्परिक टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले से भारत के द्वारा अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात में करीब 5.76 अरब डॉलर की गिरावट आ सकती है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के करीब 0.2 फीसदी घटने की आशंका रहेगी। खास बात यह भी है कि ट्रंप के टैरिफ की आपदा के बीच भारत के लिए मौके भी छिपे हैं। जहां अमेरिका के द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ दूसरे कई प्रतिस्पर्धी देशों से कम होने से अमेरिका सहित दुनिया में भारत के निर्यात बढ़ने की संभावना है। भारत जिस तरह से अमेरिका के साथ नए व्यापार समझौते के लिए तथा अन्य देशों के साथ भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के लिए रणनीतिपूर्वक कदम बढ़ा रहा है, उससे भारत के लिए अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में निर्यात और कारोबार बढ़ाने के मौके भी बढ़ सकते हैं। चूंकि एशिया के उभरते बाजारों में भारत पर टैरिफ फिलीपींस को छोडक़र सबसे कम है, ऐसे में तुलनात्मक रूप से कम टैरिफ से भारत को वैश्विक व्यापार और मैन्युफैक्चरिंग में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिल सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में अमेरिकी बाजार में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा मजबूत होगी। प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यातक देशों की तुलना में भारत पर कम टैरिफ लगा है। खास तौर पर चीन और वियतनाम के मुकाबले भारत बेहतर स्थिति में है। टेक्सटाइल के निर्यात बाजार में अभी से भी बेहतर अवसर मिल सकते हैं। अन्य देशों के सामान अमेरिका में ज्यादा महंगे होने से अमेरिका में भी भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी। टैरिफ की चुनौतियों के बीच भी भारत की विकास दर बढ़ने की संभावनाएं हैं। हाल ही में प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक टैरिफ चुनौतियों के बीच भी चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहेगी और यह स्थिति अर्थव्यवस्था के मजबूत और स्थिर विस्तार का संकेत देती है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनी रहेगी। यद्यपि भारत में सरकार ने संसद में ट्रंप की नई टैरिफ नीति के मद्देनजर घरेलू उद्योगों के संरक्षण की बात कही है, लेकिन अब देश के उद्योग जगत के द्वारा टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा व अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) पर ध्यान दिया जाना होगा। इस बात को ध्यान में रखना होगा कि वर्ष 1991 में उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ाने की जो रणनीति लागू हुई, उससे देश को उदारीकरण के लाभ मिले हैं। चूंकि टैरिफ प्रतिस्पर्धा से जुड़े हैं, अगर हम टैरिफ की आड़ में रहेंगे तो प्रतिस्पर्धी नहीं बन पाएंगे। नए अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए भारत को कारोबार करने में आसानी बढ़ानी होगी। लॉजिस्टिक्स व बुनियादी ढांचे में निवेश करना होगा और नीतिगत स्थिरता कायम रखनी होगी। हम उम्मीद करें कि अमेरिका के द्वारा चीन पर लागू किए गए 145 फीसदी टैरिफ से शुरू हुए अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच वैश्विक आर्थिक मौकों को मुट्ठी में लेने के साथ-साथ भारत पर लागू किए जाने वाले 26 फीसदी टैरिफ की चुनौती का मुकाबला करने में भारत के लिए अमेरिका के साथ नया कारोबार समझौता, विभिन्न देशों के साथ नए द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौते और मजबूत घरेलू आर्थिक घटक असरकारक आर्थिक हथियार के रूप में उपयोगिता देते हुए दिखाई देंगे। हम उम्मीद करें कि सरकार नई व्यापार दुनिया में भारत को रचनात्मक देश बनाने के लिए ऐसी नई आर्थिक रणनीति के साथ आगे बढ़ेगी, जिसमें बड़े-बड़े उद्योगों के साथ सूक्ष्म, छोटे और मझौले उद्योगों के लिए भी अनुकूलताएं हों।

दृष्टि कोण

# ऑपरेशन मेघदूत के गुमनाम जांबाजों को नमन

**चार** दशक पूर्व 13 अप्रैल 1984 को भारतीय सेना ने 'आपरेशन मेघदूत' को अंजाम देकर 22 हजार फीट की बुलंदी पर मौजूद सियाचिन ग्लेशियर के बिलाफोंड लॉ व सियाला जैसे दुर्गम क्षेत्रों पर तिरंगा फहरा कर अदम्य साहस का ऐतिहासिक मजमून लिख डाला था। दरअसल सन 1947-48 में भारत-पाक सेनाओं के दरम्यान कश्मीर युद्ध की जंगबंदी के बाद 'अक्वाम-ए-मुत्तहिदा' की मध्यस्थता से जुलाई 1949 को हुए 'कराची समझौते' के तहत मुकर्रर की गई 'युद्धविराम रेखा' का अंतिम बिंदु 'एनजे 9842' सुनिश्चित किया गया था। लेकिन एनजे 9842 के आगे हिमालय की काराकोरम रेंज में मौजूद बर्फ का रेगिस्तान कहा जाने वाला सियाचिन ग्लेशियर अधूरा रह गया था। पाक सेना ने 'बुर्जिल फोर्स' तैयार करके 'आपरेशन अबाबील' मंसूबे के तहत 17 अप्रैल 1984 को सियाचिन पर पेशकदमी की योजना बनाई थी। मगर भारतीय सेना ने 13 अप्रैल 1984 को विश्व के सबसे ऊंचे रणक्षेत्र सियाचिन के उपखंडों पर तिरंगा फहरा कर अपनी मौजूदगी सुनिश्चित कर दी थी। सन 1984 के आपरेशन 'मेघदूत' में सियाचिन पर कब्जा करने में सेना की 'चार कुमाऊं' व '19 कुमाऊं' बटालियन तथा 'लद्दाख स्काउट' के जवानों ने अनुकरणीय बहादुरी का परिचय दिया था। जब पाक हुक्मरानों को सियाचिन में भारतीय सेना की मौजूदगी का एहसास हुआ तो पाक सेना ने भी सियाचिन पर कब्जा करने के लिए सैन्य अभियान शुरू कर दिए। शुरुआती दौर में भारतीय सेना को सियाचिन में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मौके की नजाकत का लाभ उठाकर पाक सेना ने नवंबर 1986 में बिलाफोंड ला के नजदीक 'कायद पोस्ट' नामक सैन्य चौकी कायम कर ली। भारतीय सेना की 'आठ जैकलाई' बटालियन के बहादुर जवानों ने बेहद जोखिम भरे ऑपरेशन को अंजाम देकर 26 जून 1987 को कायद चौकी पर मौजूद पाक 'स्पेशल सर्विस ग्रुप' के सैनिकों को हलाक करके तिरंगा फहरा दिया था। उस सैन्य अभियान में सूबेदार 'बाना सिंह' को 'परमवीर चक्र' तथा मेजर 'वरिंदर सिंह मिन्हास' को 'वीर चक्र' से नवाजा गया था।



उस खतरनाक मिशन में 29 मई 1987 को बलिदान हुए लेफ्टिनेंट 'राजीव पांडे' को 'वीर चक्र' 'मरणोपरांत' से अलंकृत किया गया था। कायद पोस्ट अब 'बाना पोस्ट' के नाम से जानी जाती है। सन 1989 में सियाचिन में 'आपरेशन आईबेक्स' के दौरान पाक सेना पर जोरदार हमले में 'डोगरा रेजिमेंट' के हिमाचली शूरवीर 'सरदार सिंह' को अदम्य साहस के लिए 'वीर चक्र' से सरफराज किया गया था। सन 1992 में सियाचिन के 'चुलुंग' में पाक सेना ने भारतीय चौकियों पर हमला किया। लेकिन भारतीय सेना ने शिद्दत भरा पलटवार करके पाक हमलावर दस्ते को हलाक करके पाक 'फोर्स कमांडर नार्दर्न एरिया' ब्रिगेडियर 'मसूद नबीद अनवारी' को उनके हैलीकॉप्टर सहित मार गिराया था। सियाचिन पर कब्जा करने का सफर सेना के लिए आसान नहीं रहा है। 29 मई 1984 को सियाचिन में गश्त के दौरान 19 कुमाऊं के लेफ्टिनेंट 'प्रदीप सिंह पुंडीर' सहित 20 जवान बर्फीले तूफान की चपेट में आकर ग्लेशियर की आगोश में समा गए थे, जिनमें 14 सैनिकों के शव कुछ दिनों बाद बरामद हुए थे। एक सैनिक 'चंद्रशेखर' का पार्थिव शव 38 वर्षों बाद सन 2022 में मिला था। बाकी पांच सैनिकों के शव आज तक लापता हैं। चंद्रशेखर जैसे सैकड़ों सैनिक ग्लेशियरों की बर्फ तले दबे हैं। उन गुमनाम सैनिकों के परिजन आज भी अपने सपूतों के इंतजार में हैं। अप्रैल 1989 में 'गाड्र्स रेजिमेंट' के नौ जवान तथा सन 2016 में 'मद्रास रेजिमेंट' के दस सैनिक सियाचिन में एवलांच की चपेट में आकर बलिदान हो गए थे। सियाचिन में सैन्य बलिदान का सिलसिला बदस्तूर जारी है। जुलाई 2023 को सेना के डॉक्टर कैप्टन 'अंशुमान सिंह' 'कीर्ति चक्र' 'मरणोपरांत' सियाचिन में एक हादसे का शिकार हुए। हालांकि सन 2012 में सियाचिन के पश्चिम 'ग्यारी सेक्टर' में पाक सेना के 140 सैनिक बर्फीले तूफान की जद में आकर शहीद हो गए थे। बेशक पाकिस्तान के गिलगित व बाल्टिस्तान पर नजर रखने में सक्षम 2583 वर्ग कि.मी. में फैला सियाचिन भारत को चीन तक सीधी पहुंच प्रदान करता है।

कुछ अलग

# व्यंग्य की अंतिम इच्छा

**अचानक** व्यंग्य आत्महत्या करने पर आमादा हो गया। वह मरने के लिए गढ़े मुर्दे खोजने तक के लिए तैयार था ताकि गले-सड़े मुर्दों के बीच वह ऐतिहासिक मौत मरे। वह कई कब्रों के चक्कर काटने लगा, लेकिन अभी उन्हें खोदने का चांस दिखाई नहीं दे रहा, अंततः वह बड़ी ही तीव्र व अंतिम इच्छा से प्रेरित होकर औरंगजेब की कब्र पर जा बैठा। उसे उम्मीद है कि कोई न कोई उसे खोद देगा, तो वह वहां सदा के लिए समा जाएगा। व्यंग्य पर ढेरों आरोप लगे हैं, जबकि हजारों खोजे जा रहे हैं। वह शांत है, लेकिन उसे ही कोई आग, तो कोई विवाद मान रहा है। आरोप यह भी है कि व्यंग्य अब सीधे कानून को उल्टे हाथ में ले रहा है, इसलिए कानून व्यवस्था के हर खतरे में कोई न कोई व्यंग्य है। सरकार हालात बिगड़ने से पहले बिगड़े व्यंग्य को पूरी तरह सुधारना चाहती है। अक्सर खबरों के कारण व्यंग्य पैदा हो रहा है या कई बार खबर ही व्यंग्य हो जाती है। हालांकि खबर में व्यंग्य आने की वजह न व्यंग्य और न ही व्यंग्यकार है, बल्कि कई बार सदन की भाषा, भाषा की मर्यादा, योजनाओं का खाका या बजट की अभिलाषा व्यंग्य पैदा कर देती है। कुछ दिन पहले बड़ी मुश्किल से व्यंग्य को अदालत से बाहर भागना पड़ा, वहां फैसला कानून कर रहा था और बदनाम उसका चरित्र हो रहा था। हालांकि व्यंग्य कोशिश यह करता है कि वह सरकारी या कानूनी व्यवस्था में न घुस पाए, लेकिन देश जब चाक चौबंद होता है, तो इसे भी व्यंग्य समझा जाता है। देश सदन में बोलता है, व्यंग्य सदस्यों की जुबान पर चढ़ जाता है। व्यंग्य को अब मीडिया को देखते ही घबराहट होती है, वहां हर रिपोर्टिंग उससे मुकाबला करने पर तुली है। उसने मीडिया को हाथ-पांव जोड़ कर कहा, 'तुम चाहो तो अपनी पेशकश में स्टैंडअप कामेडी कर लो, लेकिन खामख्वाह व्यंग्य में न घुसो।' उसने आगे समझाया कि जब से टीवी के एंकर स्टैंडअप कामेडी कर रहे हैं, खबरें सचमुच कुछ न करतीं और न ही कहती हैं, बल्कि सुनने के बजाय इन्हें देखने में मजा आने लगा है। जनता को खबर के बजाय एंकर की तलाश है। व्यंग्य यह सोच-सोच कर दुबला हुआ कि कामेडियन बेकार होने लगे हैं। ये जहां से कामेडी लाते थे, वहां अब एंकर पैदा होने लगे हैं। दूसरी ओर व्यंग्य को व्यंग्यकार से ही छीना जा रहा है। व्यंग्य चाहता है वह जनता की गोदी में पले, लेकिन पत्रकार सरकार की गोदी से व्यंग्य पर प्रहार कर रहा है। इसी भ्रम में नागरिकों ने व्यंग्य को कुणाल कामरा समझ लिया है। जनता को लगा कि हर व्यंग्य वही है। जनता देश के मसलों में आदतन स्टैंडअप कामेडी हो चुकी है, इसलिए खुद पर कामेडी कर खुद ही मुस्करा लेती है। वह नेताओं के भाषणों से खुद को गुदगुदा लेती है। वह अब चुटकुले याद नहीं करती। मनोरंजन के लिए उसके हाथ में आया रिमोट आज्ञाकारी बना उसे न्यूज चैनल से जोड़े रखता है। वह अखबारों की खबरों में चुटकुले खोज लेती है। दरअसल व्यंग्य को न्यूज चैनलों व समाचारपत्रों के चुटकुलों ने बेरोजगार कर दिया है। व्यंग्य अपने ही व्यंग्य की अंतिम इच्छा के करीब पहुंच चुका था, इसलिए उसने सोचा कि इसके लिए किसी ऐसी कब्र पर जाकर बैठ जाना चाहिए, जहां इसके पूरा होने की संभावना अधिक हो। इसी संभावना से व्यंग्य औरंगजेब की कब्र पर बैठा ही था कि वहां दीमक उसकी अंतिम इच्छा पूछने आ गई। दीमक सियासी और सत्ता पक्ष की कट्टर समर्थक जैसी दिखाई दे रही थी। व्यंग्य को देख औरंगजेब की कब्र घबरा रही थी।

देश दुनीया से

# जाति की जंजीरें: आज़ादी के बाद भी मानसिक गुलामी

**भारत** जिसे आध्यात्मिकता और विविधता का देश कहा जाता है, अपने भीतर विरोधाभासों का एक ऐसा संसार छुपाए बैठा है जो कभी-कभी चौंका देता है। एक ओर हम विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर सामाजिक और सांस्कृतिक परतों में आज भी मध्ययुगीन सोच जड़ें जमाए बैठी है। एक ही समाज में ऐसे दृश्य देखने को मिलते हैं जहां लोग किसी बाबा के चरणामृत को 'अमृत' मानकर पी जाते हैं, यहां तक कि गोमूत्र और गोबर को औषधि बताकर उसका सेवन करते हैं; और उसी समाज में एक दलित व्यक्ति के हाथ का पानी पीना 'पाप' मान लिया जाता है। यही वह विडंबना है जिसे इस तीखे वाक्य ने पूरी ताकत से उजागर किया है—"आस्था पेशाब तक पिला देती है, जाति पानी तक नहीं पीने देती।" यह पंक्ति महज़ एक व्यंग्य नहीं, बल्कि भारतीय समाज की गहराई से जमी हुई दो बड़ी बीमारियों की पहचान है—एक है अंधविश्वास में डूबी आस्था और दूसरी है जातिगत भेदभाव। दोनों ही एक हद तक इंसानियत, तर्कशक्ति और समानता के मूल सिद्धांतों को चुनौती देते हैं। आस्था किसी भी समाज की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रीढ़ होती है। यह इंसान को एक उद्देश्य देती है, उसे नैतिकता और आत्मबल प्रदान करती है। लेकिन जब यही आस्था तर्क, विज्ञान और मानवाधिकारों की सीमा लांघकर अंधश्रद्धा में बदल जाती है, तब वह खतरनाक रूप ले लेती है। भारत में ऐसे अनेक उदाहरण हैं जहां धर्मगुरुओं ने अपने अनुयायियों को गोमूत्र पीने, मल-मूत्र का सेवन करने, या स्वयं को 'भगवान' घोषित कर देने जैसे कृत्य करवाए और लोग आंख मूंदकर उनका पालन करते रहे। एक बाबा द्वारा 'चमत्कारी जल' के नाम पर अपनी पेशाब पिलाने की खबरें भी समय-समय पर सामने आती रही हैं। श्रद्धालु इसे 'आशीर्वाद' मानकर पीते हैं, और मीडिया जब इन घटनाओं पर सवाल उठाती है, तो आरोप लगाया जाता है कि वह धर्म का अपमान कर रही है। यह कैसी आस्था है जो इंसान को अपनी सोच और विवेक को पूरी तरह त्यागने को विवश कर देती है? यह कैसी श्रद्धा है जो सवाल उठाने वालों को अपराधी बना देती है? अब बात करें उस दूसरी बड़ी सामाजिक बीमारी की—जातिवाद की। भारत में जाति एक ऐसी संरचना है जो जन्म के आधार पर व्यक्ति की सामाजिक हैसियत, पेशा, अधिकार और यहां तक कि जीवन-मरण के अवसर भी तय करती है। भारतीय संविधान ने भले ही जातिवाद को गैरकानूनी घोषित कर दिया हो, लेकिन सामाजिक मानसिकता में इसकी जड़ें आज भी उतनी ही गहरी हैं। आज भी देश के कई हिस्सों में दलितों को मंदिरों में प्रवेश नहीं मिलता, उनके लिए अलग कुएं या नल होते हैं, स्कूलों में उनके बच्चों को अलग बैठाया जाता है, और उनके स्पर्श मात्र से वस्तुएं 'अपवित्र' मानी जाती हैं। हाथ से मैला उठाने जैसी अमानवीय प्रथा आज भी समाप्त नहीं हुई है। ऐसे उदाहरण रोज़ सामने आते हैं जब दलित युवक को ऊंची जाति की लड़की से प्रेम करने के लिए मार दिया जाता है, या जब किसी गांव में सिर्फ इस वजह से उनके घरों में आग लगा दी जाती है कि उन्होंने 'मर्यादा' लांघी। यह कितना त्रासद है कि वही समाज जो गोमूत्र को औषधि मान सकता है, वह एक इंसान के छूने मात्र से पानी को अपवित्र मानता है। इस विरोधाभास की जड़ें कहीं और नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संरचना में छिपी हुई हैं। धर्म के नाम पर आस्था को हथियार बनाकर लोगों की सोच को नियंत्रित किया गया। धर्मग्रंथों की मनमानी व्याख्याओं के ज़रिए एक वर्ग को 'ऊंचा' और दूसरे को 'नीचा' साबित किया गया। जो सवाल उठाए, वह 'धर्म विरोधी' करार दे दिया गया। राजनीति ने भी इस व्यवस्था को खूब पोषित किया। जातियों को वोट बैंक में बदल दिया गया। आरक्षण के नाम पर नफरत फैलाई गई, लेकिन जातिगत अत्याचार को खत्म करने के लिए न ठोस प्रयास किए गए, न इच्छाशक्ति दिखाई गई। आस्था के नाम पर जनता को भावनात्मक रूप से बांधा गया, और वैज्ञानिक सोच को 'पश्चिमी विचारधारा' बताकर नकार दिया गया। शिक्षा वह उपकरण है जो समाज को तर्कशील और न्यायप्रिय बनाता है। लेकिन भारत की शिक्षा व्यवस्था में तर्क और मानवाधिकार की शिक्षा बहुत सीमित है। हम बच्चों को विज्ञान पढ़ाते हैं, लेकिन उनकी सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण नहीं भरते। हम उन्हें नैतिक शिक्षा देते हैं, लेकिन जातिवाद और सामाजिक न्याय के सवालों पर चुप रहते हैं। जब बच्चा स्कूल में यह देखता है कि उसके सहपाठी को 'चमार' या 'भंगी' कहा जा रहा है, जब शिक्षक ही छात्रों से जाति पूछते हैं, तो यह सोच उसकी चेतना में गहराई तक बैठ जाती है। यही बच्चा बड़ा होकर वही भेदभाव करता है, और एक बार फिर वह दुष्चक्र शुरू हो जाता है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, लेकिन जब बात जातिवाद या अंधविश्वास की आती है, तो उसका रुख या तो बेहद सतही होता है या पूरी तरह से चुप्पी ओढ़ लेता है। बाबाओं के चमत्कारों को वह 'मनोरंजन' के नाम पर दिखाता है, लेकिन किसी दलित की हत्या पर सिर्फ दो मिनट की रिपोर्ट चलाकर बात खत्म कर देता है। वह जानबूझकर ऐसे मुद्दों से बचता है जो उसे किसी 'विशेष वर्ग' से नाराज़ कर सकते हैं। वहीं समाज भी अपनी सुविधानुसार संवेदनशीलता चुनता है। गोमूत्र बेचने वाले को 'आधुनिक ऋषि' कहा जाता है, लेकिन मैनहोल की सफाई करते मजदूर की मौत पर कोई आवाज़ नहीं उठती। तर्कशील शिक्षा का विस्तारः स्कूलों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक न्याय पर आधारित पाठ्यक्रम को शामिल किया जाना चाहिए। बच्चों को बचपन से यह सिखाना ज़रूरी है कि आस्था का मतलब अंधश्रद्धा नहीं होता, और हर इंसान समान है। सख्त कानून और उनका क्रियान्वयनः जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ बने कानूनों को सिर्फ कागज़ पर नहीं, ज़मीन पर भी लागू करना होगा। दोषियों को सज़ा मिले, तभी समाज में बदलाव संभव है। मीडिया की ज़िम्मेदारीः मीडिया को इस विषय पर ईमानदार विमर्श शुरू करना चाहिए। दलितों के मुद्दों, जातिगत अन्याय और अंधविश्वास के खिलाफ सशक्त रिपोर्टिंग ज़रूरी है।



आप का नजरीया

# गोद में शिक्षा

**शिक्षा** का परचम और शिक्षा के परिचय को एक साथ जोडऩे की कोशिश में हिमाचल के सरकारी स्कूल अब गोद लिए जा रहे हैं। इंतखाब की एक कोशिश में दरगाह बन गए, इबादत करने हाथ उठाए न उठे तो क्या करेंगे। शिक्षा में आकाशीय गुणवत्ता लाने के लिए गोद का परिचय दिया जा रहा है, यानी जन प्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों या सेवानिवृत्त अफसरों व सैन्य अधिकारियों के सान्निध्य में स्कूलों में शिक्षा की पैरवी बढ़ेगी। कोशिश के लिए कोशिश अच्छी है और इससे परिसर को एक नाम भी मिलेगा। कल फलां स्कूल फलां व्यक्ति के नाम से चलेगा, तो एक ताजगी फर्ज में पहचानी जाएगी। जाहिर है स्कूल परिसर के नाम हस्तियों के दर्पण में देखे जाएंगे, तो पद्धति में बदलाव आ सकता है। कुछ अधिकारियों के व्यक्तित्व में जरूर ऐसी खूबी हो सकती है कि शिक्षा प्रांगण के आदर्श घूमते हुए नजर आएंगे। असली सवाल तो यह कि अब शिक्षा शुरू कहां से होती है। अब प्री नर्सरी से पहले जब कोई मां अपने मोबाइल से औलाद को व्यस्त रखना चाहती है, तो उन कार्यक्रमों की संगत में बचपना अपनी आंख खोलता है। औपचारिक शिक्षा से पहले बच्चों की बुनियाद से समाज की अठखेलियां जहां होती हैं, वहां जीवन के चिन्हित मंसूबे बाहर आते हैं। अतः आंगनबाड़ी या प्री नर्सरी स्कूलों में वाकई चरित्र और महत्त्वाकांक्षा की प्रारंभिक गोद दिखाई देनी चाहिए। एक अबोध बालक या बालिका को गोद का अर्थ समझाया जा सकता है, लेकिन जमा दो के छात्रों के लिए यह भी एक परिचय का बहाना है। बावजूद इसके शिक्षा में ऐसे प्रयास के अपने मूल्य और संदेश हैं। शिक्षा में छात्र किस चरित्र और महत्त्वाकांक्षा में अग्रसर होता है, यह एक ऐसा अध्याय है जो स्कूल के माहौल, अभिभावकों के विश्वास, पाठ्यक्रम की सार्थकता और व्यावहारिकता पर निर्भर करता है। बेशक गोद में कुछ खास पीरियड निकल आएं और जहां छात्र आदर्श पुरुषों की प्रेरणा, भाषा की संगत और दृष्टिकोण की नई अभिलाषा में आगे बढ़ें। मसलन कोई प्रशासनिक अधिकारी अगर स्कूल को अपनी गोद सौंपता है, तो उसका जीवन वृत, व्यावसायिक उपलब्धियां और व्यक्तित्व का करिश्माई अंदाज प्रेरणा स्रोत बनेगा, लेकिन चुनावी उधार से नेताओं के अर्जित व्यक्तित्व की गोद में सिर्फ प्रचार ही होगा। मसलन हिमाचल के सरकारी स्कूलों के वार्षिक समारोह एक तरह की सियासी कसरत है, जहां नेताओं का रुतबा परवान चढ़ता है। इसके विपरीत स्कूली माहौल में शिक्षा, शिक्षक और छात्रों का रुतबा आगे बढऩा चाहिए। अगर जिला के विभिन्न विभाग स्कूलों को गोद लें, तो खेल विभाग की दक्षता में खेल नर्सरी पैदा हो जाएगी। एक ही जिले में कोई फुटबाल, कोई हॉकी, कोई बैडमिंटन, तो कोई अन्य खेलों में प्रतिष्ठित स्कूल बन जाएगा। कला-संस्कृति विभाग की गोद में कई स्कूल हिमाचल का थियेटर बन सकते हैं। नाचते-गाते अगर बच्चों को कला की लत जाए, तो भविष्य में हिमाचली बच्चों का आकाश फिल्मों या टीवी क्षेत्र तक खुल सकता है। हिमाचल के इतिहास से जुड़ी संस्थाएं अगर अपनी गोद में स्कूली बच्चों को प्रश्रय दें, तो शिक्षा का रुझान शोध के कई नए अध्याय चुन लेगा।

# ब्राउन शुगर के साथ दो युवक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत 14 अप्रैल को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने छः ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। और 15 अप्रैल को जेल भेज दिया गया है।गिद्धौर थाना कांड संख्या 25/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है।यह कार्य सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल (भाज़्पुज़्सेज़) भारती प्रदेश निर्देशा अनुसार एंटी क्राइम के तहत थाना गेट समीप चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।गिरफ्तार युवक चतरा सदर थाना क्षेत्र के दारियातु गांव निवासी मनोहर साव का पुत्र टिंकू कुमार(21)व शिवकुमार दांगी का पुत्र आकाश कुमार (19) है। दोनों युवक अलग अलग बाइक से था। पुलिस को देखते ही दोनों युवक भागने का प्रयास किया।और पुलिस ने दोनों को खदेड़ कर पकड़ तलाशी लेने लगी। तलाशी के क्रम में पुलिस ने दोनों युवकों के पास से 6 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। दोनों युवक के पास से हीरो कंपनी के स्प्लेंडर गाड़ी नंबर जेएच 13 एच 4462 एवं ग्लैमर जेएच 13 एफ 4245 के साथ दो स्क्रीन टच मोबाइल भी जप्त किया गया है। छापामारी अभियान में सहायक अवर निरीक्षक विद्यानंद शर्मा के साथ गिद्धौर थाना के सशस्त्र बल जवान मौजूद थे।

## ग्राम संगठन की हुई बैठक समूह की महिलाओं ने जमा किया बचत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत जेएसएलपीएस के तहत संचालित सलगा प्लस कटघरा आजीविका महिला ग्राम संगठन की ec2 की बैठक मंगलवार को सलगा स्थित चबूतरा पर किया गया। बैठक आईपीआरपी सुनीता देवी के निर्देश अनुसार ग्राम संगठन के अध्यक्ष तुना देवी के अध्यक्षता में की गई। संचालन गायत्री देवी ने किया। जहां ग्राम संगठन से जुड़े 17 समूह की महिलाओं ने अपना अपना बचत जमा किया।एवं अपनी आजीवीका बढ़ाने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।जहां सर्व समिति से महिलाओं ने निर्णय लिया। कि समूह से कर्ज लेकर मुर्गी पालन बतख पालन एवं सामोहिक खेती गृहस्ती कर जीविका बढ़ाना है। एवं आगे बढ़ाना है।तथा सशक्त होना है। बैठक में प्रतिमा देवी नीतू देवी सरिता देवी पूजा कुमारी बेबी कुमारी बबीता कुमारी पुष्पा कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं।

## दयानंद पब्लिक स्कूल में अग्निशमन सुरक्षा को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत दयानंद पब्लिक स्कूल गाड़ीलॉन्ग टंडवा में बच्चों को आग बुझाने, तुरंत आग पर काबू पाने, आग से अपने आप को सुरक्षित रखने, तथा फायर सिलेंडर के उपयोग से संबंधित जानकारी दी गई, तथा बच्चों को जीवंत दिखलाकर व आग बूझाकर दिखलाया गया। इसमें विद्यालय के वर्ग नर्सरी से दशम वर्ग तक के बच्चे तथा बच्चियां शामिल हुए। इस मौके पर टंडवा एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा के अग्निशमन विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे द्य अधिकारियों ने अपने अभीभाषण के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया। विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने आग बुझाने को लेकर, प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ,सचिव व मैनेजर मौजूद रहे। अंत में सचिव पवन कुमार चौरसिया ने एनटीपीसी अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को इस कार्यशाला के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में इस प्रकार के कार्यशाला का आयोजन बार-बार करने का उनसे आग्रह किया। उनके द्वारा विद्यालय के बच्चों के बीच अग्निशमन से संबंधित लेख व चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## भाजपाइयो ने धूमधाम से मनाया अंबेडकर जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड के ग्राम सिंघानी में भाजपाइयों द्वारा प्रखंड स्तरीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाया गया। बाबा साहब की जयंती कार्यक्रम में सभी भाजपा पार्टी कार्यकर्ता ने भाग लिया लोगों द्वारा पुष्प मलार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए। वही भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सतीश कुमार दांगी ने बाबा साहब की जीवनी को कार्यकर्ताओं के समक्ष विस्तार पूर्वक अपना वक्तव्य रखें। उन्होंने कहा डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक कहे जाते हैं। वे संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे, और अपने जीवनकाल में समानता और लोगों के अधिकारों के लिए लड़े थे. हर साल 14 अप्रैल के दिन देश अंबेडकर जयंती मनाता है. इसी दिन साल 1891 में डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म हुआ था। इस दिन को अंबेडकर जयंती के नाम से भी जाना जाता है. डॉ. भीमराव अंबेडकर को बाबासाहेब कहकर भी पुकारा जाता है। वे मध्य प्रदेश के एक दलित परिवार में जन्में थे और उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा. डॉ.अंबेडकर ने अपनी शुरुआती शिक्षा बंबई में पूरी की और आगे की पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप लेकर यूनाइटेड स्टेट्स और फिर लंदन चले गए, भारत लौटे तो सामाजिक त्रुटियों से लड़े और पिछड़े वर्गो के लिए जीवनभर कार्यरत रहे। और सभी को समानता का अधिकार देने का काम किया। इस अवसर पर जिला मंत्री वासुदेव दांगी, बूथ अध्यक्ष सुखसागर राणा, नंदकिशोर दांगी, राजेंद्र ठाकुर, सतीश सिन्हा, नारायण राम दांगी, अर्जुन प्रजापति, राजेश प्रजापति, सुमन कुमार सुमन, समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय में भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने जीवन काल में समाज में व्याप्त छुआ-छूत, जातीय अस्पृश्यता की बेड़ियों से तो हमें मुक्ति दिला दिए। लेकिन जब तक हम अपने बच्चों को पढ़ा लिखाकर शिक्षित नहीं बनाएंगे,तब तक न तो समाजिक विषमता दूर होगी और न समाजिक एकता के उनके सपने पूरे होंगे। इसलिए अपने बच्चों में शिक्षा का लौ जलाएं और उन्हें एकता की शक्ति से पहचान करवाएं। आज उनकी 134 वीं जन्म जयंती पर पर शपथ लें कि अपने बच्चों को शिक्षा का अधिकार देकर उन्हें सशक्त बनाएंगे। जिससे समाज में व्याप्त समाजिक विषमता दूर होगी और यही डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## सीएमडी ने मगध आम्रपाली क्षेत्र का किया दौरा, फर्जीवाडा मामले में अधिकारियों को दिया कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नीलेन्दु सिंह ने सोमवार को आम्रपाली मगध कोल परियोजना क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना के खनन कार्य, कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच से संबंधित गतिविधियों का निरीक्षण कर संचालन की समीक्षा कर अधिकारियों को कई निर्देश दिया। महाप्रबंधक कार्यालय पहुँचने पर अधिकारियों द्वारा उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। सीएमडी ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में उन्होंने बाबा साहेब के संविधान निर्माण में योगदान, सामाजिक न्याय के लिए उनके संघर्ष तथा



समतामूलक समाज की उनकी कल्पना पर प्रकाश डाला। डीएमडी श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर अपने कार्यक्षेत्र में निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर की शिक्षाएं आज भी हमें मार्गदर्शन प्रदान करती हैं और एक न्यायसंगत एवं समावेशी समाज की दिशा में प्रेरित करती हैं। अधिकारी सूत्रों माने तो सीएमडी के दौरे से जालसाजी फर्जीवाड़ा करने वाले अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया गया वरीय अधिकारियों को गुमराह कर फर्जी जमाबंदी के आधार पर बड़े पैमाने में सीसीएल द्वारा नौकरी व मुआवजा बांटने और जालसाजी फर्जीवाडा कर वन भूमि के दोहन मामले की विभागीय जांच तेज हुई हैं। फर्जीवाड़ा से पिपरवार परियोजना में 22 लोगों को नौकरी बांटने जैसा हीं मामला मगध-आम्रपाली परियोजना क्षेत्र का भी प्रकाश में आया। जो संदर्भ संख्या सीसीएल/भर्ती/विज्ञापन,नन स्टाफ/1050 दिनांक 05/09/2024 से जुड़ा मामला बताया जाता हैं। जानकार ग्रामीणों का दावा हैं कि अवैध लाभ लेकर संबंधित अधिकारियों ने बाहरी लोगों को नौकरी और मुआवजा दिया गया हैं।

## ग्रामीण चिकित्सकों के लिये एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंनिकेत ढाबा मे रांची रिंग रोड सिमरिया स्थित ट्यूलिप हॉस्पिटल के सौजन्य से बारियातू प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण चिकित्सकों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहाँ उक्त हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ राजीव नंदन प्रसाद ने चिकित्सा से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयो की जानकारी दी. उन्होने बीपी, सुगर ,व महिलाओं मे होने वाले सामान्य बिमारियों के प्रारंभिक लक्षण और उसके उपचार के बारे में बताया. साथ ही पेट रोग, एनिमीया,मुत्र मार्ग संक्रमण, और शिशुओ मे होने वाले सामान्य रोग की पहचान को बताते हुए उसके ईलाज हेतु मार्गदर्शन दिए.आगे उन्होने एन्टिबायोटिक के ज्यादा प्रयोग से होने वाले साईड इफेक्ट और उसके निदान के उपाय को भी बारीकी से बताया. इस दोरान कई चिकित्सको के सवालो को भी जबाव दिए. अंत ट्युलिप अस्पताल के प्रबंधक सह जसलोक नर्सिंग कॉलेज के डायरेक्टर कुनाल गौतम द्वारा इस कार्यशाला मे सहभागिता के लिए सभी ग्रामीण चिकित्सको को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अस्पताल के कर्मी सचिन कर्माली, सहित दर्जनो ग्रामीण चिकित्सक मौजूद थे।

## मारांगलोइया में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड के मारांगलोइया गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा शिव मंदिर से शुरू होकर विभिन्न मोहल्लों से होती हुई रामघाट नदी पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कर जल भरा गया और वापस मंदिर लाया गया। कलश यात्रा में महिलाओं ने गेरुआ वस्त्र धारण कर हर हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कलश यात्रा के धार्मिक और सामाजिक महत्व को रेखांकित किया। इस मौके पर जीप सदस्य प्रियंका कुमारी, जिला परिषद सदस्य संतोषी सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, विक्रांत कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बाबा साहेब के विचारों को अपनाकर ही समाज का विकास संभव : अंचलाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती बारियातू में उत्साहपूर्वक मनाई गई। परियोजना उच्च विद्यालय से शोभायात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गो से होती हुई समारोह स्थल तक पहुंची।मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी नंद कुमार राम और विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य रमेश राम सहित कई जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। अंचलाधिकारी ने बाबा साहेब के 22 संकल्पों का उल्लेख करते हुए अंधविश्वास और पाखंड त्याग कर शिक्षा व एकता अपनाने का आह्वान किया। बालिकाओं ने मंच से अंबेडकर के जीवन पर प्रस्तुति दी, वहीं बच्चों को कॉपी-कलम देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामप्रीत लोहरा व राजुरामवृक्ष लोहरा ने किया और समापन संजय राम के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## जमीनी विवाद में जानलेवा हमला, पांच लोग गंभीर रूप से घायल



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमीनी विवाद को लेकर एक गंभीर और साजिशन हमला सामने आया है। लातेहार थाना के ग्राम कुदाग टोला फुलवरिया टांड़ के निवासी अभिनंदन तिर्की और उनके परिवार पर मंगलवार की शाम उनके ही गोतिया (रिश्तेदारों) द्वारा जानलेवा हमला किया गया। हमलावरों ने पीड़ितों के घर में घुसकर बेरहमी से पिटाई की और जान से मारने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही छात्र नेता कमलेश उराँव मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है।श्री उरांव ने कहा कि यह घटना स्थानीय प्रशासन के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि गांव में जमीनी विवाद अब हिंसक रूप ले रहे हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से न्याय और हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## आज होगा गैर सरकारी विद्यालयों के प्राचार्य एवं अभिभावकों की बैठक

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ में निजी स्कूलों की मनमानी एवं रीड एडमिशन और बुक के नाम पर हो हो रहे हैं अभिभावक की जब दिल्ली की खबर विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी की पहल पर बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में सुबह 10-00 बजे से विभिन्न निजी विद्यालय की बैठक रखी गई है जिसमें बालूमाथ वीडियो सोमा उराँव बालूमाथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सेमत कई पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे ।जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि समाचार पत्रों के माध्य से निजी विद्यालयों द्वारा री एडमिशन शुल्क एवं मनमानी ढंग से फीस बढ़ोतरी की खबर प्रकाशित हुआ था। जिसमें कई सामाजिक व्यक्तियों के द्वारा मुखर होकर इसका विरोध किया जा रहा था द्यमामला संज्ञान में आने के बाद जिप उपाध्याय अनीता देवी ने बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव जी से इस संबंध में एक बैठक आहूत करने का अनुरोध किया था। जिसके आलोक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा बैठक संबंधी पत्र निकाला गया है द्ययह बैठक आज 10:00 बजे प्रखंड कार्यालय सभागार में रखी गई है द्य बैठक में सभी निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है द्यसाथ-साथ सभी जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है द्यजिप उपाध्यक्ष ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत मनमाने ढंग से फीस बढ़ोतरी नहीं की जा सकती है और न हीं एडमिशन का कोई विकल्प है द्य यह पूरी तरह गलत है द्यबैठक में उन्होंने अभिभावक से पहुँचकर बात रखने का अपील किया है। ताकि किसी भी अभिभावक के साथ अन्याय नहीं हो।

## अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के उदयपुरा स्थित जगलदगा के पास मंगलवार सुबह करीब 11 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान तबरेज अंसारी (20 वर्ष), पिता इनुष अंसारी, ग्राम डीही निवासी के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, तबरेज अंसारी मोटरसाइकिल से रांची से अपने गांव डीही लौट रहा था। इसी दौरान उदयपुरा के निकट जगलदगा के पास एक अज्ञात ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत इसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रो-रो कर बेहाल हैं। पुलिस अज्ञात ट्रक की तलाश में जुट गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत एसवीएम में मॉक ड्रिल व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड अग्निशमन सेवा के तत्वाधान में लातेहार जिला के अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारियों की तरफ से स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर पथ लातेहार के भैया बहन/ आचार्य दीदी जी/ कर्मचारियों के बीच अग्निशमन सेवा सप्ताह को मनाते हुए आग़ से होने वाली दुर्घटनाओं को कैसे नियंत्रित किया जाए इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यालय के खेल मैदान में लातेहार जिला के अग्निशमन सेवा दल की तरफ से अग्निशमन पदाधिकारी गोपाल कुमार दास, प्रभारी मनोज कुमार सिंह, गौरी शंकर पांडे एवं राम विलास उरांव द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया जो काफी सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा। विद्यालय के आचार्य कपिल देव प्रमाणिक ने भी जलते एलपीजी गैस सिलेंडर को भैया बहनों के बीच अग्निशमन पदाधिकारी के निर्देशानुसार बुझाकर दिखाने का काम किया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सह प्रभारी प्रधानाचार्य ओंकारनाथ सहाय के दिशा निर्देशन में सारा कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में अग्निशमन सेवा दल लातेहार जिला टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि भैया बहनों के बीच ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई।और भविष्य में भी भैया बहनों के बीच आग से कैसे कम क्षतिपूर्ति हो इसके भी उपाय बताए गए। इस अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी की गरिमामई उपस्थित रही।

# उपायुक्त ने की पेयजल व स्वच्छता कार्यों की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत किए जा रहें कार्यो की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता योजनाओं का निरंतर देख-रेख करना सुनिश्चित करें एवं किसी भी जालमीनार के खराब होने की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित गति से ठीक करना सुनिश्चित करेंगें। जिससे कि गर्मी के मौसम में आम ग्रामीणों को पेयजल हेतु कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत पूर्ण किय गये योजनओं के संबंध में प्रखण्डवार समीक्षा कर आवश्यक व उचित




दिशा निर्देश दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता/ वाश प्रखण्ड समन्वयक/जिला समन्वयक को निदेश दिया गया कि मॉडल ग्राम की संख्या की वृद्धि के संबंध में सभी इकाईयों का ध्यान रखते हुए ससमय मॉडल ग्राम घोषित करना सुनिश्चित करेंगें साथ ही निदेशित किया गया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण चरण -2 के तहत सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत शौचालय एवं ठोस तरल प्रबंधन हेतु निर्मित ईकाइयों का हर माह उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएंगें। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल दीपक महतो एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# पेट्रोल पंप के मैनेजर की गोली मारकर हत्या





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मंगलवार को एक बड़ी वारदात सामने आई है। इचाक थाना क्षेत्र के सालफर्नी में पेट्रोल पंप के मैनेजर शंकर रविदास की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक कुटुंबसूत्री गांव का रहने वाला था।घटना उस वक्त हुई, जब शंकर पेट्रोल पंप का तीन दिन का कलेक्शन बैंक में जमा करने जा रहे थे। यह राशि करीब 16 से 18 लाख रुपए थी।बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। हमलावर रुपए लेकर वारदात के बाद सीजुआ जंगल की तरफ भाग गए।हालांकि पुलिस ने लूट की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। शंकर के पीठ में एक गोली लगी है। इधर, एसपी अरविंद कुमार सिंह ने मौके का जायजा लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।वहीं, स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर रोष है। उनका कहना है कि हजारीबाग में अपराध बढ़ रहा है। मुख्य सड़क पर दिन में हुई इस वारदात ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान जारी है। हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई तेज है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

# केरेडारी के एंजल्स पब्लिक स्कूल में अम्बेडकर जयंती मनाई गई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** एंजल्स पब्लिक स्कूल केरेडारी में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की चित्र पर माल्यार्पण करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य विमल कुमार वर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने पूरे देश मे शिक्षा का अलख जगाया है, इसके अलावे भारत के सविधान के निर्माता है साथ ही इनके द्वारा लिखे गए सविधान से पूरा भारत देश चल रहा है, इसलिए इनके दिखाए मार्ग पर सभी को चलने की आवश्यकता है ! कार्यक्रम के अध्यक्षता व संचालन विद्यालय के सहायक शिक्षक उमेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं बच्चों ने बाबा साहब की चित्र पर माल्यार्पण किया एवं उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर विक्रम सिंह, सपना कुमारी, पूजा कुमारी, काजल कुमारी,वेरोनिका हेंब्रम, सोनामुनि मुर्मू, सबिता मुर्मू समेत सभी बच्चे व शिक्षक उपस्थित थे।

# जिला सम्मेलन को लेकर भाकपा माले की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** 17 अप्रैल से 18 अप्रैल तक बड़कागांव के कुशवाहा धर्मशाला में भाकपा माले के जिला सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर भाकपा माले केरेडारी प्रखंड कमिटी की जीवी बैठक केरेडारी पंचायत भवन में मंगलवार को हुई। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में जिला कमिटी की ओर से शाहिद अंसारी शामिल हुए। बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने और तैयारियों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया साथ ही सदस्यता अभियान बड़कागांव विधान सभा में कोल कंपनियों के द्वारा जमीन अधिग्रहण मुआवजा विस्थापन पुनर्वास रोजगार समेत अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा किया गया साथ हीं एक स्वर में निर्णय लिया गया कि जिला सम्मेलन को सफल बनाते हुए एक धारदार आंदोलन की जरूरत है जिसे भाकपा माले हीं कर सकती है। भाकपा माले पर पूरे विधासभा वासियों की निगाहें टिकी हैं। बैठक में पर्यवेक्षक मो शाहिद अंसारी पैरू प्रताप राम दर्शन गंझू चरित्र राम विदेशी साव ईश्वरी साव देवानंद भोक्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# कुसुम्भा में लगाया गया पोषण पकवान प्रदर्शनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के कुसुंभा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को पंचायत के आंगनवाडी सेविका- सहायिका द्वारा पोषण पकवान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के घरेलू एवं प्राचीन खाद्य सामग्री एवं पकवान का प्रदर्शनी किया गया। जिसमे सबसे ज्यादा तारीफ बिना तेल के बने मडुआ रोटी का किया गया। यह रोटी पोषक तत्वों से भरपूर एवं खाने स्वादिष्ट और सेहत के लिए सर्वोत्तम व्यंजन माना जाता है। इस प्रदर्शनी में कुल आठ आंगनवाडी केंद्र के सहायिका एवं सेविकाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत मुखिया दुलारचंद पटेल उपस्थित रहे। मुखिया दुलारचंद पटेल ने कहा कि लगाए गए पोषण पकवान प्रदर्शनी आयोजन में सभी सहायिका एवं सेविकाओं ने घरेलू एवं प्राचीन खाद्य सामग्री का बेहतरीन प्रदर्शन किया। पकवान प्रदर्शनी में स्वादिष्ट एवं अच्छे पकवान के लिए प्रथम स्थान पर उमा देवी, द्वितीय स्थान पर अलखरी खुर्द के जयंती देवी, तृतीय स्थान में कुसुंभा के आयशा नूरी रही। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य चिंता देवी, समाजसेवी हीरामन महतो, प्रदीप कुमार महतो, सुरेश मुर्मू के अलावे दर्जनों लोग मौजूद थे।

# विजैया बैंक मोड़ पर धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती, विधायक मनोज यादव ने किया प्रतिमा का अनावरण

**डॉ. अंबेडकर ने न सिर्फ दलित समाज बल्कि पूरे भारत को समानता, शिक्षा और न्याय का मार्ग दिखाया : मनोज यादव**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखण्ड के गुड़ियों विजैया बैंक मोड़ पर मंगलवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई और उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम दानवीर क्लब गुड़ियों द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों और संगठनों ने एकजुट होकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज यादव रहे, जिन्होंने प्रतिमा का अनावरण कर बाबा साहेब के विचारों और योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने न सिर्फ दलित समाज बल्कि पूरे भारत को समानता, शिक्षा और न्याय का मार्ग दिखाया। उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत है, और आज की पीढ़ी को उनके सिद्धांतों को अपनाने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें कांग्रेस एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो. कयूम, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, रविदास समाज के अध्यक्ष अर्जुन रविदास शामिल थे। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में महिला नेत्री कांति देवी, पूर्व मुखिया दसरथ यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रघुनाथ मोदी, दानवीर क्लब अध्यक्ष रामकिशुन ठाकुर, उपाध्यक्ष कार्तिक पासवान, सचिव विद्यासागर पासवान, सदस्य महेंद्र पासवान, डॉ. उमेश भारती, सोनू पासवान, बासुदेव पासवान, बाला लखेन्द्र पासवान, बहादुर पासवान, डिलो पासवान समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आज से चलेगा चलो घर बनाए अभियान

**लंबित आवास के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें : बीडीओ**

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एवं अन्य आवास से संबंधित सभी योजनाओं को शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए 16 एवं 17 अप्रैल को ÷चलो घर बनाए अभियान÷ का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी बरही बीडीओ जयपाल महतो ने दिया।उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य अन्य जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव, संबंधित पंचायत के ग्राम रोजगार सेवक आपसी समन्वय स्थापित कर टीम बनाकर सभी योग्य लाभुक जिनके द्वारा आवास कार्य लंबित रखा गया है, उनसे संपर्क स्थापित कर चलो घर बनाए अभियान के अंतर्गत उन्हें प्रोत्साहित कर आवास कार्य में प्रगति लाते हुए आवास पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य के लिए पंचायतवार टीम भी गठन कर दिया गया है। चलो घर बनाए अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रकार के लंबित आवास को शत प्रतिशत पूर्ण करना लक्ष्य निर्धारित है।उक्त कार्य बीडीओ के दिशा निर्देश पर प्रखंड समन्वयक कमलेश कुमार भारती के देखरेख में किया जाएगा। वहीं कहा कि बरही प्रखंड में लगभग 1600 आवास लंबित पड़ा हुआ है। किसी का जिओ टैग की समस्या है तो कहीं बड़ा घर बनाने के चक्कर में लाभुक के पास फंड की कमी सामने आ रही है। वहीं पलायन की भी समस्या आ रही है। जिसे प्रोत्साहित कर आवास को जल्द पूरा किया जाएगा। वहीं बताया कि 30 से 32 आवाज ऐसे हैं जो 4 साल से ज्यादा अवधि से लंबित है। वैसे आवासों को पूरा किया जाएगा। वही कहा कि वैसे लाभुक जिनका पूरा भुगतान होने के बाद भी आवास नहीं बनाया गया है, उन पर सर्टिफिकेट केस करके राशि की वसूली की जाएगी।




# विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, चुरचू में लोगों को दी गई कानूनी जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड मुख्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग द्वारा सोमवार को चुरचू प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने की। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से दो अधिवक्ता ङ्क एडवोकेट विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी अधिकारों और विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके मौलिक अधिकारों, विधिक सहायता योजनाओं तथा न्यायिक प्रक्रिया की सरल जानकारी देना था, ताकि आमजन भी अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सकें और किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या में वे उचित सहायता प्राप्त कर सकें। प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी गाँवों में बहुत से लोग अपने अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी के अभाव में न्याय से वंचित रह जाते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान निश्चित रूप से लोगों के लिए सहायक सिद्ध होगा। एडवोकेट ने लोगों को घरेलू हिंसा, भूमि विवाद, निःशुल्क विधिक सहायता, महिला एवं बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार तथा लोक अदालत की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं एडवोकेट ने बताया कि कैसे जरूरतमंद व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से मुफ्त कानूनी सलाह और सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य हर वर्ग तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ललीत राम समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षकों एवं युवाओं ने भाग लिया। लोगों ने अधिवक्ताओं से सीधे संवाद कर अपने कानूनी सवालों के उत्तर भी प्राप्त किए।




# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, अंचलाधिकारी ने जारी किया नोटिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में भूमाफियाओं के द्वारा जमीन के फर्जी कागजातों के बल पर सरकारी गैरमजरूआ भूमि कब्जाने का मामला प्रकाश में तब आया जब विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास के पास चेडरा पंचायत चलंगा बिरहोर टोला से एक बिरहोर की जमीन अवैध रूप से खरीदारी कर जमीन कब्जाने का मामला प्रकाश में आया।साथ हीं बिरहोर टोला से सटे पहाड़ी की जमीन भी हथियाने का प्रयास जारी था।इस सब घटना क्रम को देखते हुए विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने कुल 22 लोगो को खाता -50,प्लॉट-02 व अन्य जगहों में अवैध कब्जाधारियों को नोटिस करते हुए 21 अप्रैल 2025 को समय 11=00 बजे अंचल कार्यालय में उपस्थित होकर जमीन संबधी दस्तावेज जमा करने की बात कही गई है।

**सरकारी भूमि पर अवैध कब्जाधारियों के नाम।**

1)रामदास मंडल पिता महादेव मंडल,2)पुनीत तुरी पिता सीटा तुरी,3)अमृत मंडल पिता लोकन मंडल,4)रामलाल तुरी पिता सीटा तुरी,5)विनोद मंडल पिता गोविंद मंडल,6)कृष्णा मंडल पिता लालजी मंडल,7)व्यास सिंह पिता स्व.भुनेश्वर सिंह,8) पार्वती देवी पति स्व सोमनाथ महतो,9)रामनाथ महतो पिता स्व.नान्हू महतो,10) भुनेश्वर सिंह पिता नामालूम,11)मेघलाल मंडल पिता स्व.खिरो महतो,12)रामलाल मंडल पिता स्व.किशुन मंडल,13)प्रकाश मंडल पिता नामालूम,14)मंजू देवी पति रमेश मंडल,15)पचू मंडल पिता स्व.अमृत महतो,16)राजू साव पिता संतोषी साव,17)अज्ञात पिता अज्ञात ,18)ब्रह्मदेव साव पिता बुलाकी नायक,19)श्री साव पिता स्व.तिलक साव,20)धनवा देवी पति नागों साव,21)मुरली साव पिता स्व.हुलास साव,22)पुरन मिस्त्री पिता चुरामन मिस्त्री को नोटिस जारी किया।

# अष्टभुजी धाम में ब्राह्मण समाज करेगा अपने आराध्य की आराधना

**भगवान् परशुराम जन्मोत्सव की हो रही है तैयारी**






**केरेडारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ब्राह्मण समाज द्वारा 29 अप्रैल को सूबे के हजारीबाग जिले के बहुचर्चित सिद्ध पीठ मां अष्टभुजी धाम मातास्थान कंडाबेर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए आयोजक मंडली के दिवाकर पाठक ने कहा कि भव्यता और दिव्यता के इस अनोखे संगम तट पर सफल पुण्य तिथि में ब्राह्मण समाज अपने आराध्य की आराधना करेगा। आयोजन के इस अवसर पर समाज के सर्वांगीण मुद्दों पर होगी विशेष चर्चा की जाएगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपने आराध्य का आशीर्वाद ग्रहण कर,उनके पद चिन्हों पर चलना है। जिस प्रकार भगवान परशु राम ने असत्य पर सत्य की स्थापना की आज हम सभी को उनके पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है तभी सामाजिक सशक्तिकरण की भूमिका फलीभूत हो सकेगी। सनातन का सिरमौर कहलाने वाले समाज की आर्थिक,सामाजिक और राजनैतिक मूल्यों पर विशेष बल देने की आवश्यकता है तभी सामाजिक जीवन की राह सुगम हो सकेगी। जब तक सामाजिक हितों की रक्षा नहीं होगी,तब तक इनकी दशा और दिशा को सुदृढ़ करना बेमानी होगी। आज देश की तमाम राजनीतिक पार्टियां केवल इन्हें अपना वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती हैं,पर सही मायने में देखा जाय तो इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है ऊपर से आरक्षण के अंधकार में ये अपना जीवन जिनें को मजबूर हैं! मेरिट के बावजूद भी लिस्ट में अपना नाम दर्ज कर पाना किसी चुनौती से कम नहीं इसलिए एकता का सूत्र शिरोधार्य कर,समाज का नेतृत्व करें,तभी जीवन ज्योति का अमर प्रताप पूंज प्रवाहित होता रहेगा। ब्राह्मणों को अपने अस्तित्व का ख्याल रखते हुए,अपने आन,बान और शान की रक्षा स्वयं करनी होगी जिससे नैतिक मूल्यों को जिंदा रखा जा सके। यह हमेशा याद रखें की आप केवल अपने वर्ग का नेतृत्व नहीं कर रहे,बल्कि संपूर्ण समाज के कल्याण की जिम्मेवारी आपके कंधो पर है! इसलिए स्वयं भी सफल हों दूसरो को भी सफल बनाएं तभी इतिहास के पन्नों में आपकी उपस्थिति सही मायने में दर्ज हो सकेगी. समाज के गणमान्य व बुद्धिजीवी गण अपनी उपस्थिति दर्ज कर उक्त आयोजन को सफल बनाने की अपील की.

# पोषण अभियान योजना के तहत जन-जागरूकता हेतु उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा प्रचार-रथ किया गया रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नैन्सी सहाय, उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा पोषण अभियान योजना के तहत जिलान्तर्गत सभी प्रखण्डों में जन-जागरूकता हेतु प्रचार-रथ को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय भवन से रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा जानकारी दी गई कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग से प्राप्त निदेशानुसार पोषण अभियान योजना के अन्तर्गत दिनांक- 08.04.2025 से 22.04.2025 तक हजारीबाग जिला में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन संचार तथा सामुदायिक भागीदारी रणनीतियों के माध्यम से जन-समुदाय के पोषण स्तर में सुधार किया जाना है। इसके तहत जिला, प्रखण्ड, ग्राम पंचायत एवं आँगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर गतिविधियों हेतु निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। पोषण अभियान के दौरान आँगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की वृद्धि निगरानी, जीवन के पहले 1000 दिनों के महत्व पर चर्चा, समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापा के नियंत्रण हेतु स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना जैसे विषयों पर जागरूकता अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। पोषण पखवाडा के दौरान लाभार्थी मॉडयूल को लोकप्रिय बनाना भी एक उद्देश्य है। इसके तहत पोषण ट्रैकर एप्लिकेषन को हर लाभार्थी तक पहुँचाने के लिए पोषण ट्रैक वेब एप्लिकेशन में लाभार्थियों का स्वयं पंजीकरण का विकल्प जोड़ा गया है। अब लाभार्थी स्वयं अपना पंजीकरण के साथ-साथ, आँगनबाड़ी केन्द्र में दी जा रही सेवाओं की भी जानकारी ले सकते हैं। पोषण पखवाडा के तहत जागरूकता अभियान में स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कल्याण विभाग, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के समन्वय से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए पोषण अभियान के डैशबोर्ड पर प्रविष्टि किये जाने हेतु निदेशित किया गया है। प्रचार-रथ रवाना किये जाने के दौरा इश्तियाक अहमद, उप विकास आयुक्त, हजारीबाग, पंकज तिवारी, जिला योजना पदाधिकारी, हजारीबाग, शिप्रा सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग, निवेदिता रॉय, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, हजारीबाग, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हजारीबाग ग्रामीण, बड़कागाँव एवं कटकमसांडी, विभिन्न परियोजना की महिला पर्यवेक्षिकाएँ, हजारीबाग ग्रामीण परियोजना की सेविकाएँ तथा समाज कल्याण विभाग एवं बाल संरक्षण इकाई के कर्मी गण मौजूद थे।

# प्रदीप प्रसाद ने शहर के लाखे पहुंचकर समस्याओं का लिया जायजा

**क्षेत्रवासियों की समस्या मेरी अपनी समस्या है, नाली सफाई व निर्माण कार्य अविलंब शुरू कराया जाएगा : प्रदीप प्रसाद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लगातार हो रही बारिश ने हजारीबाग शहर की सड़कों और नालियों की स्थिति को बेहाल कर दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद स्वयं क्षेत्र भ्रमण पर निकले और लाखे मे स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। श्री प्रसाद बिना किसी पूर्व सूचना के क्षेत्र में पहुंचे और जैसे ही उन्होंने वहां की स्थिति देखी, वे काफी व्यथित हुए। जगह-जगह जलजमाव, गंदगी और जाम नालियों की स्थिति को देखते हुए उन्होंने तुरंत नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त व एन एच के पदाधिकारियों को मौके पर बुलाया। कुछ ही समय में नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद विधायक, नगर निगम अधिकारी व एन एच और स्थानीय नागरिकों के बीच समस्याओं को लेकर विस्तृत बातचीत हुई। लाखे रोड के दोनों ओर की नालियां अत्यधिक गंदी और जाम पाई गई। विधायक ने नगर निगम को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र की सफाई कराई जाए तथा जहां आवश्यक हो वहां नालियों के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा जनता की समस्या मेरी अपनी समस्या है। इसे हल करना मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है। विधायक के अचानक क्षेत्र में पहुंचने से स्थानीय नागरिकों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। लोगों के चेहरों पर राहत और उम्मीद की झलक देखने को मिली। नागरिकों ने विधायक द्वारा सीधे तौर पर समस्या को सुनने और मौके पर कार्रवाई की पहल के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। करीब आधे घंटे से अधिक समय तक श्री प्रसाद मौके पर मौजूद रहे और हर छोटी-बड़ी समस्या को गंभीरता से सुना। क्षेत्रवासियों ने उन्हें नालियों की सफाई, जल निकासी की व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत और नियमित कचरा उठाव से संबंधित विभिन्न मुद्दों से अवगत कराया। विधायक ने इन सभी समस्याओं को संबंधित विभागों तक तत्काल पहुंचाने और शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। हजारीबाग सदर विधायक की इस सक्रियता ने यह सिद्ध कर दिया कि वे केवल मंचों से नहीं, बल्कि मैदान में उतरकर जनता के साथ खड़े होकर समस्याओं का समाधान करते हैं।

# पति को अपहरण करवाने वाली पत्नी व उसके सहयोगी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत

**कटकमसांडी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना कांड संख्या 51/25 के आरोपी गिरधारी यादव पिता बिंदेश्वर यादव ग्राम कन्नौदी , जिला चतरा और सुषमा देवी पति रंजीत यादव, ग्राम मारीगढ थाना कटकमसांडी जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।इस बाबत कटकमसांडी थाना प्रभारी राजबलभ कुमार ने बताया कि दोनों पर अपहरण एवं मारपीट का आरोप है। गिरफ्तार सुषमा देवी अपने पति को ही षडयंत्र के तहत अपहरण करवाकर जानलेवा हमला करवाई थी । पेलावल अंचल इंस्पेक्टर बिनोद कुमार को इसकी गुप्त सूचना मिली थी तभी कटकमसांडी पुलिस ने त्वरित करवाई कर रंजीत यादव का जान बचाया गया था ।

## चितरपुर कॉलेज मे संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-द्ध के तहत चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती बहुत धूमधाम से मनायी गयी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने दीप प्रज्वलित कर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करके पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने भी पुष्प अर्पित किए। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ संज्ञा ने कहा कि हमें बाबा साहब के बताए मार्ग चलना चाहिए।कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-द्ध के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. उत्तम कुमार ने प्राचार्या के देखरेख में किया तथा संचालन प्रो. निरंजन महतो ने किया। कार्यक्रम में प्रो. ज्योति कुमारी, प्रो. जूही उपाध्याय, प्रो. अंजू कुमारी, प्रो. निकहत प्रवीण, प्रो. हीना कौसर, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. उत्तम सिंह, सहित ज़फरुल हसन खान, रवि कुमार, कुसुम कुमारी, आसिया आफ़रीन, सोनू कुमार, राजेश तिवारी, अमीर अली, राहुल, प्रकाश, पूनम, करमी, मनीषा, रिया, पूजा, सांवली सहित छात्र-छात्राएँ उपस्थित थीं।



## रामगढ़ जिला अंतर्गत फ्लैट/अपार्टमेंट के निबंधन को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** निबंधक महानिरीक्षक राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड सरकार से फ्लैट/अपार्टमेंट के निबंधन को लेकर प्राप्त निर्देश के आलोक में मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त के द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत नगर परिषद एवं छावनी परिषद क्षेत्र में निर्मित फ्लैट एवं अपार्टमेंट की जानकारी ली गई। इस संबंध में नगर प्रबंधक नगर परिषद द्वारा बताया गया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र में कुल 8 अपार्टमेंट निर्मित है वही छावनी परिषद अंतर्गत 1 अपार्टमेंट निर्मित है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अवर निबंधक रामगढ़ को रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी अपार्टमेंट में स्थित फ्लैट का निबंधन तीव्र गति से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



## विद्युत अधीक्षण अभियंता रामगढ़ को विभिन्न स्थान पर पोल तार एवं ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर ज्ञापन दिया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विद्युत अधीक्षण अभियंता रामगढ़ को रामगढ़ के विभिन्न स्थान पर पोल तार एवं ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर ज्ञापन दिया एवं साथ में विभाग को 15 दिनों के अंदर कार्य को नहीं करने पर रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी बाध्य होकर घेराव धरना प्रदर्शन एवं तालाबंदी जैसे कार्यक्रम करने की चेतावनी दी विद्युत अधीक्षण अभियंता ने आश्वासन दिया है की जल्दी विभाग की मीटिंग कर कार्य का निष्पादन कर दिया जाएगा ।ज्ञापन देने में वालों में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष बलराम साहू नगर उपाध्यक्ष संजीव खंडेलवाल नगर सेवा दल अध्यक्ष जयकुमार अग्रवाल विक्की वर्मा जोहर प्रसाद पिंटू नायक महेंद्र सोनी चंदन शर्मा आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

# खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं






**❍यह युवाओं में अनुशासन और नेतृत्व को बढ़ावा देते हैं विधायक ममता देवी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधायक ममता देवी ने फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, इरबा के तत्वावधान में हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल नॉकआउट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन का खिलाड़ी से परिचय प्राप्त व बल्लेबाजी कर शुभारंभ कि मुख्य अतिथि ममता देवी ने कहा कि ÷खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। यह न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना को भी बढ़ावा देते हैं। इस प्रकार के टूर्नामेंट स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। मैं आयोजन समिति को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई देती हूं।वे हाजी अब्दुर रज्जाक अंसारी फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल नॉकआउट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के विशेष उद्घाटन समारोह में बोल रही थीं। यह टूर्नामेंट फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, इरबा के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसे लेकर स्थानीय खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है। हर दिन बड़ी संख्या में दर्शक उमड़ रहे हैं और खिलाड़ियों का जोश देखने लायक है।विशेष मैच का उद्घाटन विधायक ममता देवी, बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, तथा फादर दीपक कुजूर की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। समारोह की शुरुआत विधायक द्वारा बैट से प्रतीकात्मक शॉट लगाकर की गई।अब तक के मुकाबलों में पुंडाग 11 और नेवरी 11 ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। को पहला सेमीफाइनल हाजी एहसान अंसारी क्रिकेट क्लब और कर्मा क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा, इसके बाद पुंडाग 11 और नेवरी 11 के बीच दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला होगा। दोनों विजेता टीमें महाफाइनल में आमने-सामने होंगी।

# सयाल अंबेडकर भवन में डॉ भीमराव अम्बेडकर कि 134 वी जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनी

**❍ हम सभी को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के बताए मार्ग पर चलना चाहिए : रमेन्द्र कुमार**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**उरीमारी :** सयाल अंबेडकर भवन मैदान में सोमवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि 134 वी जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। वहीं इस समारोह के मुख्य अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह कोल इंडिया जेबीसीसीआई सदस्य कामरेड रमेन्द्र कुमार व विशिष्ट अतिथि बिरसा परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार,सौंदा डी पीओ रामेश्वर मुंडा, पुर्व जिला पार्षद अर्चना,पम्मी कुमार, आकांक्षा शर्मा,सयाल उत्तरी पंचायत की मुखिया आशा देवी, सयाल के के मुखिया रीता कुमारी, ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया गया। वहीं सयाल अंबेडकर समिति के सभी सदस्यों ने एक-एक कर बाबासाहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं इसके उपरांत सयाल अंबेडकर समिति के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों को बैच एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड रमेंद्र कुमार ने कहा है कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के सृजनकर्ता थे हम सभी को उनके बताएं मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। वहीं क्षेत्र के विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया मौके पर सभी बच्चों को उपहार देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। वही समारोह को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि एवं झामुमो नेता सत्येंद्र यादव, संजय शर्मा, वीरेंद्र पासवान, गजानंद प्रसाद, ओम प्रकाश सिंह, पिंटू सिंह, सूचित राम,सुनील राम, अर्जुन सिंह, विनोद मिश्रा, कृष्णा साव, बजरंग राम, फुलू प्रसाद, विसर्जन राम, दीप नारायण राम, रामविलास यादव, रामनाथ हरिजन, विनोद कुमार, प्रभु पासवान, इरफान अंसारी, अजय पासवान, रामजी राम, विमलेश कुमार, गीता कुमारी, कांति कुमारी, मंजूलता कुमारी, शशि पासवान, प्रेम पासवान, अरविंद राम, भूषण शर्मा, अजय भगत, अंकित कुमार, लखन शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## सौंदा में आर ए माइनिंग कंपनी कि दो ट्रांसपोर्टिंग हाइवा आपस में टकराई,तीन घंटे तक काम रहा ठप

**❍ कम उम्र के बच्चे चलाते हैं रात में आर ए माइनिंग कंपनी का लोड हाइवा,ग्रामीणों को लगा रहता है डर**

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के सयाल डी परियोजना अंतर्गत काम कर रही आर ए माइनिंग कंपनी कि दो हाइवा आपस में टकरा गये। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना सोमवार कि देर रात करीब एक बजे कि है। जहां ग्रामीणों ने बताया कि सौंदा टीपला में बने नये अंडरग्राउंड पास में रात करीब एक बजे दो हाइवा आपस में टकरा गये। जिससे सड़क काफी देर तक जाम रहा। वहीं आर ए माइनिंग कंपनी कि ट्रांसपोर्टिंग भी लगभग तीन घंटे तक ठप रही। वहीं उक्त घटना कि यह भी जानकारी मिली कि दोनों हाइवा वाहन आर ए माइनिंग कंपनी के अधीन चल रही थी। जिसमें एक कम उम्र का बालक हाइवा वाहन को तेज रफ्तार से हाक रहा था। तभी विपरीत दिशा से कोयलालोड हाइवा से उक्त वाहन कि जोरदार टक्कर हो गई। वहीं घटना के बाद बालक ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग खड़ा हुआ। वहीं दूसरी ओर टिपला के ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क पर आए दिन दुर्घटना होती रहती है। जिसमें कई बेकसूर लोगों कि जान जा चुकी है। यहां के ग्रामीणों को हमेशा डर लगा रहता है। वहीं कम उम्र के नौ सिखिए युवा तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हैं। जिसे रोकने वाला कोई नहीं है।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाया गया

**❍ देश के संविधान निर्माण और दलितों के उत्थान में अतुलनीय योगदान रहा डॉ भीम राव अंबेडकर जी की : कुलाधिपति बी एन साह**



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को विधि विभाग में संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद विभाग के छात्रों द्वारा निबंध लेखन ,क्विज प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीए एलएलबी तथा एलएलबी के छात्र- छात्राओं ने बढ़कर भाग लिया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी छात्रों हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा डॉ बी आर अंबेडकर जी देश के संविधान के निर्माण एवं दलित वर्गों के उत्थान में अतुलनीय योगदान रहा है। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि बाबा साहब द्वारा बताए गए रास्ते पर हम सभी को चलना होगा। प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने कहा कि छुआछुत से ऊपर उठकर समाज को मजबूत बनाना होगा। कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि अंबेडकर जी ने न केवल भारत के संविधान की रचना की, बल्कि सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के सिद्धांतों को भी जन-जन तक पहंचाया। मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार,विधि विभाग के सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़ स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अजय कुमार, (भा0पु0 से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़ स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित काण्डों, अतिसंवेदनशील काण्डों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एन0डी0पी0एस0, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी इत्यादि) की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में टी0एस0पी0सी0/पी0एल0एफ0आई0 के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, प्रत्येक दिन थाना/ओ0पी0 प्रभारी के द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलम्ब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारण्ट, ओ0पी0 प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर वाहन चेकिंग करने तथा आसूचना संकलन करते हुए चोरी, लूट, गृहभेदन एवं डकैती के काण्डों को अंजाम देने वाले गिरोह के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुए साक्ष्य के अधार पर गिरफ्तार करने साथ ही थाना / ओ0पी0 क्षेत्रों में चल रहे कोल माईस एवं विकास कार्यों में लगे संवेदकों का मोबाईल नं0 आदि सूचना अपराधिक गिरोह को उपलब्ध कराने वाले व्यक्तियों की पहचान करनें। आसूचना तंत्र को मजबुत करने, विकास कार्यों को सुरक्षा मुहैया कराने हेतु निर्देशित किया गया है। सभी थाना प्रभारी को समय एवं स्थान बदल-बदल कर एंटी क्राईम चेकिंग करने हेतु निर्देशि किया गया। 03 से अधिक काण्डों का निष्पादन करने वाले अनुसंधानकर्ता को पुरस्कृत किया गया। अनु0पु0पदा0 एवं पुलिस निरीक्षक को प्रत्येक सप्ताह थाना जाकर लंबित काण्डों की समीक्षा करते हुए काण्ड के निष्पादन हेतु अनुसंधानकर्ता को आवश्यक निर्देश निर्गत करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मु0), अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़/पतरातु, लोक अभियोजक, रामगढ़, परिचारी, पुलिस केन्द्र, रामगढ़, पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ /रजरप्पा, सभी थाना / ओ0पी0 प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी बैठक में उपस्थित रहें।



## शरिया को संविधान से ऊपर बताने वाले बयान पर अभाविप रामगढ़ का कड़ा विरोध

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य के मंत्री हफीजुल हसन द्वारा शरिया कानून को भारतीय संविधान से ऊपर बताने संबंधी बयान पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ नगर सह मंत्री राहुल रजक ने तीव्र आपत्ति जताई है। मंत्री द्वारा दिया गया अमर्यादित व असंवैधानिक बयान न केवल भारतीय संविधान की मूल आत्मा पर चोट है, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के लिए भी घातक है। एक जनप्रतिनिधि से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने शब्दों और विचारों में संयम बरते, संविधान की मर्यादा का पालन करे और देश के नागरिकों के बीच सद्भाव बनाए रखे। हसन का बयान स्पष्ट रूप से उनके कर्तव्यों और संवैधानिक पद की गरिमा के विपरीत है। यह बयान न केवल करोड़ों भारतीयों की भावनाओं को आहत करता है, बल्कि एक गलत परंपरा को बढ़ावा देता है, जिसमें सत्ता के नशे में चूर नेता संविधान को ताक पर रख कर मनमानी बयानबाजी करते हैं। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि भारत का संविधान सर्वोच्च है – उन्हें उसी देश में जाना चाहिए जहाँ शरिया कानून लागू है। भगवान बिरसा मुंडा और डॉ. भीमराव राम आम्बेडकर की धरती पर शरिया या उसकी सोच के लिए कोई जगह नहीं है। इसलिए राहुल गांधी व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मांग करते हैं कि हाजीफुल हसन को उनके पद से तुरंत बर्खास्त किया जाए, और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में कोई भी जनप्रतिनिधि ऐसी शर्मनाक और असंवैधानिक टिप्पणी करने से पहले सौ बार सोचे। संविधान के सम्मान में हम कभी पीछे नहीं हटेंगे – और जो भी उसका अपमान करेगा, उसका लोकतांत्रिक तरीके से डटकर विरोध करेंगे।

# कोची नाला चामरोम में तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गिरा, चालक की मौत





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रजरप्पा थाना के चामरोम गांव स्थित कोची नाला में सोमवार की देर रात को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नाला में गिरा गया जिससे चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, सुबह सुबह ज़ब ग्रामीण नाला तरफ गए तो दुर्घटना को देख पाया और घटना की जानकारी मंगलवार सुबह गाँव के लोगो को हुई। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी रजरप्पा पुलिस को दी। पुलिस पहुंचने के बाद पाया नाला के पानी मे ही ट्रैक्टर के नीचे चालक दबा हुआ है । इसके बाद शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। जानकारी के अनुसार चालक बोकारो जिला महुवा टांड थाना क्षेत्र धवैया का कृष्ण कुमार महतो(22 वर्ष) पिता खगेश्वर महतो का पुत्र था सोमवार की रात्रि को चामरोम की ओर से चितरपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर कोची नाला में अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रजरप्पा पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार महतो शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया है

# हरहद कंडेर में मंडा पूजा धूमधाम के साथ संपन्न, दहकते अंगारे पर नंगे चले, लोहे की पीठ मे भोगकर झूलन झूले





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखंड अंतर्गत हरहद कंडेर शिवालय परिसर में सोमवार की रात्रि को मंडा पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुरुलिया बंगाल से आई दो महिला छऊ नृत्य टीमों के बीच शानदार मुकाबला देखने को मिला। नृत्य अखाड़ा का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी विनेश कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि पूर्व मुखिया रमेश बेदिया, आजसू नेता ठाकुरदास महतो व ग्रामीण रमेश रजक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि मंडा पूजा का इतिहास काफी प्राचीन है। उन्होंने कहा कि लोग बताते हैं कि इस परंपरा की शुरुआत नागवंशी राजाओं ने की थी। मंडप पूजा करने वाले भक्त इसे माता सती का आशीर्वाद मानते हैं। इस त्यौहार को झारखंड में उत्स हा भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाता है। अतिथियों के संबोधन के बाद बंगाल से आई दो महिला छऊ नृत्य टीमों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। धार्मिक ग्रंथो पर आधारित नाच देखने के बाद ग्रामीणों ने महिला टीमों की नृत्य की खूब सराहना की। मंगलवार की सुबह फूल खुंदी का आयोजन किया। जिसमें दहकते अंगारे पर नंगे पांव चलकर भक्तों ने अपनी भक्ति की शक्ति का प्रदर्शन किया। इस नजारे को देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान बोलो बोलो शिवाय के नारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा था। वहीं आयोजन समिति द्वारा मंडाटांड़ में मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार की सामग्रियां खरीदने और छोला, गुपचुप, मिठाइयां , खिलौने सहित अन्य जरूरी सामान की खरीदारी की।

# भुरकुंडा बाजार सहेली स्टोर के दो दुकानों पर भीषण आग लगने से समान जलकर खाक





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा बाजार स्थित सहेली स्टोर एवं सहेली मैचिंग सेंटर के दो दुकानों पर आज सुबह चार बजे के आसपास दुकान में भीषण आग लग गई, देखते ही स्थानीय लोगों ने आग लगने की जानकारी तत्काल भुरकुंडा पुलिस, झारखंड अग्निशमन फायरबिग्रेड एवं जिंदल फायरबिग्रेड को सूचना दी गई ।सूचना मिलते ही झारखंड अग्निशमन और जिंदल फायरबिग्रेड सहित भुरकुंडा थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और आग बुझाने का काम किया गया, लेकिन जब-तक आग ने विक्राल रूप ले लिया था और देखते ही देखते सहेली स्टोर सहित कपड़े दुकान पूरी तरह से जलकर धूं-धूं हो गई, और लगभग दुकान में रखे 25 लाख की सामान जल गया, फिलहाल आग लगने का कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है बता दें कि दोनों दुकान एक ही भाई अरूण कुमार सिन्हा और अरविंद कुमार के हैं आग लगने से दोनों शोक मातम में है कहा आग लगने से एक भी समान नहीं बचा लगभग 25 लाख की नुकसान हुआ है जिससे हमलोग को संभलना मुश्किल होगा।

# अनुसुचित जाति जनजाति रेलवे कर्मचारी संघ ने मनाया अंबेडकर जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** विश्व विद्यान सिंबल ऑफ नॉलेज एशिया का प्रथम अर्थशास्त्री आरबीआई का संस्थापक नारी मुक्ति संविधान निर्माण बोधि सत्व बाबा दताह साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का 134 जयंती सामूहिक समारोह का कार्यकर्ता अखिल भारतीय अनुसुचित जाति जनजाति रेलवे कर्मचारी संघ शाखा बरकाकाना में शाखा सचिव अमरीश कुमार शाखा उपाध?यक्ष सुरेंद्र कुमार शाखा कोषाध?यक्ष गया मुनि जी के नेत्रत्व मैं झंडोतोलन तथा बाबा साहेब दाऊ भीमराव अंबेडकर का भगवान बिरसा मुंडा जी के प्रतिमा प्रति समर्पण करके सामूहिक कार्यक्रम को आरंभ किया गया मंच का संचलन के स्टेशन प्रबंधक प्रदीप करमाली ने किया कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रेल अधिकारी डीटीएम श्री हंसराज ने कहा कि बाबा साहेब के विचारो पर चलने की जरूरत है एडीएमओ बरका वसीम खा ने कहा की सामाजिक आर्थिक राजनितिक के लिए संघर्ष करना चाहिए एएमई यूपी सिंह अन्य लोग में शाखा सचिव अमरीश कुमार ने कहा की देश में छुआछूत भेदभाव ऊँच-नीच की समस्त करके सामंता लागू करना बाबा साहेब का मुख्य कार्य था और अंधविश्वास पाखंड को छोड़ कर विज्ञान के रास्ते पर चलने की जरूरत है कार्यक्रम में सैकडों लोग उपस्थित रहे जिनमें मुख्य रूप से वार्ड परिषद सनयारो बारला समाज सेवी गिरिशंकर महतो, जोनल उपाध्याय अवधेश गुप्ता , साखा सचिव दलेश्वर महतो, उदय महतो, रवि रंजन , साहू , ज्ञानमुनि, कुमार गौरव एन के राम सीएलआई डीके नायक आनंद प्रकाश अनिता तिर्की संदीप राज गोपाल दास फूल कुमारी पीके गौरव सीएलआई पवन कुमार के उरांव आदि लोगो ने संबोधित किया7

## राम रहीम सेवा संस्थान ने दो जोड़े का कराया विवाह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को राम रहीम सेवा संस्थान के द्वारा दो जोड़े का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। नाज मैरिज हॉल टाउनशिप में ये कार्यक्रम काफी मनोरम और दिलकश रहा क्यूंकि किसी जरूरतमंद बच्ची का निकाह करवाना बहुत नेक और सराहनीय कार्य है। अब हर इलाके में ऐसे कार्यक्रम के जज्बे होनी चाहिए। दोनो जोड़े को खुशी खुशी विदा किया गया। काजी आबिद रजा फैजी के द्वारा निकाह पढ़ाया गया। इस कार्यक्रम में राम रहीम सेवा संस्थान के जिला अध्यक्ष राज अमीद उर्फ़ राजन ने मुख्य भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि एजाज खान थे तथा सहयोगी के रूप में मुमताज आलम, तबरेज खान, दीपक शर्मा, कालामुद्दीन अंसारी, अशरफ अली, राजू शर्मा, वसीम खान, जुनैद खान, आसिफ रेजा, अब्दुल कादिर, अल्ताफ राजा, वाहिद खान, मौलाना अबुल कलाम आजाद स्कूल के सत्र 2000 और 2001 के साथियो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## धनबाद की अनीता अग्रवाल बनीं बोकारो जिले की एलएलसी सदस्य

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पहला कदम स्कूल धनबाद की सचिव अनीता अग्रवाल को बोकारो जिले की लोकल लेवल कमिटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। वे पहले से ही धनबाद जिले की लोकल लेवल कमिटी के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं और दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं सेवाओं के सशक्तिकरण में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। बोकारो जिले में गठित नई एलएलसी में उपायुक्त, बोकारो ङ्क अध्यक्ष, तथा अनीता अग्रवाल (सचिव, पहला कदम स्कूल, धनबाद) एवं शिक्षिका आशा लता को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय ट्रस्ट (भारत सरकार) के अंतर्गत दिव्यांगजनों को योजनाओं एवं सेवाओं का समुचित लाभ दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्रीमती अग्रवाल की इस उपलब्धि को पूरे झारखंड के दिव्यांग समुदाय के लिए एक प्रेरणादायक संकेत माना जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ट्रस्ट, परिवार संस्था, एसएनएसीएस झारखंड, तथा धनबाद एवं बोकारो के जिलाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि नियम के अनुसार प्रत्येक तीन माह में एल एल सी की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं, जिससे दिव्यांगजनों से संबंधित मामलों में समयबद्ध निर्णय लिए जा सकें।



## नेशनल फेडरेशन ऑफ अंबेडकर मिशन ने बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेशनल फेडरेशन ऑफ अंबेडकर मिशन धनबाद के तत्वाधान में डॉक्टर बी आर अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के राज्य से बाहर होने के कारण उनकी अनुपस्थिति में सतपाल सिंह ब्रोका समेत अन्य ने उपस्थित होकर संविधान के निर्माता को नमन कर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा की बाबा साहेब की निम्नलिखित कथन को चरितार्थ करते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया = अज्ञानता से भय पैदा होता है, भय से अंधविश्वास पैदा होता है, अंधविश्वास से अंधभक्ति पैदा होती है, अंधभक्ति से व्यक्ति का विवेक शून्य हो जाता है और जिसका विवेक शून्य हो जाता है वह इंसान नहीं मानसिक गुलाम होता है इसलिए अज्ञानी नहीं ज्ञानी बनो।

## आईआईटी आईएसएम धनबाद में टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशन रिसर्च पार्क की मिली मंजूरी




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माइनिंग सेक्टर के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशन रिसर्च पार्क बनाने के लिए आईआईटी आईएसएम को केंद्रीय विज्ञान व प्रद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार ने मंजूरी दे दी है। वहीं आईआईटी कानपुर में साइबर सुरक्षा, आईआईएससी में रोबोटिक्स और ऑटोनोमस नेविगेशन, आईआईटी इंदौर में हेल्थकेयर साथ ही आईएसएम धनबाद माइनिंग शामिल है। टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशन माइनिंग सेक्टर के लिए टेक्नोलॉजी के आविष्कार के साथ उसके कॉमर्शियल पर भी काम करेगा। टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशन रिसर्च पार्क बनने के बाद भारत किस तरह से विकास की ओर अग्रसर होगा इस संबंध में आईआईटी आईएसएम के डिप्टी डायरेक्टर प्रो. धीरज कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गवर्नमेंट ऑफ इंडिया में मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलोजी एक विंग है। चार साल पहले देश के 50 शीर्ष तकनीकी संस्थानों को टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब के निर्माण के लिए शामिल किया गया था। भारत सरकार के अलग-अलग मंत्रालय इसमें शामिल थे। इसके तहत आईओटी, एल/एमएल, ब्लॉकचेन को प्रमोट करना था जिसमें आईआईटी आईएसएम ने भी अप्लाई किया था। जिसमें 25 हब देश के शीर्ष टेक्नोलॉजी संस्थान में स्थापना की गई। इसमें आईआईटी आईएसएम को भी एक हब मिला। उस हब का नाम दिया गया टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब इन माइनिंग। वहीं टेक्समिन के सीइओ सूरज प्रकाश ने बताया कि यहां हम माइनिंग एंड एक्सप्लोरेशन रिलेटेड बात करते हैं। कोई भी रिसर्चर, स्टार्टअप मेक इन इंडिया के तहत टेक्नोलॉजी डेवलप कर अपनी पहचान बना सकते हैं। फंडिंग, नॉन फंडिंग हर तरह की स्कीम हमलोग टेक्समीन में बनाते हैं। माइनिंग क्षेत्र में किसी भी तरह की कठिनाई आने पर हमसे सीधे जुड़ सकते हैं। हर तरह की सहायता उन्हें टेक्समीन के माध्यम से मिल सकेगी।

# भाइयों से एनओसी लिए बिना बीसीसीएल द्वारा नौकरी देने की शिकायत

## बुजुर्ग महिला ने लगाई पुत्र के कब्जे से मकान मुक्त कराने की गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों ने उपायुक्त को अपनी समस्या बताई। इसमें बाघमारा के अंसारी मुहल्ला से आए एक व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि वे तीन भाई हैं। पिता की मृत्यु के बाद उनकी माता ने अनुकंपा के आधार पर बीसीसीएल में नौकरी के लिए उनका नाम दिया था। इसके लिए एक भाई राजी था जबकि दूसरा भाई एनओसी देने के लिए तैयार नहीं था। कुछ समय बाद पता चला कि दोनों भाइयों के एनओसी के बिना तीसरे भाई को, जो एनओसी नहीं दे रहा था, को बीसीसीएल ने नौकरी पर रख लिया। उन्होंने उपायुक्त से इस मामले में हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई। जनता दरबार में चिरकुंडा से आई एक बुजुर्ग महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनके निजी मकान पर बड़े पुत्र ने जबरन कब्जा कर लिया है। महिला ने बताया कि देखभाल करने से तो दूर, पुत्र उनके साथ आए दिन मारपीट करता है और विभिन्न तरह से प्रताड़ित भी करता है। महिला मकान को पुत्र के कब्जे से मुक्त करने की गुहार लगाई। वहीं मनईटांड पानी टंकी से आई एक अन्य महिला ने उपायुक्त को बताया कि उन्होंने एक जमीन दलाल को जमीन खरीदने के लिए राशि का भुगतान किया था। पूरा भुगतान करने के बाद भी उन्हें जमीन का पोजेशन नहीं मिला। अब जमीन दलाल जमीन के लिए अतिरिक्त रकम मांग रहा है। जनता दरबार में प्रस्तावित गोमो फ्लाईओवर के तहत अधिग्रहित की गई जमीन का मुआवजा नहीं मिलने, गोविंदपुर के सहराज ग्राम पंचायत में मनरेगा एवं 15वें वित्त आयोग से किए गए काम की जांच कराने, पड़ोसी द्वारा मारपीट करने एवं दिवाल गिरा देने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई।जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## दिलीप सिंह ने चड़क पूजा मेले में किया गुड़ चना हलवा के प्रसाद का वितरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनईटांड़ बस्ती श्री श्री चड़क पूजा महोत्सव के तीसरा दिन समाजसेवी दिलीप सिंह अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। विश्वनाथ रवानी, सप्पू महतो, बड़े महतो, मनोज महतो, दिनेश महतो, राकेश महतो, पिंटू मोदी, दिवाकर, रवि सोनी के साथ मेले में आए सभी भक्तों को चना गुड़ हलुआ का प्रसाद बांट कर सेवा की और चड़क पूजा की बधाई दी। दिलीप सिंह ने कहा की तीन दिवसीय भोक्ता पर्व में बीच बीच में बारिश के व्यवधान के बावजूद भोक्ता पर्व में हर वर्ष की भांति शारीरिक यातना सहकार भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने की अंगूठी परंपरा में निभाई और इस पारंपरिक त्यौहार में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर बहुत ही उत्साह और धूमधाम से मनाया। मैं भगवान शिव के समस्त भोक्तियों को नमन करता हूं।




## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
### (विकास-शाखा)
### सूचना

लोहरदगा जिलान्तर्गत इस कार्यालय का ज्ञापांक 114/वि0 दिनांक 17.03.2025 एवं ज्ञापांक 121/वि0 दिनांक 24.03.2025 द्वारा DMFT मद से Homi J. Bhabha Coaching Centre for Civil Services में अनुभवी एवं योग्य Specialist Teacher की संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। आवेदन पत्र समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों का दिनांक 22.04.2025 (दिन मंगलवार) को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया है। लिखित परीक्षा का समय–सारणी निम्नवत् है:–

| क्र0 | पद का नाम | लिखित परीक्षा की तिथि | समय | स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Specialist Teacher | 22.04.2025 (दिन मंगलवार) | 12.30 PM – 02.00 PM | जिला परिषद के सभा भवन, सदर ब्लॉक के निकट, लोहरदगा। |

आवेदन पत्र समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व परीक्षा स्थल पर आधार कार्ड/पहचान पत्र एवं सभी प्रमाण–पत्रों के मूल प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

उप विकास आयुक्त,
लोहरदगा

PR 350324 Lohardaga (25-26)_D

## कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा।
### अति अल्पकालीन नीलामी सूचना
### मेघातरी बस पड़ाव

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में (01.05.2025 से 31.03.2026 तक कुल 11 माह की अवधि के लिए) मेघातरी बस पड़ाव की बंदोबस्ती अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निम्नांकित तिथि को की जायेगी–

| क्र0 | बस पड़ाव का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बस पड़ाव मेघातरी | 9137333.00 | 913733.00 | 23.04.2025 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता उपर्युक्त कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद् कोडरमा के पदनाम से देय होगा एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय हो, आवेदन पत्र (दस्तावेज सहित) के साथ संलग्न कर डाक से पूर्व जमा कर डाक बोली में भाग ले सकते है। नियमावली एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR 350417 (Panchayati Raj) 25-26 (D)

## जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी।
### खूँटी जिला के प्रखण्ड स्तरीय/पंचायत स्तरीय मत्स्जीवी सहयोग समितियों के लिए राजस्व जलकरों के अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु सूचना

एतद् द्वारा खूँटी जिला के संबंधित प्रखण्ड स्तरीय/पंचायत स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में सुरक्षित जमा निर्धारित मत्स्य विभाग के राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक तीन वर्षो के लिए बन्दोबस्ती किया जाना है। उक्त हेतु सरकारी नियमावली बिहार सरकार, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग का पत्रांक 114 दिनांक 18.01.1992 के आलोक में बांछित कागजात दिनांक 24.04.2025 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में समर्पित करते हुए राजस्व जलकरों की बन्दोबस्ती प्राप्त करेंगे।

| क0 सं0 | राजस्व जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा (एकड़ में) | सुरक्षित जमा राशि (रुपये में) | बंदोबस्ती अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हेसेल बाँध | हेसेल | हाँसा | मुरहू | 28 | 644 | 1.10 | **660.00** | वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक |
| 2 | गजगाँव बाँध | गजगाँव | हाँसा | मुरहू | 145 | 311 | 9.22 | **22000.00** | |
| 3 | बिरमकेल बाँध–1 | बिरमकेल | गनालोया | मुरहू | 79 | 921 | 2.27 | **12100.00** | |
| 4 | बिरमकेल बाँध–2 | बिरमकेल | गनालोया | मुरहू | 79 | 892 | 0.86 | **770.00** | |
| 5 | घाघरा बाँध–1 | घाघरा | गनालोया | मुरहू | 104 | 996 | 5.24 | **8800.00** | |
| 6 | बालो बाँध | बालो | कोड़ाकेल | मुरहू | 36 | 863, 864 | 0.38 | **440.00** | |
| 7 | कोड़ाकेल बाँध | कोड़ाकेल | कोड़ाकेल | मुरहू | 162 | 1662 | 0.73 | **660.00** | |
| 8 | खटंगा तालाब | खटंगा | खटंगा | रनियाँ | 142 | 311, 312 | 0.78, 0.80 | **2200.00** | |
| 9 | रोलागुटु तालाब | रोलागुटु | मेहा | कर्रा | 226 | 386 | 2.81 | **3300.00** | |
| 10 | सरदुला तालाब | सरदुला | बमरजा | कर्रा | 91 | 403 | 0.58 | **3300.00** | |
| 11 | जम्हार तालाब | जम्हार | गोबिन्दपुर | कर्रा | 40 | 118, 119 | 2.10 | **1650.00** | |
| 12 | एराहातु तालाब | एराहातु | कुदलुम | कर्रा | 50 | 274 | 0.74 | **2500.00** | |
| 13 | कुजियामा बाँध कुजियामा | कुजियामा | नौढ़ी | अड़की | 71 | 1119, 1134, 1135 | 1.34, 3.47, 0.54 | **19250.00** | |
| 14 | कुजियामा पोखर नौढ़ी–3 | कुजियामा | नौढ़ी | अड़की | 71, 151 | 665, 666 | 0.95, 0.04 | **4400.00** | |
| 15 | रंगामाटी पोखर | रंगामाटी | नौढ़ी | अड़की | 79 | 239, 240 | 0.62, 0.86 | **8250.00** | |
| 16 | बड़ा पोखर पुरनानगर | पुरनानगर | पुरनानगर | अड़की | 126 | 1077, 1078 | 3.2, 3.59 | **19250.00** | |
| 17 | बान्दु पोखर | सिन्दरी | सिन्दरी | अड़की | 204 | 687 | 1.85 | **9350.00** | |
| 18 | बाजार टाँड़ पोखर | पुरनानगर | पुरनानगर | अड़की | 115 | 1155, 1156 | 1.35, 1.74 | **8580.00** | |
| 19 | हालू कोचा पोखर | बेड़ापड़ा | पुरनानगर | अड़की | 32 | 1 | | **4840.00** | |

**प्रस्ताव के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है–**

1. जिला सहकारिता पदाधिकारी, खूँटी/सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, खूँटी के वर्त्तमान कैलेंडर वर्श में निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र। 2. समिति का अद्यतन अंकेक्षण प्रतिवेदन। 3. आम सभा/पिछला निर्वाचन कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति। 4. समिति के पास पिछला बंदोबस्त जलकरों की विवरण सूची। 5. समिति के पास पूर्व का राजस्व बकाया नहीं रहने संबंधी प्रमाण पत्र। 6. अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति। 7. सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, खूँटी द्वारा निर्गत सदस्यों की सूची की प्रमाणित प्रति।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
खूँटी।

PR.NO.350359 Fish(25-26):D

## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

72वीं औपबंधिक सूची जिला–हजारीबाग

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी धनेश्वर महतो एवं रामा सिंह के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 117. | 1. आवेदन क्र0–93/25 2. आवेदक–लालमन महतो, पिता–स्व0 सैनाथ महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 118. | 1. आवेदन क्र0–94/25 2. आवेदक–बन्धन महतो, पिता–स्व0 लहसन महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0–95/25 2. आवेदक–रोहन महतो, पिता–स्व0 भिखन महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0–96/25 2. आवेदक–जयनन्दन महतो, पिता–स्व0 बुधन महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–97/25 2. आवेदक–बालो महतो, पिता–स्व0 रामधन महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0–98/25 2. आवेदक–तुलेश्वर महतो, पिता–स्व0 घाना महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0–99/25 2. आवेदक–रूपलाल महतो, पिता–स्व0 सुरज महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0–100/25 2. आवेदक–रामलाल महतो, पिता–स्व0 लालसहाय महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 125. | 1. आवेदन क्र0–101/25 2. आवेदक–कारीनाथ महतो, पिता–स्व0 बैजनाथ महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 126. | 1. आवेदन क्र0–102/25 2. आवेदक–भोला महतो, पिता–स्व0 कार्तिक महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 127. | 1. आवेदन क्र0–103/25 2. आवेदक–जिरवा देवी, पति–स्व0 काशीनाथ महतो<br>3. ग्राम–लुरूंगा, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–महिला, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 128. | 1. आवेदन क्र0–104/25 2. आवेदक–देवनारायण प्रसाद, पिता–स्व0 कालीचरण महतो<br>3. ग्राम–रबोध, पोस्ट–रबोध, थाना–माण्डू, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0–105/25 2. आवेदक–छोटेलाल मांझी, पिता–स्व0 बाबुराम मांझी<br>3. ग्राम–कोदवे, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0–106/25 2. आवेदक–मेघलाल महतो, पिता–स्व0 मोती महतो<br>3. ग्राम–कोदवे, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0–107/25 2. आवेदक–ब्रहमदेव महतो, पिता–स्व0 ज्योती महतो<br>3. ग्राम–कोदवे, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 132. | 1. आवेदन क्र0–108/25 2. आवेदक–सहदेव मोची, पिता–स्व0 बासदेव मोची<br>3. ग्राम–सेनेगड़ा, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0–109/25 2. आवेदक–उपेन्द्र ठाकुर, पिता–स्व0 कमलनाथ ठाकुर<br>3. ग्राम–भुरकुण्डा, पोस्ट–बलसगरा, थाना–माण्डु, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें कान पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–110/25 2. आवेदक–कुंज बिहारी ठाकुर, पिता–स्व0 किसुन ठाकुर<br>3. ग्राम–बलसगरा, पोस्ट–बलसगरा, थाना–माण्डु, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0–111/25 2. आवेदक–धनेश्वर ठाकुर, पिता–स्व0 गोबरधन ठाकुर<br>3. ग्राम–बलसगरा, पोस्ट–बलसगरा, थाना–माण्डु, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0–112/25 2. आवेदक–प्रदीप कुमार, पिता–पुरन महतो<br>3. ग्राम–बलसगरा, पोस्ट–बलसगरा, थाना–माण्डु, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 137. | 1. आवेदन क्र0–113/25 2. आवेदक–लालजी प्रजापति, पिता–रामचरण प्रजापति<br>3. ग्राम–बलसगरा, पोस्ट–बलसगरा, थाना–माण्डु, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में दाई ओर चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0–114/25 2. आवेदक–गिरधारी महतो, पिता–स्व0 मकुन्द महतो<br>3. ग्राम–बलसगरा, पोस्ट–बलसगरा, थाना–माण्डु, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0–115/25 2. आवेदक–पुरन महतो, पिता–चोला महतो<br>3. ग्राम–पतरंगी, पोस्ट–बलसगरा, थाना–माण्डु, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर से विकलांग है। | कंडिका–2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0–116/25 2. आवेदक–शीला देवी, पति–राजाराम<br>3. ग्राम–पतरंगी, पोस्ट–बलसगरा, थाना–माण्डु, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ का बीच का अंगुली टेढा है। | कंडिका–2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0–117/25 2. आवेदक–भोला भुईयां, पिता–स्व0 बनवारी भुईयां<br>3. ग्राम–कोदवे, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में जला हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–118/25 2. आवेदक–युगल महतो, पिता–स्व0 बलु महतो<br>3. ग्राम–डाडी, पोस्ट–डाडी, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–119/25 2. आवेदक–कौलेश्वर प्रजापति, पिता–स्व0 श्रीकान्त कुम्हार<br>3. ग्राम–डाडी, पोस्ट–डाडी, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में गोटी का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–120/25 2. आवेदक–दुबराज महतो, पिता–स्व0 देवकी महतो<br>3. ग्राम–कनकी, पोस्ट–डाडी, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के तर्जनी अंगुली में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0–121/25 2. आवेदक–मोहित महतो, पिता–स्व0 केतर महतो<br>3. ग्राम–रिकवा, पोस्ट–डाडी, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0–122/25 2. आवेदक–बिगन गंझु, पिता–स्व0 महावीर गंझु<br>3. ग्राम–खपिया, पोस्ट–चैनपुर, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–47/25 2. आवेदक–कौलेश्वर महतो, पिता–स्व0 नकुल महतो<br>3. ग्राम–कारीमाटी, पोस्ट–तोपा, थाना–माण्डू, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0–48/25 2. आवेदक–हेमलाल महतो, पिता–रोहित महतो<br>3. ग्राम–जैमरा, पोस्ट–जैमरा, थाना–रजरप्पा प्रोजेक्ट, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0–49/25 2. आवेदक–बलकुरीया देवी, पति–हेमलाल महतो<br>3. ग्राम–जैमरा, पोस्ट–जैमरा, थाना–रजरप्पा प्रोजेक्ट, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–123/25 2. आवेदक–गोपाल महतो, पिता–स्व0 रामप्रसाद महतो<br>3. ग्राम–बुटी उपर टोला, पोस्ट–बुटी, थाना–सदर, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–183/25 2. आवेदक–फेकु महतो, पिता–स्व0 तालो महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–184/25 2. आवेदक–रामलाल महतो, पिता–स्व0 खैंटा महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0–185/25 2. आवेदक–लालदेव महतो, पिता–स्व0 चमटु महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0–186/25 2. आवेदक–रोहन महतो, पिता–स्व0 बुधन महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–80 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0–187/25 2. आवेदक–बालदेव महतो, पिता–स्व0 सिदुन महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 156. | 1. आवेदन क्र0–188/25 2. आवेदक–महावीर महतो, पिता–स्व0 बुधन महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0–189/25 2. आवेदक–हिरालाल महतो, पिता–स्व0 तालो महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0–190/25 2. आवेदक–बुटन महतो, पिता–स्व0 पुरन महतो<br>3. ग्राम–चानो, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0–191/25 2. आवेदक–दिनेश महतो, पिता–स्व0 फेकु महतो<br>3. ग्राम–लुरूँगा, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 160. | 1. आवेदन क्र0–192/25 2. आवेदक–राथो महतो, पिता–स्व0 रमन महतो<br>3. ग्राम–लुरूँगा, पोस्ट–गोसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0–193/25 2. आवेदक–महावीर महतो, पिता–साहेब महतो<br>3. ग्राम–रबोध, पोस्ट–रबोध, थाना–माण्डू, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0–194/25 2. आवेदक–अहिल्या देवी, पति–स्व0 देवराजपुर<br>3. ग्राम–भुरकुण्डा, पोस्ट–बलसगरा, थाना–माण्डू, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 163. | 1. आवेदन क्र0–195/25 2. आवेदक–सुजीत राम, पिता–रामेश्वर राम<br>3. ग्राम–गिद्दी सी0, पोस्ट–गिद्दी, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0–238/25 2. आवेदक–अर्जुन मांझी, पिता–स्व0 जानकी मांझी<br>3. ग्राम–जोबला, पोस्ट–तोपा, थाना–माण्डू, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0–196/25 2. आवेदक–बासुदेव महतो, पिता–स्व0 महेश महतो<br>3. ग्राम–चैनपुर, पोस्ट–चैनपुर, थाना–माण्डु, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 166. | 1. आवेदन क्र0–239/25 2. आवेदक–सुखलाल मांझी, पिता–स्व0 लाटे मांझी<br>3. ग्राम–बहेराटांड, पोस्ट–भरेच नगर, थाना–माण्डु, प्रखण्ड–माण्डु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0–197/25 2. आवेदक–अनुज महतो, पिता–भोला महतो<br>3. ग्राम–चैनपुर, पोस्ट–चैनपुर, थाना–माण्डु, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0–198/25 2. आवेदक–जमनी देवी, पति–स्व0 बालेश्वर महतो<br>3. ग्राम–कोदवे, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0–199/25 2. आवेदक–किशोर राम, पिता–स्व0 सोहन राम<br>3. ग्राम–डाडी, पोस्ट–डाडी, थाना–गिद्दी 'ए', प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0–240/25 2. आवेदक–देवनारायण मांझी, पिता–स्व0 जानकी मांझी<br>3. ग्राम–जोबला, पोस्ट–तोपा, थाना–माण्डू, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रवि कुमार सिंह, कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा एवं मो0 क्यूम के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 171. | 1. आवेदन क्र0–124/252. आवेदक–देवनारायण महतो, पिता–स्व0 गम्भीर महतो<br>3. ग्राम–बौधा, पोस्ट–डहरभंगा, थाना–टाटीझरिया, प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0–1/2525 2. आवेदक–छोटेलाल मांझी, पिता–करमा मांझी<br>3. ग्राम–चुरचू, पोस्ट–बेडम, थाना–टाटीझरिया, प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 350385 (Home)25-26*D

# कैरो व एडादोन में दलित समाज के द्वारा समारोह आयोजित कर बाबा साहब को किया गया नमन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** संविधान निर्माता भारत रन्त भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर प्रखण्ड के कैरो व एडादोन में दलित समाज के द्वारा समारोह आयोजित कर उन्हें नमन किया गया।नवयुवक अम्बेडकर संघ कैरो के द्वारा रविदास मुहल्ला में समारोह का आयोजन किया गया जहाँ पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित संघ के आजीवन संरक्षक राजमोहन राम, विशिष्ठ अतिथि कैरो पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, मखिया बीरेंद्र महली, उपमुखिया रवि प्रजापति, जगदीश प्रसाद यादव, सुरेश राम, शंकर राम, बानेश्वर राम व अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रुप से दिप प्रज्वलित कर डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर फूल माला अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया तथा उपस्थित लोगों के द्वारा संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली गई।इससे पूर्व संघ के द्वारा अतिथियों का स्वागत बैच लगाकर, पट्टा व अंगवस्त्र देकर किया गया।वहीं बच्चियों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया साथ ही साथ बच्चे बच्चियों के द्वारा गीत संगीत, डांस, नाटक, भाषण की प्रस्तुति की गई जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि संघ के आजीवन संरक्षक राजमोहन राम ने कहा कि भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर भारत मे जन्मे कई सारे महापुरुषों में एक हैं, जिन्होंने समाज, शिक्षा, न्याय, राजनैतिक व्यवस्था में कई बदलाव किए वे एक महान समाज सुधारक और देश के संविधान निर्माता थे जिनका योगदान को हम कभी भुला नही सकते।वे हमेशा समानता के लिए संघर्ष किये उतका मूल मंत्र था शिक्षा, संगठित और संघर्ष करना। उन्होंने कहा कि हमारा समाज तबतक आगे नही बढ़ सकता जबतक हम शिक्षा को नही अपनाएंगे, शराब समेत अन्य कुरीतियों को छोड़ नही देते हैं,हमारे समाज के लोगों को रोजगार से जुड़ना होगा।हमारे समाज के नाम पर कुछ राजनैतिक पार्टियां अपनी अपनी राजनैतिक रोटी सेंक रहे हैं यदि सही मायने में वे हमारे विकास चाहते हैं तो हमे शिक्षा,रोजगार का अवसर प्रदान करें।विशिष्ट अतिथि पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि आज जिस तरह से महापुरूषो के नाम पर राजनीति की जा रही है हमसब जानते हैं समाज को आगे बढ़ना है तो कुरीतियों का त्याग कर शिक्षित, संगठित होकर अपने हक अधिकार के लिये संघर्ष करना होगा। डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के बतलाये मार्ग को आत्मसात करना होगा तभी सच्ची श्रंद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

## जिला परिषद सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में आज जिला परिषद की बैठक मंगलवार को जिला परिषद सभागार में हुई। बैठक में जनवरी माह में हुई बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई व निदेश दिये गये। बैठक में सभी प्रखण्डों में जल-नल योजना के वर्तमान स्थिति की जानकारी जिला परिषद सदस्यों द्वारा दी गई। नंदिनी जलाशय से जलापुर्ति नहीं होने पर चर्चा की गई। पंचायतवार स्वास्थ्य जांच शिविर और ब्लड डोनेशन कैंप लगाये जाने का निर्देश दिया गया। पेशरार में ओनेगड़ा में अधूरे ब्रिज निर्माण, भण्डरा में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पेयजल उपलब्ध कराने, भैसमुंदो में सड़क चौड़ीकरण में मुआवजा संबंधी, ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को जल्द फसल बीमा योजना का लाभ दिये जाने, किस्को प्रखण्ड में बालाटोली पुल मरम्मति, बिजली के तारों को निर्धारित उंचाई पर स्थापित करने, दुर्घटना संबंधित क्षेत्र में घुमावदार सड़क के पास मिरर लगवाने, सदर अस्पताल में ओपीडी में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधित अन्य बिंदुओं पर माननीय सदस्यों द्वारा ध्यान आकृष्ट कराया गया जिस पर पदाधिकारियों को जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिया गया। किस्को प्रखण्ड में पुस्तकालय में बच्चों को पठन-पाठन के लिए काउंसेलिंग का निर्देश दिया गया। कुडू प्रखण्ड में विधि-व्यवस्था व हाथियों के द्वारा समय-समय पर नुकसान पहुंचाने को लेकर सीसीटीवी अधिष्ठापन हेतु विशेष निर्णय लिये गये।

## पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय में अंबेडकर जयंती समारोह का हुआ भव्य आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंबेडकर जयंती समारोह का भव्य आयोजन पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा के सभागार में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अरुण राम ने दीप प्रज्ज्वलन और बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। समारोह के मुख्य वक्ता विद्यालय के प्राचार्य अरुण राम ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन,उनके संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय के क्षेत्र में जो कार्य किए हैं, वे आज भी हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने छात्रों को अंबेडकर जी के विचारों को अपनाने और अपने जीवन में शिक्षा को सर्वोच्च स्थान देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी हुई,जिसमें विद्यार्थियों ने अंबेडकर जी के जीवन पर आधारित नाटक और गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें तृतीय स्थान में रहे निखिल प्रजापति एवं आदिती कुमारी, द्वितीय स्थान राजू महतो एवं रोहन सोनी तथा प्रथम स्थान पर रहे राहुल सोनी को प्राचार्य द्वारा पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को विद्यालय के विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार, रतना मिंज, असरानी वारला मनीष कुमार ने भी संबोधित किया।धन्यवाद ज्ञापन व कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुमित्रा टोप्पो ने किया। समारोह में मुख्य रूप से शिक्षिका नेमंहती मिंज, मनीष कुमार, महेंद्र उरांव, फैज आलम, साबिर मियां, रविशंकर ब्रितीया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सरना वह पवित्र कुंज है जिसमें शालवृक्ष का पूजा होता है : संयुक्त पहान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मंगलवार को लोहरदगा जिला नगरपालिका मौजा के सात कोड़ा पड़हा, बरवाटोली कोटवार, जयनाथपुर, थाना टोली, गढ़ा टोली, मधुवन टोली, सरना टोली में वैशाखी सरहुल त्योहार मनाया गया। सरहुल पर्व की अगुवाई स्थानीय पहानों महतो और पूजार के द्वारा आदिवासी संस्कृतिक वेषभूषा रीति-रिवाजों वाद्ययंत्र बजाना गाजा के साथ लोहरदगा एम जी रोड झखरा कुम्बा सरना स्थल में प्राकृतिक महापर्व का खद्दी पूजा पाठ किया गया। झखरा कुम्बा सरना स्थल में आठ पहानों भूषण पहान मधुवन टोली, रूपेश उरांव जयनाथपुर, नन्दु उरांव थाना टोली, मनमत भगत ने गड्डा टोली, जगरनाथ नायक बरवाटोली कोटवार, अगनु मुण्डा कोड़ा पड़हा और अनिल उरांव जयनाथपुर के पहानों ने संयुक्त रूप से धरती मां,आकाश सूरज, चांद सितारे और प्राकृति में गुजर बसर करने वाले जीव जंतु, पेड़ पौधा, प्राणी और मनुष्यों के लिए सुख समृद्धि धन दौलत, सुख शांति की गुहार लगाकर प्रार्थना सभा किया गया और फिर अपने अपने नगर क्षेत्रों टोला मोहल्ला में सरहुल पर्व आनंद के साथ मिल जुलकर मनाया गया। इस पूजा पद्धति का संचालक नगरपालिका मौजा रवि नारायण महली, सचिव मनीष मुण्डा, संतोष उरांव अध्यक्षा, ज्ञान मुण्डा, विजय मुण्डा और संतोष मुण्डा का विशेष योगदान है। उपस्थित सरना स्थल पर प्राकृति पूजक भाई बन्धु बहिन युवा युवतियों पीढ़ी को संबोधित करते हुये कहा कि सरहुल त्यौहार के दौरान वे साल के पेड़ की पूजा करते हैं। साल का पेड़ उन्हें आश्रय प्रदान करता है, मौसम से बचाता है और जलाऊ लकड़ी प्रदान करता है, इसलिए आदिवासी इसकी पूजा करते हैं। मौके पर मनीष मुण्डा ने कहा कि सरहुल उराँव नामक आदिवासियों का सबसे बड़ा त्योहार है। यह त्योहार कृषि आरंभ करने का त्योहार है। इस त्योहार को सरना के सम्मान में मनाया जाता है। सरना वह पवित्र कुंज है, जिसमें कुछ शालवृक्ष होते हैं।

# मसमानो गांव में धूमधाम से मनी डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134 वीं जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मसमानो में डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति के बैनर तले सोमवार को डॉ भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के मौके पर प्रभातफेरी, माल्यार्पण सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद मार्गदर्शक मंडल के प्रांत संयोजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी, शिक्षक राधेश्याम राम शामिल हुए। सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। छोटे बड़े सभी जनों ने मसमानो गांव का भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी निकाला। इस दौरान डॉ. भीमराव आंबेडकर अमर रहे, भीम जयंती आई है, नई रोशनी लाई है, जबतक सूरज चांद रहेगा, बाबा तेरा नाम रहेगा सहित कई अन्य नारे लगाए गए। प्रभात फेरी आयोजन स्थल से निकलकर पुनः आयोजन स्थल पहुंचकर संपन हुई। मौके पर बच्चे बच्चियों के बीच डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें बेहतर अंक प्राप्त करने वाले बच्चे बच्चियों को कॉपी, पेन देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन से हम जीतनी भी प्रेरणा लें कम ही पड़ेगा। उनके अनमोल विचार सहित समानता समाज का निर्माण के कामों को जन जन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।

## एआईसीसी ऑब्जर्वर सह सांसद सुखदेव भगत अहमदाबाद गुजरात के बैठक में हुए शामिल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के माननीय सांसद सह एआईसीसी ऑब्जर्वर सुखदेव भगत गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित बैठक में आज शामिल हुए। बैठक में गुजरात राज्य में संगठन कैसे मजबूत होगा उसे पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सांसद जी के बगल में झारखंड राज्य कांग्रेस के सह प्रभारी डॉक्टर वेल्ला, एआईसीसीऑब्जर्वर बीके हरिप्रसाद, हरीश चौधरी, सुनील केदार, कुलदीप इंदोरा, असलम शेख सहित अन्य ऑब्जर्वर भी उपस्थित थे।

## बाल विकास विद्यालय एवं विद्या विकास उच्च विद्यालय में बाबा साहब की मनाई गई जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** बाल विकास विद्यालय एवं विद्या विकास उच्च विद्यालय नवाडीपाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इसमें विद्यालय के बच्चों के समक्ष प्रबंधक रामविलास सिंह ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान निर्माण के जनक के थे। डॉ भीमराव अंबेडकर को संविधान सभा के प्रारूप समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया ,और संविधान निर्माण में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान संविधान सभा की अध्यक्षता डॉ भीमराव अंबेडकर ने किया। इस प्रारूप समिति के अध्यक्ष को भारतीय संविधान का मुख्य वास्तुकार माना जाता है। जो देश के अद्वितीय सामाजिक संस्कृति और धार्मिक विविधता को ध्यान में रखते हुए देश का मार्गदर्शन और शासन करने के लिए एक व्यापक और गतिशील ढांचा प्रदान करता है। इसी भारतीय संविधान के तौर पर डॉ भीमराव अंबेडकर मशहूर हैं। बाबा साहब अंबेडकर की संविधान निर्माण में भूमिका अतुल्य है कई लोगों ने इस पर दलीलें दी लेकिन डॉक्टर अंबेडकर की योगदान और भूमिका को भारतीय संविधान में नकारा नहीं जा सकता और आज उनकी बनाई संविधान की मार्गदर्शन पर चलकर हमारा देश पूर्ण रूपेण सुरक्षित और संरक्षित है जो ढांचा तैयार किया है आने वाले युगों तक याद किया जाएगा। और उनके मार्गदर्शन पर हम सब चलकर देश को बुलंदियों तक ले जाने की प्रेरणा ग्रहण करते हैं।

**सांसद सुखदेव भगत जनसमस्याओं के निदान हेतु कृत संकल्पित : आलोक कुमार साहू**

# आलोक कुमार साहु जनसमस्याओं के निदान हेतु अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सांसद के निजी सहायक सह इंटक के लोहरदगा अध्यक्ष आलोक कुमार साहू आज सेन्हा प्रखंड के महुरांग टंगरा टोली एकागुरी पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए ।मौके पर ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि यहां 50 से 60 घर है एक जल मीनार था जो कितने महीना से खराब है यहां के लोगों को बहुत दूर पानी लाने जाना पड़ता है इसलिए एक नया दीप बोरिंग कराने की मांग की ।ग्रामीणों ने बताया कि यहां 10 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है लोड़ के कारण हमेशा खराब हो जाता है जिससे जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिए यहां 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग श्री साहू से किया ।बस्ती आने के लिए यहां सड़क नहीं है इसलिए सड़क का निर्माण कराया जाए के साथ-साथ वृद्धावस्था पेंशन,मैया सम्मान योजना जैसे अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निदान करने की मांग किये। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत जन समस्याओं के निदान हेतु कृत संकल्पित है ।समस्या की जानकारी मिलने पर सांसद उसका तुरंत निदान करने का प्रयास करते हैं। श्री साहू ने मौके पर से ही पीएचईडी विभाग के अभियंता से वार्ता कर गांव में नया डीप बोरिंग कराने एवं खराब पड़े चालमीनार को शीघ्र बनाने का निर्देश दिए। श्री साहू ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर यहां शीघ्र 25 केवीका ट्रांसफार्मर देने का आग्रह किये। श्री साहू ने अंचलाधिकारी सेन्हा से वार्ता कर वृद्धावस्था पेंशन, मैया सम्मान योजना में जो लाभुक समस्याओं से परेशान है उन्हें दूर करने की बात कहें। श्री साहू ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर यहां की समस्याओं का निदान सांसद जी के प्रयास से किया जाएगा। मौके पर लोहरदगा सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य कुणाल अभिषेक, लक्ष्मण उरांव, बजरंग उरांव, विनोद उरांव, रवि उरांव, रविंद्र उरांव, कमला उराव, राम उरांव, राजकुमार उरांव, जतरू उरांव, अनीता उरांव, शनिचरिया उराव, निशा कुमारी, सोमारी उरांव, जगमनिया उरांव, जागो देवी, परिबा भगत, सुकरा उरांव, पूनिया उराव, अंकित उरांव, रोहित उरांव, शांति देवी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## एबीवीपी लोहरदगा नगर इकाई ने मनाई बाबा साहेब की जयंती




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) लोहरदगा नगर इकाई द्वारा संग्रहालय स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ÷जय भीम÷ और बाबा साहेब अमर रहें जैसे नारों के साथ कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक मनाया। जिला संयोजक आदित्य कुमार साहू ने बाबा साहेब के विचारों को स्मरण करते हुए कहा, जो इतिहास भूल जाते हैं, वे इतिहास बना नहीं सकते। संविधान को सुधारा जा सकता है, लेकिन बदला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना को पढ़ते ही मन में एक ही नाम आता है संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अंशु वर्मा ने कहा, कोई भी देश तब तक विकास नहीं कर सकता जब तक वहां संविधान का उचित पालन न किया जाए। वहीं, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जानवी कंचन गोयल ने कहा कि लोकतंत्र की आत्मा उसका संविधान होता है, और इसके पालन से ही देश की समृद्धि और विकास सुनिश्चित होता है। इस अवसर पर कॉलेज इकाई उपाध्यक्ष मंगल देव उरांव, SFS प्रमुख पिंटू नायक, नितेश नायक, विमलेश राम, दीपक साहू, नवनीत प्रजापति, पृथ्वी तमेरा, प्रशांत कुमार, आकाश कुमार, अमर उरांव, अंकित उरांव, नीरज उरांव समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**वक्फ संसोधन बिल को किसी भी सूरत में एक्सेप्ट नहीं करेंगे : अब्दुल रउफ अंसारी**

# वक्फ संसोधन बिल कानून को जब-तक वापस नहीं लिया जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा : मौलाना समीम रिजवी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** केंद्र सरकार द्वारा विगत दिनों वक्फ संसोधन बिल कानून को लागू किए जाने के बाद पूरे देशभर में मुस्लिम समुदाय के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। आगामी दिनों में लोहरदगा जिला में वक्फ संसोधन बिल कानून को वापस दिलाए जाने को लेकर जोरदार आंदोलन किए जाने हेतु अंजुमन हास्पीटल में अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के सदर जनाब अब्दुल रउफ अंसारी की सदारत में एक खास मीटिंग रखी गई। जिसमें बड़ी तादाद में समाज के मानिंद लोग शामिल हुए। इस बीच मीटिंग को संबोधित करते हुए सदर जनाब अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार हमारी संपत्तियों को बा जबरदस्ती कब्जा जमाने की कोशिश कर रही है, इसी मकसद से वक्फ संसोधन बिल कानून को लागू की है, लेकिन ऐसे हजारों बिल व कानून जो हमारे अधिकारों को हनन करने वाली होगी उसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत पर इस बिल को समर्थन नहीं दिया जाएगा। इसके लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। वहीं जामा मस्जिद लोहरदगा के इमाम हाफिज व कारी मौलाना समीम रिजवी साहब ने कहा कि वक्फ संसोधन बिल कानून को वापस दिलाए जाने तक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बिल हमारे समाज के अधिकारों को निगलने की नापाक इरादों से केंद्र सरकार लागू किया है, जिसे कभी भी समर्थन नहीं किया जाएगा। सेक्रेटरी शाहिद अहमद उर्फ बेलू ने कहा कि वक्फ संसोधन बिल को केंद्र सरकार जब-तक वापस नहीं ले लेती है तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। मौके पर हाजी शकील अहमद, अल्ताफ कुरेशी, अनवर अंसारी, फारूक कुरेशी, सैयद आरिफ हुसैन, सैयद रिंकू, दानिश अली, वासिफ कयुम, यासीन कुरेशी, खालिद शाह, सरवर खान, इमरान हुसैन, साउद आलम, मोहेमिन उर्फ बब्बन, सैयद वसीम, सैयद कासिम, रौनक आलम, आमिर खान, तौसीफ रजा, तौफीक अंसारी, इमरान आलम, समी अहमद, रेहान अख्तर समेत बड़ी तादाद में लोग मौजूद थे।

# मानसिक तनाव में लड़के ने किया आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**आर्थिक तंगी का कहर पुत्र खो कर चुकाना पड़ा परिवार शोक से गांव में छाया मातम**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** मानशिक तनाव के कारण 20 वर्षीय लड़का ने आत्महत्या कर लिया घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। स्थानीय पुलिस का संज्ञान में आते ही मृतक के घर पहुंच जांच में जुटी। घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही चटकपुर का है। बरही चटकपुर निवासी स्वर्गीय शंकर महतो का 20 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार ने आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या घटना को अंजाम दिया। वही जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि अपने ही खपरैल घर में बांस का बरेन्डी में स्टॉल से फंदा बना कर सुजीत ने आत्महत्या कर लिया। परिवर वालों ने बताया कि मंगलवार को ईख जूस बेच कर 4 बजे लगभग घर पहुंचा और मां एवं बहन के साथ अच्छे से बात चीत किया उसके बाद रात्रि करीब 8 बजे सभी ने भोजन कर अपने अपने कमरे में सोने चले गये। वही मृतक का बड़े भाई अजित महतो ने बताया कि हमलोग बेदाल में रह कर जीविकोपार्जन चलाते हैं। और मां और बहन के साथ छोटा भाई चटकपुर में रहता था। साथ ही कहा कि सुजीत दो चार दिन से काफी मानशिक तनाव में रह रहा था। और सोमवार रात को आत्महत्या घटना को अंजाम दे बैठा। साथ ही प्राप्त जानकारी के अनुसार आपदा के कहर से गरीब किसान का फसल काफी नुकसान हो गया था। जिसे कर्ज का बोझ बढ़ने के करण किसान सुजीत महतो मानशिक तनाव में रह रहा था। फसल का नुकसान होने के कारण घर का आर्थिक बोझ काफी बढ़ गया था। घटना की सूचना पर सेन्हा पुलिस मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज अग्रतर कारवाई में जुटी गई है। वहीं मृतक की मां तथा भाई बहन व अन्य परिवार के बीच शोक का लहर दौड़ पड़ा और गांव में मातम छाया हुआ है।

## चलते चलते एक नजर

### आज से मोहन सिनेमा हॉल की वर्षों बाद बजेगी घंटी : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि वर्षों बाद आज 16 अप्रैल से मोहन सिनेमा हॉल की एक बार फिर घंटी बजेगी। श्री शंकर ने बताया कि मुझे आज खुशी है कि जहां मेरे पिता ने मोहन सिनेमा हॉल का संचालन 1940 से प्रारंभ किया, वहीं उनकी दूसरी पीढ़ी मैं और मेरे भाई द्वारा 1989 में एक बार फिर नए एवं अत्याधुनिक सिनेमा हॉल बनाकर शहर के सिनेमा प्रेमियों को समर्पित किया। अब हम सबों की तीसरी पीढ़ी समय के बढ़ते रफ्तार एवं आधुनिकता के साथ बड़े शहरों की तर्ज पर दो मल्टीप्लेक्स स्क्रीन सिनेमा प्रेमियों को समर्पित की जा रही है। चेंबर अध्यक्ष ने बताया कि मोहन सिनेमा सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि उसकी पहली घंटी से कई छोटे-छोटे व्यवसाई चाय वाले, पान वाले और बादाम वाले अपने व्यवसाय में जुड़ जाते और रात को अंतिम घंटी के बाद अपने-अपने घर लौट जाते थे। श्री शंकर ने कहा कि मुझे खुशी है कि 16 को जहां मेरे मल्टीप्लेक्स हेरिटेज स्क्वायर की पहली घंटी बजेगी, वही कई मध्य एवं छोटे-छोटे व्यवसाईयों के ठेले खोमचे में भी भीड़ नजर आने लगेगी। आज से हम शहर वासी भी अपने रिश्तेदारों को कहा पाएंगे की आइए हमारे शहर में। हमारे यहां भी अत्याधुनिक मल्टीप्लेक्स है। श्री शंकर ने बताया कि इस मल्टीप्लेक्स को खुलवाने के पीछे प्रथम महापौर अरुणा शंकर का बहुत बड़ी चाहत थी। क्योंकि वह हमेशा बोलती थी कि जब भी मैं कहीं जाती हूं, महिलाएं एवं युवा हमेशा मुझसे मल्टीप्लेक्स की मांग करते हैं, जो सपना आज पूरा हो रहा है।

### रेडक्रॉस द्वारा रक्तदान शिविर गढ़वा में 16 को

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर एमपी गुप्ता, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सचिव डॉक्टर ज्वाला प्रसाद सिंह एवं एग्जीक्यूटिव सदस्य मनोज केसरी ने लोगों से आह्वान किया है की रेडक्रॉस सोसाइटी गढ़वा जिला के द्वारा द्वारा विशाल रक्तदान शिविर टाउन हॉल गढ़वा में 16 अप्रैल को पूर्वाह्न में आयोजित है। रक्तदान शिविर का उद्घाटन रेडक्रॉस के पदेन अध्यक्ष उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर करेंगे। रेडक्रॉस के सभी सदस्य, पदाधिकारी, पेट्रोन मेम्बर, अजीवन मेंबर एवं गढ़वा के सभी स्वयंसेवी संस्थाओं से आग्रह है कि रक्तदान शिविर में अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।



## इंडियन टैलेंट ओलंपियाड लिटिल चैंप में डीपीएस सुदना के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

# डीपीएस सुदना में मना सफलता का जश्न

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का हुआ भव्य आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** डीपीएस सुदना में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों और सामाजिक चेतना को एक साथ मंच प्रदान करते हुए एक भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ओलंपियाड स्तर-2, इंडियन टैलेंट ओलंपियाड लिटिल चैंप में छात्रों की शानदार सफलता का जश्न मनाया गया। साथ ही भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में दीप प्रज्वलन और डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके की गई। उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को स्मरण करते हुए दो मिनट का मौन रखा और उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएमसत्येंद्र तिवारी एवं विद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर विनय मेहता थे।सत्येंद्र तिवारी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए नन्हे मुन्ने ओलंपियाड चैंपियन बालकों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।विद्यालय की प्राचार्या डॉ श्वेता कुमारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, डॉ. अंबेडकर न केवल एक महान संविधान निर्माता थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक, शिक्षाविद और प्रेरणास्रोत भी थे। उनके विचार आज भी हमारे समाज को दिशा प्रदान करते हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा के बल पर कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान बना सकता है।

### ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

इंडियन टैलेंट ओलंपियाड ,ओलंपियाड लेवल 2 में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विज्ञान, गणित, अंग्रेज़ी, सामान्य ज्ञान और कंप्यूटर जैसे विषयों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।कुछ बच्चों ने कैश अवार्ड भी जीते और कुछ सीनियर बच्चों ने कैश वाउचर अवार्ड जीते। इन बच्चों की मेहनत और लगन ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बना।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी विशेष प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने अंबेडकर जी के जीवन पर आधारित लघु नाटिका, भाषण, कविता पाठ और समूह गीत प्रस्तुत किए। ÷शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो÷ इस मूलमंत्र पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया।

### क्वालिटी एजुकेशन डीपीएस सुदना की पहली शर्त : डॉ. श्वेता कुमारी

इंडियन टैलेंट ओलंपियाड लिटिल चैंप में डीपीएस के छात्रों की शानदार सफलता प्राचार्य डॉक्टर श्वेता कुमारी ने कहा कि स्कूल के प्रतिभावान शिक्षकों के मेहनत का प्रतिफल है कि यहां के बच्चे ओलंपियाड में टॉप कर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां के बच्चों को हर तरह की शिक्षा प्रदान की जाती है। यहां बच्चों को ऐसी शिक्षा दी जाती है कि बच्चे ओलंपियाड में टॉप करें। साथ ही इंटरनेशनल लेवल का एजुकेशन सिस्टम देने की हर संभव प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों पर भी पूरा ध्यान रखा जाता है।कहा कि विद्यालय में समय-समय पर इस तरह का आयोजन होते रहना बेहद लाभदायक है। उन्होंने कहा कि डीपीएस स्कूल की पहली शर्त क्वालिटी एजुकेशन है।

### डॉ. अंबेडकर को किया नमन

कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकता, समानता और शिक्षा के महत्व को समझते हुए डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल प्रेरणादायक रहा, बल्कि उनके भीतर छिपी प्रतिभा को मंच देने का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका मौजूद रहे। डेडीकेटेड सोसायटी के सीईओ एसकेएल दास भी इस भव्य कार्यक्रम मे मौजूद रहे।मंच का संचालन स्कूल के ओलिंपियाड इंचार्ज निशिकांत पांडे द्वारा किया गया।

### शिक्षा के साथ संस्कार देना हमारा उद्देश्य : ई. विनय मेहता

विद्यालय के निदेशक पलामू के आईआईटी गुरु इंजीनियर विनय मेहता ने सभी विजयी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा,हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं है,बल्कि बच्चों में संस्कार, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता का संचार करना भी है। इस विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चे छोटे क्लास से ही कॉम्पिटेटिव अप्रोच लेकर अपने जीवन में सारे परीक्षाओं एक ही अटेम्प्ट में पास कर सके ।इंडियन टैलेंट ओलंपियाड में हमारे बच्चों ने जो सफलता हासिल की है, वह हमारे शिक्षकों की कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का परिणाम है।

### डीपीएस सुदना का बढ़ रहा कारवां

डीपीएस सुदना ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि वह न केवल शैक्षणिक उपलब्धियों में अग्रणी है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी समान रूप से महत्व देता है। विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में टॉप कर सफलता का परचम लहरा रहे हैं। यह देन विद्यालय के प्रतिभावान शिक्षकों और प्राचार्य को जाता है।

## 1984 के सिख दंगों को दोहरा रही है ममता बनर्जी

**रोहतक :** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का मंगलवार को आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने शिरकत की। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ,प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल पूर्व मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल सहित तमाम नेता मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने वक्फ बोर्ड कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया है।उन्होंने कहा कि जिस तरह से 1984 में कांग्रेस पार्टी ने सिखों को मारा व उनके घर जलाए थे, उसी प्रकार ममता बनर्जी व टीएमसी के गुंडे पश्चिम बंगाल में यह आगजनी करवा रहे हैं। जोकि गलत है। साथ ही उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर कांग्रेस पार्टी राजनीति करने में जुटी हुई है। उन्होंने कभी भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सम्मान नहीं किया। उनकी जयंती पर कोई भी कांग्रेस नेता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के गांव नहीं पहुंचा और जिस तरह के आरोप प्रत्यारोप राहुल गांधी लग रहे हैं उसे साफ है कि राहुल गांधी झूठ की दुकान है।उन्होंने कहा कि संविधान की पुस्तक लेकर चलने से संविधान का सम्मान नहीं होता। संविधान की पालना करते हुए सरकार चलाना ही वास्तव में संविधान का सम्मान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का शटर डाउन हो चुका है और जहां तक बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सम्मान की बात है तो मौजूदा मोदी सरकार ने ही वास्तव में बाबा साहब का सम्मान किया है और उनके नाम से तो भारत सरकार में भीम एप भी शुरू की थी।

## कमलापुरी वैश्य समाज के भव्य महा सम्मेलन में समाज की मजबूती पर हुआ मंथन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा:** अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य समाज का प्रादेशिक महासम्मेलन हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर देशभर के विभिन्न राज्यों से समाज के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया और संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव श्रवण कमलापुरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम प्रसाद मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कमलापुरी वैश्य समाज को देश की विकासधारा में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए, ताकि समाज को एक मजबूत पहचान मिल सके। जिला अध्यक्ष मनीष कमलापुरी ने शिक्षा और राजनीति जैसे क्षेत्रों में समाज की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया और आर्थिक रूप से सक्षम लोगों से समाज के प्रति समर्पण भाव रखने की अपील की। कार्यक्रम में राजमणि कमलापुरी को मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष एवं जितेंद्र कमलापुरी को महामंत्री घोषित किया गया।सम्मेलन में काशी प्रसाद %हृदया% कमलापुरी, रमेश कमलापुरी, धीरज कमलापुरी, संरक्षक दिलीप कमलापुरी, मदन कमलापुरी, अशोक कमलापुरी, शैलेंद्र कमलापुरी, रुपेश कमलापुरी, बंशीधर नगर अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद, सचिव प्रमोद प्रसाद, कोषाध्यक्ष कमलेश कमलापुरी, गढ़वा उत्तरी अध्यक्ष संतोष कुमार कमलापुरी, सचिव अमित कुमार, गढ़वा इकाई अध्यक्ष अजीत कुमार, सचिव अविनाश कमलापुरी, मझिआंव अध्यक्ष अनिल कमलापुरी, मोरबे से रामकुमार कमलापुरी, खरसोता अध्यक्ष रामाशंकर कमलापुरी, तरके अध्यक्ष मनोज कमलापुरी, केतार से पंकज कुमार, पाचाडुमर से शिवशंकर प्रसाद, मुकेश कमलापुरी, नीतीश कमलापुरी, रोशन कमलापुरी, पप्पू कमलापुरी और शिवम कमलापुरी सहित बड़ी संख्या में कमलापुरी समाज के लोग उपस्थित थे।




## सलमान खान को धमकी देने वाला व्यक्ति मानसिक रोगी निकला

**मुंबई :** फिल्म अभिनेता सलमान खान की कार को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला व्यक्ति गुजरात का निवासी और मानसिक रोगी है। इसलिए पुलिस ने उसे नोटिस देकर पूछताछ के लिए मुंबई आने को कहा है।पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सलमान खान को मिली धमकी की फोन कॉल ट्रेस करने के बाद पता चला था कि यह कॉल गुजरात राज्य के वडोदरा के वाघोडिया तहसील में स्थित एक गांव से की गई थी। धमकी देने वाले व्यक्ति की पहचान 26 वर्षीय मयंक पांड्या के रूप में की गई है। इसके बाद मुंबई पुलिस की टीम सोमवार को तत्काल वाघोडिया पहुंची और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करना चाहा। उसी समय पुलिस को पता चला कि धमकी देने वाला व्यक्ति मानसिक रूप से बीमार है और उसका उपचार चल रहा है। इसलिए पुलिस ने उसे नोटिस देकर पूछताछ के लिए मुंबई आने को कहा है।

## उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के लिए सरकार प्रतिबद्ध : उप मुख्यमंत्री

एजेंसी

**भोपाल :** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंगलवार को मंत्रालय में ग्वालियर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण योजना की गहन समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में जल संसाधन मंत्री एवं ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उपस्थित रहे।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जय आरोग्य अस्पताल, ग्वालियर में सीटीवीएस (कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी) विभाग के आवश्यक पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव तैयार करने और अस्पताल भवन के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्यो को शीघ्रता एवं प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में ग्वालियर क्षेत्र के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के अधोसंरचना विकास, मैन पॉवर, उपकरण उपलब्धता की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर आवश्यक व्यवस्थाओं के उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार समस्त अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बाहर न जाना पड़े। इसके लिए आवश्यक अधोसंरचना विकास, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और चिकित्सकीय स्टॉफ की पर्याप्त नियुक्ति सुनिश्चित की जा रही है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत सांवेर विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थानों के उन्नयन के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी, तथा संचालक नीरज कुमार सिंह उपस्थित रहे।



## बांग्ला नववर्ष पर निकला रंगारंग शोभायात्राएं



एजेंसी

**कोलकाता :** बांग्ला नववर्ष पर जहां एक ओर उत्सव की धूम रही, वहीं दूसरी ओर राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी ने इस मौके को राजनीतिक संदेश देने का माध्यम भी बनाया। दोनों दलों ने कोलकाता में रंगारंग शोभायात्राएं निकालीं, लेकिन इन आयोजनों में मुर्शिदाबाद जिले में हाल में हुई हिंसा का राजनीतिक असर साफ नजर आया।दक्षिण कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की ओर से निकाली गई शोभायात्रा का नेतृत्व राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने किया। पारंपरिक बंगाली परिधानों में सजी बड़ी संख्या में महिलाएं भी इस रैली में शामिल हुईं। ढाक की थाप और 'बांग्लार माटी बांग्लार जल' के गीतों के बीच यह यात्रा रासबिहारी एवेन्यू से होकर गुजरी।भट्टाचार्य ने कहा कि बांग्ला नववर्ष के इस दिन हम यह संकल्प लें कि हम उन ताकतों को हराएंगे जो बंगाल की सदियों पुरानी हिंदू-मुस्लिम एकता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को तोड़ना चाहते हैं। यह रविंद्रनाथ ठाकुर और काजी नजरुल इस्लाम की धरती है, जो कभी भी विभाजनकारी राजनीति का समर्थन नहीं करेगी। उन्होंने सीधे नाम न लेते हुए भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि नफरत और समाज में विभाजन फैलाने वालों को बंगाल की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी।वहीं, कोलकाता के मध्य इलाके में भाजपा की शोभायात्रा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष, सांसद अग्निमित्रा पॉल और नेता समिक भट्टाचार्य शामिल हुए। घोष ने कहा कि आइए इस नववर्ष पर यह संकल्प लें कि हम तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली तृणमूल सरकार को सत्ता से हटाएंगे। मुर्शिदाबाद और राज्य के अन्य हिस्सों में इस्लामिक जिहादियों द्वारा की जा रही हिंसा पर यह सरकार आंखें मूंदे बैठी है और बंगाल को दूसरा बांग्लादेश बनने दे रही है।

## मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने की मांग

**नारनौल :** नारनौल के गांव कोरियावास में बन रहे मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद राव तुलाराम के नाम से रखने को लेकर मंगलवार को गांव कोरियावास में पंचायत का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गांव की सरपंच मोनिका ने की। इस मौके पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि गांव में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का नाम अमर शहीद राव तुलाराम के नाम से रखा जाए। ग्रामीणों ने इसको लेकर मेडिकल कॉलेज के बाहर प्रदर्शन भी किया। वहीं मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र भी लिखा।सरपंच मोनिका ने बताया कि मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए ग्राम पंचायत कोरियावास ने एक रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से जमीन दी गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मंशा है कि इस मेडिकल कॉलेज का नाम अमर शहीद राव तुलाराम के नाम से रखा जाए। ग्राम पंचायत कोरियावास ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम एक पत्र भी लिखा है।

## भाजपा ने सदैव जनता को धर्म और जाति के नाम पर किया है गुमराह : सैलजा

एजेंसी

**सिरसा :** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा ने सदैव जनता को धर्म, जाति के नाम पर गुमराह किया है और झूठे वायदे कर सत्ता हासिल की है। अब भाजपा सरकार जनता से किए गए वायदों से मुकर रही है। सांसद सैलजा मंगलवार को सिरसा में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहीं थी।

उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के नाम पर पहले से ही एचकेआरएन के तहत लगे युवाओं से नौकरी छीनी जा रही है, महंगाई सातवें आसमान है, बेरोजगारी के चलते प्रदेश में नशे का धंधा और अपराध बढ़ रहे हैं, विकास के नाम पर केवल घोषणाएं ही है, धरातल पर कुछ भी नहीं है। प्रदेश में बढ़ रहे नशे पर कहा कि छोटी मछलियों को पकडने से नशा खत्म नहीं होगा।



सरकार ने सामाजिक संस्थाओं को दी जाने वाली राशि पर भी जीएसटी लगा दिया है।सैलजा ने कहा कि भाजपा शुरू से ही लोगों को धर्म और जाति के नाम पर बांटती आ रही है, धर्म और जाति के नाम पर ही लोगों को गुमराह कर सत्ता तक पहुंची है, झूठे वायदों के सिवाय कुछ नहीं किया, जुमलेबाज सरकार अपना कोई भी वायदा और जनता से किया संकल्प पूरा नहीं कर पाई है। महिलाओं के खाते में 2100 रुपये प्रति माह डालने की बात कही थी, पर बजट में इसका कोई जिक्र तक नहीं है। इस घोषणा को भाजपा सरकार ने पानी पिला दिया है।रोजगार देने की बात करने और एचकेआरएन कर्मचारियों को नौकरी की सुरक्षा गारंटी देने वाली इस सरकार ने नौकरी देना तो दूर एचकेआरएन कर्मचारियों को नौकरी से निकालना शुरू कर दिया है। बेरोजगारी चरम पर है, बेरोजगारी के कारण ही नशा बढ़ रहा है, युवाओं की मौत हो रही है, घर के घर बर्बाद हो रहे है, अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। भाजपा सरकार ने जनता से जो भी वायदा किया है उसे पूरा करना चाहिए।